हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची ● मंगलवार ● 10.06.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 316 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### झारखंड और स्पेन के बीच व्यापार व निवेश को लेकर हुई हाई लेवल मीटिंग

## स्पेन के दूतावास के साथ व्यापार, निवेश नवाचार और संस्थागत सहयोग पर हुई बात

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सोमवार को झारखंड सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राज्य के उद्योग सचिव अरावा राज कमल ने स्पेन के दूतावास के मुख्य आर्थिक और वाणिज्यिक सलाहकार लूसिया पैटरनिना के साथ झारखंड भवन, नयी दिल्ली में एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में मुख्यमंत्री की हाल की स्पेन यात्रा के बाद की गई और रणनीतिक परिणामों को आपसी साझेदारी में बदलने पर विचार किया गया। बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, प्रदर्शनी अवसंरचना, खनन प्रौद्योगिकी और पर्यटन सहित सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया। झारखंड सरकार ने दीर्घकालिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक औपचारिक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने और स्पेन-झारखंड समन्वय प्रकोष्ठ की स्थापना का प्रस्ताव रखा।



आगामी शिखर सम्मेलनों और सम्मेलनों में स्पेन के साथ सह-ब्रांडिंग के अवसरों पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही इस वर्ष के अंत में रांची में स्पेनिश व्यापार और सांस्कृतिक प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तावित प्रतिनिधिमंडल यात्रा पर भी जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने क्षमता निर्माण, कौशल विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी निकायों के बीच सहयोग की संभावना पर भी विचार किया। बैठक का समापन संस्थागत ढांचे को तेजी से आगे बढ़ाने की साझा प्रतिबद्धता के साथ हुआ, जो स्पेन और झारखंड के बीच निवेश, नवाचार और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देगा।

बैठक में औद्योगिक निवेश, स्वच्छ ऊर्जा, प्रदर्शनी अवसंरचना, खनन तकनीक और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। झारखंड सरकार ने एक औपचारिक समझौता ज्ञापन (MoU) के जल्द निष्पादन और स्पेन-झारखंड समन्वय प्रकोष्ठ की स्थापना का प्रस्ताव रखा ताकि दीर्घकालिक सहयोग को संस्थागत रूप दिया जा सके। आगामी सम्मेलनों और व्यापारिक आयोजनों में स्पेन के साथ को-ब्रांडिंग की संभावनाओं पर विशेष जोर दिया गया। इसी क्रम में, वर्ष के अंत में स्पेन के व्यापारिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधिमंडल के रांची दौरे की योजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी निकायों के बीच क्षमता निर्माण, कौशल विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उपायों पर भी विचार किया गया। बैठक का समापन दोनों पक्षों की इस प्रतिबद्धता के साथ हुआ कि निवेश, नवाचार और जनता से जनता के जुड़ाव को संस्थागत समर्थन देने के लिए प्रक्रिया को तेज किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने की धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने भी सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक कल्पना सोरेन, महुआ माजी, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित अन्य कई नेता मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर हर साल की तरह इस वर्ष भी उनकी 125वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने आये हैं। उनकी पुण्यतिथि झारखंड के जनमानस के लिए बहुत मायने रखती है। उन्होंने कहा दुख इस बात की है कि भगवान बिरसा मुंडा आज हमारे बीच नहीं है। लेकिन गर्व इस बात का है कि जो उन्होंने योगदान दिया है, यहां के जल, जंगल, जमीन और आदिवासियों तथा मूलवासियों को संरक्षण देने में, उसके लिये उन्हें युगों-युगों तक याद रखा जायेगा।



मुख्यमंत्री ने सोमवार को रांची के बिरसा चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिरसा मुंडा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और आदर्श हमें हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहें। झारखण्ड के वीर शहीद अमर रहें। जय बिरसा - जय झारखंड।



PR- 354555 (IPRD) 25-26
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेता मनोज सहाय पिंकू ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर भगवान बिरसा मुंडा के जीवनी पर प्रकाश डाला। भारतीय जमींदारों और जागीरदारों और ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में आदिवासी समाज झुलस रहा था, तब बिरसा मुंडा ने अत्याचारियों के खिलाफ संघर्ष कर मुंडाओं आदिवासियों को उनके जंगल-जमीन वापस कराए। मुंडा जनजाति के एक निडर शख्सियत, बिरसा मुंडा ने बंगाल, बिहार और झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्रों में अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था। सन 1895 में बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की लागू की गई जमींदार प्रथा और राजस्व व्यवस्था के साथ जंगल- जमीन की लड़ाई छेड़ दी। उन्होंने सूदखोर महाजनों के खिलाफ भी जंग का ऐलान किया। बता दें कि, यह एक विद्रोह ही नहीं था बल्कि सम्मान और संस्कृति को बचाने की लड़ाई भी थी, कहते हैं कि, बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ हथियार इसलिए उठाया क्योंकि आदिवासियों का शोषण हो रहा था। एक तरफ अभाव व गरीबी थी तो दूसरी तरफ इंडियन फॉरेस्ट एक्ट 1882 जिसके कारण जंगल के दावेदार ही जंगल से बेदखल किए जा रहे थे। बिरसा मुंडा ने इसके लिए सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तौर पर विरोध शुरू किया और छापेमार लड़ाई की कम उम्र में ही बिरसा मुंडा की अंग्रेजों के खिलाफ जंग छिड़ गई थी, लेकिन एक लंबी लड़ाई 1897 से 1900 के बीच लड़ी गई, इसके बाद 3 फरवरी 1900 के चक्रधरपुर के जमकोपाई जंगल से अंग्रेजों ने बिरसा मुंडा को गिरफ्चार कर लिया, जिसके बाद 9 जून 1900 को 25 साल की उम्र में बिरसा मुंडा जी की रांची जेल में मौत हो गई।

## भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**कोडरमा** : भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर सोमवार को नगर पंचायत कोडरमा परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर उपायुक्त ऋतुराज द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुणेर्दु, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, तथा जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे। उपायुक्त ऋतुराज ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा, भगवान बिरसा मुंडा का मातृभूमि के प्रति प्रेम, समर्पण और बलिदान सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। उनके साहस, संघर्ष और अडिग संकल्प के कारण ही आज हम स्वतंत्र जीवन जी रहे हैं। उनकी पुण्यतिथि पर हम यह संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों और बताए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करेंगे। भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के महानायक और स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धाओं में से एक थे। उनकी स्मृति में आयोजित यह कार्यक्रम उनके अद्वितीय योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक प्रयास रहा।

## एक नजर

### कृषि विभाग के कार्यों की डीसी ने की समीक्षा

**रामगढ़** : कृषि विभाग की ओर से जिले में किया जा रहे कार्य को लेकर सोमवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बैठक में डीसी ने सर्वप्रथम जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की और उप परियोजना निदेशक कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) से कृषि विभाग की ओर से किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान डीसी को खरीफ मौसम के दौरान बीज वितरण कार्यों की जानकारी दी गई। जिस पर डीसी ने समय पर सभी किसानों को बीज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। सॉयल हेल्थ कार्ड की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा किसानों को सॉयल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। झारखंड मिलेट मिशन के तहत हो रहे है कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए किसानों को मोटा अनाज उगाने और इसके फायदों के प्रति विभिन्न माध्यमों से प्रेरित करने का निर्देश दिया।

### देव स्नान पूर्णिमा पर कैथा में 10 को होगा भव्य अनुष्ठान

**रामगढ़** : भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा से पहले रामगढ़ के कैथा जगन्नाथ मंदिर में देव स्नान की प्रक्रिया भी संपन्न कराई जाएगी। 10 जून को भगवान जगन्नाथ का देव स्नान अनुष्ठान पूर्णिमा तिथि पर किया जाएगा। जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, उनके ज्येष्ठ भ्राता बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा के लिए देवस्नान पूर्णिमा का पवित्र अनुष्ठान संपन्न होगा। यह विधि आगामी भव्य रथयात्रा से पूर्व का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पारंपरिक आयोजन है। इसके बाद भगवान 15 दिनों के लिए अज्ञातवास (अनवसर) में चले जाएंगे। मंदिर के मुख्य पुजारी डॉक्टर बीएन चटर्जी ने बताया कि देवस्नान पूर्णिमा एक पवित्र स्नान और अज्ञातवास का आरंभ देवस्नान पूर्णिमा वह शुभ दिन है जब भगवान को उनके गर्भगृह से बाहर लाकर स्नान मंडप पर विराजमान किया जाता है। कैथा मंदिर में भी पूरी की परंपरा का अनुसरण करते हुए, भगवान को विधिवत 108 घड़ों के सुगंधित और औषधीय जल से स्नान कराया जाएगा। उन्हें आगामी यात्रा के लिए तैयार करने का प्रतीक है। इस भव्य स्नान के बाद, यह मान्यता है कि अत्यधिक स्नान के कारण भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं। इस स्थिति को ज्वर (बुखार) या अस्वस्थता के रूप में देखा जाता है। भगवान को भक्तों के दर्शन से दूर, एकांतवास में रखा जाता है। इस 15 दिवसीय अवधि को अनवसर या अज्ञातवास कहा जाता है।

### योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ दें : उपायुक्त

**खूंटी** : समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित बैठक में श्रम, नियोजन, सामाजिक सुरक्षा और अन्य संबंधित विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, पारिवारिक हित लाभ, मईयां सम्मान योजना एवं अन्य योजनाओं की वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को इन योजनाओं से आच्छादित करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। श्रम विभाग की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने श्रमिकों को सेफ्टी किट, लेबर कार्ड एवं अन्य सरकारी लाभों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

# सड़क पर अतिक्रमण करने वालों पर चला नगर परिषद का डंडा, फल-टोकरी से लेकर टोटो तक जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**झुमरी तिलैया** : नगर परिषद द्वारा सोमवार को एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में नगर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा अभियान चलाया गया। यह अभियान झंडा चौक से होते हुए डॉक्टर गली और राजगढ़िया रोड ,पूर्णिमा टॉकीज तक चला, जिसमें सड़क किनारे फलों की टोकरी, सब्जी तुलने की वेट मशीन, व अवैध रूप से खड़े टोटो को जब्त किया गया। पूर्णिमा टॉकीज के सामने शराब पिलाने को सतेंद्र चंद्रवंशी को भी भेजा गया थाना,अभियान के दौरान 6 फल विक्रेताओं को थाने ले जाकर बॉन्ड भरवाया गया, जिसमें उनसे भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करने दोबारा स्टेशन रोड में ठेला ना लगने और ना ही गंदगी फैलाने को लेकर लिखित वचन लिया गया। इसके अलावा, नो पार्किंग में खड़े कई टोटो को जब्त कर थाना भेजा गया तथा पूर्णिमा टॉकीज के समीप ट्रांसफार्मर के नीचे लगे चाय स्टॉल को किसी अप्रिय घटना ना हो को देखते हुए हटाया गया। एसडीओ रिया सिंह ने कहा कि अतिक्रमण पर अब सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनहित में सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त कराना बेहद जरूरी है, ताकि आम नागरिकों को चलने में परेशानी न हो। वही नगर प्रबन्धक लेमांशु कुमार ने कहा कि नगर परिषद का यह अभियान नियमित रूप से चलता रहेगा और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। अभियान में रेवेन्यू निरीक्षक शम्भू कुमार रजक, अजित कुमार, अभिषेक कुमार मेहता, संतोष कुमार, मिल्टन टंडन, बिमल कुमार, दुलारचंद्र यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, मुकेश राणा, रौशन कुमार तथा नगर परिषद के गृह रक्षक एवं पैंथर के जवान उपस्थित रहे।

## मरकच्चो में जन वितरण प्रणाली डीलरो के साथ हुई बैठक

**मरकच्चो** : प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार मरकच्चो में आदेशानुसार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आच्छादित लाभुकों को माह जून में माह जून के अतिरिक्त माह जुलाई एवं अगस्त (दो माह) का अतिरिक्त अनाज आपूर्ति अग्रिम करने हेतु प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली डीलरो के साथ आज बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम राशन जून, जुलाई का वितरण दिनांक 01 जून से 15 तक 100 करना है। ग्रीन चावल अगस्त 2024 का वितरण दिनांक 01 जून 15 तक वितरण किया जाएगा। 16 जून 2025 से 30 जून 2025 तक वितरण राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अगस्त 2025 का और ग्रीन चावल जून 2025 का वितरण करने का निर्देश दिए।

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा** : बरकाकाना ओपी क्षेत्र अंतर्गत भुरकुंडा-रामगढ़ फोरलेन पर सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों पर हुई सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोग घायल हो गए। दोनों घटनाएं तेज रफ्तार और वाहन नियंत्रण खोने के कारण हुईं। पहली घटना बंजारी मंदिर के समीप हुई, जहां एक स्कूटी सवार के अचानक चकमा देने से रामगढ़ की ओर जा रही टाटा अल्ट्रोज कार (JH 24K 3994) अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दुर्घटना में कार चालक को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से चालक ने किसी तरह वाहन को पुनः सड़क पर लाकर रामगढ़ की ओर रवाना किया। दूसरी दुर्घटना घुटुवा क्षेत्र के दो नंबर गेट के पास हुई। यहां भुरकुंडा से छत्तर की ओर जा रही एक ब्रेजा कार (JH 24J 6292) अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में छत्तर निवासी बीरेंद्र महतो (45), उनकी पत्नी संगीता देवी (38) और पुत्री पल्लवी रानी (15) घायल हो गए। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को तत्काल सीसीएल अस्पताल भुरकुंडा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही बरकाकाना ओपी की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ब्रेजा कार को जब्त कर ओपी परिसर ले आई है। दोनों घटनाएं क्षेत्र में वाहन संचालन की लापरवाही और सड़क सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रही हैं।

# धरती आबा के गांव उलीहातू में विधायक, डीसी, एसपी ने दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 125वें शहादत दिवस के अवसर पर जिले के राजनेता, प्रशासनिक अधिकारी और अन्य लोगों ने सोमवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनकी संघर्ष गाथा का नमन किया। इस अवसर पर उनकी जन्मस्थली उलिहातू में तोरपा विधायक संदीप गुड़िया, उपायुक्त आर रॉनिटा, एसपी मनीष टोप्पो, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी सहित बिरसा के वंशजों, ग्रामीणों और अन्य राजनीतिक और सामाजिक कार्यकताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन के इस महानायक को श्रद्धांजलि अर्पित की। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद उपायुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा के वंशजों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही लाभुकों के बीच पेंशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र और ग्रीन राशन कार्ड का वितरण सांकेतिक रूप से किया। इस अवसर पर ओएनजीसी के सीएसआर मद से उलिहातू से किताहातू तक पौधरोपण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने स्वयं पौधा लगाकर इस अभियान की शुरूआत की और आमजनों से अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। दूसरी ओर जिला मुख्यालय के कचहरी परिसर स्थित बिरसा पार्क में स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूर्व मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि पीटर मुंडू, रविकांत मिश्रा सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के अन्य नेताओं ने भी श्रद्धांजलि दी। भगवान बिरसा मुंडा को आदर्श मानकर उनके नाम पर पंथ गठित कर उन्हें पूजने वाले बिरसाइत धर्मावलंबियों ने भी धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपने आदर्श को नमन करने जिला के विभिन्न क्षेत्रों और निकटवर्ती पश्चिम सिंहभूम जिला से बड़ी संख्या में बिरसाइत धर्मावलंबी महिला पुरुष कचहरी परिसर स्थित बिरसा पार्क में पहुंचे थे। यहां पर स्थापित बिरसा की प्रतिमा पर उनके अनुयायियों ने सर्वप्रथम आम पल्लव से जल का छिड़काव कर प्रतिमा का शुद्धीकरण किया। इसके बाद पारंपरिक विधि विधान से उनकी पूजा अर्चना की।

# 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की गतिविधियां जोश और उत्साह से भरी रही

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा के (बागी टॉड)प्रांगण में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार सेना मेडल के नेतृत्व में चल रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन की गतिविधियां जोश और उत्साह से भरी रही सुबह की शुरूआत वार्मअप, दौड़, व्यायाम स्ट्रेचिंग, मारचिग से की गई। कैंप के दौरान कमान अधिकारी विजय कुमार ने कैडेट्स की समर्पण भावना और अनुशासन की सराहना की भिन्न-भिन्न जिलों से आए 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में भाग लिया जिसमें ड्रिल हथियार प्रशिक्षण और मैप रीडिंग टेंट पिचिंग जैसी गतिविधियां शामिल है। 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के तहत ड्रिल और फायरिंग की कठिनतम अभ्यास कराया जा रहा है। वहीं विभिन्न कॉलेजों से आए हुए एनसीसी ऑफिसर द्वारा लीडरशिप क्वालिटी, हेल्थ एंड हाइजीन पर व्याख्यान दिया गया। फायर ब्रिगेड कोडरमा के अधिकारि बृज किशोर पासवान एवं उनके ग्रुप के द्वारा फायर फाइटिंग का वर्कशॉप चलाया गया जिसमें कैंडटो को आग पर कैसे काबू पाया जाए से संबंधित तकनीकी जानकारियां दी गई। कैंप में बाहर से आए एनसीसी कैडेटो को नायक सूबेदार घसीटा राम के नेतृत्व में तिलैया डैम का विजिट कराया जा रहा है। बटालियन के सूबेदार मेजर अरविंद कुमार के द्वारा कैंडटो के खान पान साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है । वहीं सदर अस्पताल के सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में बाहर से आए एनसीसी कैडेट को फर्स्ट एड और स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा रहा हैं । प्रशिक्षण शिविर में आए हुए विभिन्न कॉलेजों के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट संतोष कुमार राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा लेफ्टिनेंट पिंटू कुमार पांडे लेफ्टिनेंट दिव्या रानी थर्ड ऑफिसर अभय नारायण थर्ड ऑफिसर्स नवीन चौधरी ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार बलविंदर सिंह सूबेदार ए एन ठाकुर, सूबेदार चंद्रहास, सूबेदार चंपा मुरमुर नायक सूबेदार घसीटाराम( सेना मेडल) नायक सूबेदार रविंद्र हेंब्रम हवलदार फिल्मओन होरो जगन्ना टोपो हवलदार दिलेश्वर हवलदार रणथंओ उरांव हवलदार अजीत सिंह हवलदार विकास कुमार प्रधान सहायक राजेश शाह सहायक रणधीर कुमार सहायक सिद्धार्थ कुमार सहायक राम उचित कुमार सोहित कुमार सिंह उपर्युक्त सभी लोग संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में अपना अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### खनन विभाग ने की कारवाई, बालू माफियाओं में मचा हड़कंप



**रामगढ़** : रामगढ़ के पारे बस्ती गढ़बांध इन्टर कॉलेज परिसर में बड़ी मात्रा में बालू माफियाओं द्वारा दामोदर नदी से अवैध बालू स्टॉक कर क्षेत्र में मोटी रकम में प्रति ट्रैक्टर 3500-4000 रुपए की दर से बेची जा रही है। जिसकी सूचना 03 जून को रामगढ़ पत्रकारों के एक टीम गड़बांध में पूजा करने पहुंचे थे, और उसी दिन रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह और जिला खनन विभाग को दी गई थी। खनन विभाग और थाना प्रभारी पीके सिंह को सूचना दिए 6 दिन बीत जाने के बाद भी कोई भी कारवाई नहीं की गई, जिसकी सूचना पुन: रामगढ़ जिला उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज को दी गई, इसके बाद उपायुक्त ने संज्ञान में लेते हुए,खनन विभाग को सूचना देते हुए, तुरन्त कानूनी कार्रवाई करने एवं अवैध बालू स्टॉक को खउइ लगाकर ट्रैक्टरों में बालू उठाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। अवैध बालू स्टॉक उठाने में पहुंचे खनन विभाग के इंस्पेक्टर राहुल कुमार, शामिल थे।

### भगवान बिरसा मुंडा के बलिदान दिवस पर विधायक ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



**रामगढ़** : भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी, आदिवासी संस्कृति एवं अस्मिता के रक्षक व उन्नायक, अद्भुत समाज सुधारक, महान क्रांतिकारी व जननायक भगवान बिरसा मुंडा जी के बलिदान दिवस पर आज बिरसा चौक, भुरकुंडा स्थित भगवान बिरसा मुंडा जी की अदमकद प्रतिमा पर बड़कागांव के लोकप्रिय विधायक रोशनलाल चौधरी जी के द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में मुखिया प्रदीप मांझी, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, योगेश दांगी, अमरेश सिंह, हरिरत्नम कुमार, कुश श्रीवास्तव, विश्वरंजन सिन्हा, अखिलेश टोप्पो, राकेश सिन्हा, भोला चंद्रवंशी, बबलु साव, अनिल दांगी, नरेश रजक इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### तलाकशुदा महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**कोडरमा** : कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत चित्रगुप्त नगर में सोमवार को अहले सुबह एक तलाकशुदा महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 26 वर्षीय आयुषी चावला पिता दिनेश सिंह के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद की रहने वाली थी। उसकी 2018 में झुमरीतिलैया में शादी हुई थी, जिसके करीब 5 वर्षों के बाद उसकी उस लड़के से तलाक हो गई। इसके पश्चात वो झुमरीतिलैया के ही हर्ष सोनकर नामक एक फल व्यापारी के साथ रहने लगी। इधर घटना को लेकर हर्ष ने बताया कि बीती रात वह आयुषी के साथ ही था। वह सोमवार को सुबह करीब छह बजे आयुषी के कमरे से अपने फल गद्दी चला गया। इसके थोड़ी देर के बाद ही उसे आयुषी का फोन आया कि वह फांसी लगा रही है। जिसके पश्चात वह अपने फल गद्दी से भागते-भागते आयुषी के पास पहुंचा। जब वो आयुषी के कमरे में पहुंचा तो देखा कि आयुषी पंखे से दुपट्टे के सहारे झूल रही थी। जब तक वह आयुषी को फंदे से उतारता, आयुषी की मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद उसने फोन के माध्यम से इसकी जानकारी आयुषी के परिजनों और तिलैया पुलिस को दी। जिसके पश्चात तिलैया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसके शिनाख्त में जुट गई। इधर मौके पर आयुषी के परिजन पहुंचे और इसे हत्या बताया। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी को हर्ष ने ही मार कर फंदे से टांग दिया है। परिजनों ने बताया कि आयुषी के तलाक हो जाने के बाद वह झुमरीतिलैया के अड्डी बांग्ला रोड स्थित वृद्धाश्रम में बतौर कॉर्डिनेटर काम करने लगी थी। जिसके बाद से वह काफी खुश रहने लगी। उसका एक छह साल का लड़का था जो मेरे ही साथ परसाबाद में रहता था। पिछले कुछ महीनों से जब हमने उससे दूसरी शादी करने की बात की तो वह तैयार हो गई। जिसके पश्चात हमने उसके लिए लड़के तलाशने शुरू कर दिए थे। आज सुबह अचानक हर्ष नाम के एक लड़के का मेरे मोबाइल पर फोन आया कि आयुषी ने फांसी लगा ली है। इधर पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है कि यह हत्या या आत्महत्या का मामला है।

### सड़क दुर्घटना में घायल बीएसएफ जवान की मौत



**पलामू** : पलामू जिले के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के मुंदरिया गांव निवासी बीएसएफ के जवान (34) प्रदीप कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सोमवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया और फिर उसे परिजनों को सौंप दिया गया। गांव में दाह संस्कार किया गया। प्रदीप छुट्टी पर घर आए थे और 31 मई को एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले थे। उनके दो बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि 31 मई की रात प्रदीप कुमार सिंह लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया था, परंतु परिजन घायल का इलाज पल्स हॉस्पिटल में करवा रहे थे, जहां इलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन प्रदीप कुमार सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए। बीएसएफ जवान की शव मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने की सूचना मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार सिंह, सुशीला टीयू, पुलिस जवान महेंद्र कुमार और विकास कुमार अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार बीएसएफ जवान प्रदीप कुमार सिंह मेघालय में ड्यूटी करते थे।

# राज्यपाल ने बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित







प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि के पर कोकर स्थित उनके समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के महान योगदान को नमन किया और कहा कि उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि धरती आबा का साहस, संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति दृढ़ संकल्पित होने की प्रेरणा देता है। इससे पहले राज्यपाल ने राजभवन में भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी सहित राजभवन के अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने भी भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने शहर के बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनको नमन किया। उल्लेखनीय है कि झारखंड में खूंटी के उलिहातू गांव में 15 नवंबर 1875 को जन्मे बिरसा मुंडा को धरती आबा के नाम से जाना जाता है। बिरसा मुंडा भारत के एक प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया और आदिवासियों को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया। इसीलिए उन्हें भगवान कहा जाता है। भगवान बिरसा मुंडा ने 19वीं सदी के अंत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन और सामाजिक अन्याय के खिलाफ ऐतिहासिक विद्रोह 'उलगुलान' का नेतृत्व किया। ब्रिटिश सरकार को आदिवासी क्षेत्रों में सुधारों के लिए मजबूर किया और उनसे प्रयासों ने छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट लागू करने में अहम भूमिका निभाई।

> खूंटी के उलिहातू गांव में 15 नवंबर 1875 को जन्मे बिरसा मुंडा को धरती आबा के नाम से जाना जाता है। बिरसा मुंडा भारत के एक प्रसिद्ध आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया और आदिवासियों को उनके अधिकारों के लिए जागरूक किया।

## झारखंडी अस्मिता का प्रतीक है भगवान बिरसा मुंडा का जीवन : सुदेश



**रांची :** धरती आबा बिरसा मुंडा की शहादत को 125 वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन उनके विचार अब भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उनके सपनों का झारखंड आज भी अधूरा है। यह बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सोमवार को कही। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा सिर्फ एक योद्धा नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता, स्वाभिमान और अधिकारों के प्रतीक हैं। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन को जितना पढ़ेंगे, जानेंगे उतना ही हम झारखंड को भीतर से समझ सकेंगे। झारखंड को सिर्फ बाहर से देखने से उसकी आत्मा का बोध नहीं होता। धरती आबा के सिद्धांतों में झारखंड की आत्मा बसती है। सुदेश महतो ने हाल ही में आदिवासी संगठनों की ओर से बुलाए गए झारखंड बंद पर कहा कि यह बंद आदिवासी असंतोष और संघर्ष की चेतावनी है। हेमंत सरकार जिन वोटों से सत्ता में आई, आज वही सरकार उनके अस्तित्व, संस्कृति और अधिकारों पर आघात कर रही है। यह धरती आबा के बलिदान का अपमान है। उन्होंने कांके के नगडी में किसानों की भूमि जबरन अधिग्रहण करने की घटनाओं की निंदा करते हुए कहा कि सरकार जनविरोधी और गांव विरोधी नीति अपना रही है। धरती आबा ने जिस जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया, आज उसी जमीन को उनके वंशजों से छीना जा रहा है।

# देवेन्द्र नाथ ने राज्यपाल को सौंपा स्थानीय नीति का प्रारूप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** धरती आबा बिरसा मुंडा की 125 वीं पुण्यतिथि पर समाधि स्थल कोकर में माल्यार्पण करने के बाद सोमवार को जेएलकेएम के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र नाथ महतो ने सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर स्थानीय नीति और नियोजन नीति का प्रारूप सौंपा। मौके पर राज्यपाल से देवेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि धरती आबा की जयंति के अवसर पर 15 नवंबर 2000 को अबुआ दिशुम अबुआ राज स्थापित करने के उद्देश्य से अलग झारखंड राज्य का गठन हुआ था। 25 वर्ष बीतने के बावजूद अबुआ राज्य का सपना अधूरा है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा के सपनों को साकार करना ज्या?दा जरूरी है। राज्य का सबसे ज्वलंत विषय स्थानीयता नीति और नियोजन नीति है। झारखंड का सबसे ज्वलंत विषय स्थानीयता नीति और नियोजन नीति तय नहीं हो पाया है। यही वजह है कि झारखंडियों की पहचान, अस्मिता और अधिकार नहीं मिल पा रहा है। मौके पर राज्यपाल से बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 की उपधारा - 85 में प्रदत शक्ति के अनुसार श्रम एवं नियोजन विभाग के गजट को बिहार की जगह झारखंड और पटना की जगह रांची संशोधन के साथ अंगीकृत करते हुए झारखंडियों का पहचान परिभाषित करने की मांग की गई। साथ ही डॉ रामदयाल मुंडा की रिपोर्ट अनुसार झारखंड के नौ जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को स्थानीय निति को आधार मानते हुए नियोजन नीति लागू करने की मांग की गई। राज्यपाल को स्थानीय नीति और नियोजन नीति के प्रारूप के साथ श्रम नियोजन विभाग बिहार सरकार के गजट और बिहार पुनर्गठन अधिनियम 2000 अधिनियम की छाया प्रति सौंपी गई। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि झारखंडियों के जनभावन का आदर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा से पारित 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक - 2022 को राष्ट्रपति भवन भेज दिया गया है। मौके पर अमित मंडल, संजय महतो, योगेश भारती, प्रेम नायक, रणधीर यादव, सिकंदर आलम, मनीष, रविन्द्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## अबुआ अधिकार मंच ने बिरसा मुंडा समाधि स्थल पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सोमवार को भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर अबुआ अधिकार मंच ने कोकर स्थित बिरसा मुंडा समाधि स्थल पहुँचकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके बलिदान को याद किया। भगवान बिरसा मुंडा ने जिस प्रकार से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासी चेतना का शंखनाद किया, वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमर रहेगा। वे न केवल एक जननायक थे, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक आजादी के भी प्रतीक बने। अबुआ अधिकार मंच के अध्यक्ष गौतम सिंह ने कहा, भगवान बिरसा मुंडा को जिस तरह से अपनों ने धोखा दिया, वह इतिहास की सबसे बड़ी पीड़ाओं में से एक है। लेकिन बिरसा मुंडा कभी टूटे नहीं, वे अंतिम सांस तक जल, जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ते रहे। आज के युवाओं को उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर जनहित की लड़ाई लड़नी चाहिए। अबुआ अधिकार



मंच ने इस अवसर पर संकल्प लिया कि संगठन राज्य के ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में भगवान बिरसा मुंडा के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए विशेष अभियान चलाएगा। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से गौतम सिंह वेदांत कौस्तव, शौविक चटर्जी अभिषेक शुक्ला, अभिषेक झा, विक्रम कुमार यादव, बिपिन कुमार यादव, विशाल कुमार यादव, दिवाकर प्रजापति, अमित तिर्की ईशा गुप्ता, अर्पणा, अपूर्व शुक्ला, प्रतीक्षा कुमारी, राहुल कुमार, पृथ्वी राज, अर्जुन, शेखर, अमित, दिवेश, प्रकीत चौधरी,के अलावा आदित्य, विक्रम, वशिष्ठ राज गुप्ता, अभिमन्यु यादव, राणा, विकाश यादव, आकाश टेटे, अंजना लिंडा, अंकित गारी, मनजीत, कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति ने सीएम से की तीर्थ स्थलों के संरक्षण की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति के 51 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मरांङ बुरू को संरक्षित करने, प्रबंधन, निगरानी नियंत्रण एवं अनुश्रवण के लिए ग्राम सभा को जिम्मेवारी देने से संबंधित महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया है कि राज्य सरकार उनकी मांगों पर विधिसम्मत यथोचित कार्रवाई करेगी। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मरांङ बुरू पीरटांड, गिरिडीह को युगों-युगों से हम संथाल समुदाय के लोग ईश्वर के रूप में पूजा करते आ



रहें हैं। छोटानगपुर काश्तकारी अधिनियम 1908, सर्वे भूमि अधिकार अभिलेख, कमीश्नरी कोर्ट, पटना हाई कोर्ट एवं प्रीवी कौन्सील कोर्ट से संथाल आदिवासियों को प्रथागत अधिकार प्राप्त है। अतः झारखंड सरकार से मांग है कि मरांङ बुरू को संथालों का धार्मिक तीर्थ स्थल घोषित किया जाए। प्रतिनिधिमंडल की ओर से झारखंड सरकार से यह भी मांग की गई है कि आदिवासियों के धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए आदिवासी धार्मिक स्थल संरक्षण अधिनियम बनाया जाए। मरांङ बुरू, लुगू बुरू, अतु-ग्राम, जाहेर थान (सरना), मांझी थान, मसना, हड़गडी सहित धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए यह अधिनियम आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि राज्य सरकार की ओर से उनकी मांगों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी। इस प्रतिनिधिमंडल में मरांङ बुरू बचाओ संघर्ष समिति के झारखंड, ओडिसा, बंगाल एवं छत्तीसगढ़ के सदस्य शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल की मुख्य मांगें4झारखंड सरकार की ओर से आदिवासी धार्मिक स्थलों की रक्षा के लिए विशेष अधिनियम बनाने की मांग। 4मरांङ बुरू को आदिवासियों के धार्मिक तीर्थ स्थल के रूप में संरक्षित करने की मांग। 4 मरांङ बुरू के संरक्षण, प्रबंधन, निगरानी नियंत्रण एवं अनुश्रवण की जिम्मेवारी ग्राम सभा को सौंपने की मांग।4मरांङ बुरू में जैन समुदाय द्वारा वन भूमि पर अवैध ढंग से किए गए निर्माण को अतिक्रमण से मुक्त करने की मांग। 4राजकीय महोत्सवः मरांङ बुरू युग जाहेर, वाहा-बोंगा पूजा महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित करने की मांग। क्यों नहीं पड़ी अधिक गर्मीः मौसम विभाग अनुसार, प्रदेश में गर्मी का असर पश्चिम क्षेत्र की ओर से आने वाली हवा की वजह से होता है, लेकिन इस बार बंगाल की खाड़ी से आने वाली हवा सक्रिय रही, जिस वजह से प्रदेश में लगातार बारिश होती रही।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री से मिले तीन आईपीएस अधिकारी



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तीन आईपीएस अधिकारियों ने मुलाकात की। मुलाकात करने वाले अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक गुमला हारिश बिन जमां, पुलिस अधीक्षक चतरा सुमित कुमार अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक रांची (ग्रामीण) प्रवीण पुष्कर शामिल रहे। आईपीएस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से ये शिष्टाचार मुलाकात की।

### माकपा ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**रांची :** माकपा ने सोमवार को पूरे राज्य में उलगुलान के नायक और योद्धा भगवान बिरसा मुंडा के 125 वें बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पार्टी के नेताओं ने धरती आबा को याद करते हुए देश के प्राकृतिक संसाधनों, खनिज, जल - जंगल-जमीन की कार्पोरेट लूट के खिलाफ प्रतिरोध को और तेज किए जाने का संकल्प लिया। राजधानी रांची में कोकर स्थित बिरसा स्मृति स्थल पर पार्टी के राज्य सचिव, प्रकाश विप्लव, सचिवमंडल सदस्य सुखनाथ लोहरा, संजय पासवान, प्रफुल्ल लिंडा, प्रकाश टोप्पो, अमल आजाद, एसके राय, मनसा लोहरा, बेंजामिन कुजुर समेत कई पार्टी कार्यकर्ताओं ने बिरसा मुंडा के समाधि पर फुल चढाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### भारी बारिश की संभावना, कल से येलो अलर्ट जारी

**रांची :** झारखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर से बदला है। सोमवार की दोपहर राजधानी रांची में बारिश हुई। जिसे मौसम भी कूल-कूल हो गया। मौसम विभाग ने 11 जून के बाद से झारखंड के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश की संभावना जताई है। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 10 से 13 जून तक बारिश की संभावना : मौसम विभाग ने झारखंड के सभी हिस्सों में 10 से 13 जून तक बारिश की संभावना जताई है। राज्य के अलग-अलग हिस्सों में गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। इसके बाद मॉनसून की बारिश झारखंड में हो सकती है, जिससे तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। इस दौरान झारखंड के अलग-अलग हिस्सों का अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास हो सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 23-24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

### स्टंट करने वाले युवक को पुलिस ने सिरमटोली फ्लाईओवर पर कराया परेड

**रांची :** बाइक से स्टंट करने वाले युवक कासिम को पुलिस ने सोमवार को सिरमटोली फ्लाईओवर पर परेड कराया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने युवक को परेड कराकर ट्रैफिक नियम के बारे में जानकारी दी। इससे पहले शनिवार की रात स्टंट करने वाले युवक की पहचान पुलिस ने की थी। युवक की पहचान हंटर उर्फ राइडर उर्फ कासिफ के रूप में हुई है। वह सदर थाना क्षेत्र के खिजुरटोली का रहने वाला है। कासिफ जिस बाइक से वह स्टंट कर रहा था, पुलिस ने उसे उसके घर से बरामद कर लिया है। कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर स्टंट करने के मामले को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बरुआ ने सोशल मीडिया पर पोस्ट मैसेज को अटैच करते हुए रांची के ट्रैफिक एसपी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में गर्मी और उमस से लोगों का हाल बेहाल, तापमान 40 डिग्री के पार



**रांची :** राज्य में गर्मी और उमस से लोग का हाल बेहाल हैं। पलामू में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। राजधनी रांची में भी तापमान 35 डिग्री के पार पहुच गया है। मौसम विभाग ने 10 जून के बाद राज्य के अलग- अलग हिस्सों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार 10 से 13 जून तक गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30-40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। वहीं 14 जून को राज्य के अधिकांश स्थानों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश सरायकेला जिले के कुचाई में 28.2 मिमी रिकॉर्ड की गई। वहीं राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डालटेनगंज में 39.2 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 22.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। गर्मी और उमस से लोग व्याकुल रहे। रांची में अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री, जमशेदपुर में 37.8, डालटेनगंज में 40.1, बोकारो में 37.5 और चाईबासा में तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### ब्रिटिश हुकूमत की तरह लोगों पर जुल्म कर रही राज्य सरकार : बबलू




**रांची:** केंद्रीय सरना समिति,चडरी सरना समिति, ऐदलहातू सरना समिति, सरना टोली हातमा सरना समिति ने भगवान बिरसा मुंडा के 125 वीं शहादत दिवस के अवसर पर कोकर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने देश की आजादी के लिए, आदिवासी समाज के लिए, अपनी मिट्टी के लिए अपनी जमीन, अपनी भाषा और अपनी संस्कृति को बचाने के लिए जो किया वह अकल्पनीय है। लेकिन वर्तमान सरकार ने लगातार आदिवासी समाज के साथ अंग्रेजो के बाद तथाकथित अबुआ सरकार आदिवासियों के साथ जुल्म कर रही है। इस तथाकथित अबुआ सरकार में आदिवासियों की धार्मिक सामाजिक जमीन की लूट जोरों पर है, लगातार आदिवासी बेटी बहनों के साथ बलात्कार की घटनाएं घट रही हैं। साथ ही आदिवासी समाज का धर्मांतरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की रक्षा के लिए कानून नहीं बनाना, साथ ही सिरमटोली फ्लाईओवर रैम्प के उद्घाटन के नाम पर आदिवासी समाज को सरना स्थल में पूजा करने से रोकना, भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस के दिन समाधि स्थल से आदिवासी समाज को हिरासत में लेना हेमंत सोरेन सरकार के ब्रिटिश हुकूमत की तरह रवैये को दशार्ता है। केन्द्रीय सरना समिति ऐसी गिरफ्तारी की निंदा करती हैं। मौके पर महादेव टोप्पो, सुरेन्द्र लिंडा, सबलू मुंडा,चिकू लिंडा,मुकेश मुंडा, आशीष मुंडा, विशाल मुंडा, मनीष मुंडा सहित अन्य उपस्थित थे।

### पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव और उनके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में लिया



**रांची :** भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर कोकर स्थित समाधि स्थल में माल्यार्पण करने पहुंचीं प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री गीता श्री उरांव और उनके समर्थकों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई 30 मार्च को फ्लाईओवर रैंप हटाने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के सिलसिले में की गयी है, जिसमें आदिवासी समाज की ओर से बैरिकेडिंग तोड़कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था।गीताश्री उरांव के अलावा हेरेंज टोप्पो, कुंदरसी मुंडा, फुलचंद तिर्की, संगीता कच्छप, हर्षिता मुंडा, सन्नी हेमरोम, विजय उरांव, बाहा लिंडा, उर्मिला कच्छप, संदीप तिर्की, कलिका गाड़ी, सिमी मुंडा सहित 15 से 20 कार्यकताओं को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस संबंध में सिटी डीएसपी केवी रमण ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से उन्हें प्रीवेंटिव डिटेंशन किया गया था, फिर उन्हें छोड़ दिया गया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सरना स्थल के सामने से फ्लाईओवर का रैंप हटाने की मांग को लेकर आदिवासी समाज आंदोलनरत है। 30 मार्च को प्रशासन ने सरना स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर रखा था और मुख्य सड़क पर कई जगह बैरिकेडिंग की थी। इससे समाज के लोग आक्रोशित हो गये थे और बैरिकेडिंग तोड़कर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे थे। इस मामले में चुटिया थाना में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव सहित 21 लोगों के खिलाफ नामजद और 150 से अधिक अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

### विधानसभा और हाई कोर्ट परिसर में लगे अंबेडकर की प्रतिमा : किशोर



**रांची:** प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से 11 जून को रांची के गीतांजलि बैंक्वेट हॉल, मोरहाबादी में अनुसूचित जाति विभाग की बैठक आहूत की गई है। बैठक के संबंध में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के राजू, सह प्रभारी डॉ सिरिवेल्ला प्रसाद, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत पार्टी के अन्य नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह विमर्श दलितों के जीवन, अनुभवों और संघर्षों को समझने और व्यक्त करने का प्रयास है। यह विमर्श दलितों की आवाज सून उन्हें सशक्त बनाने का कार्य करेगा और यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है जिसे कांग्रेस पार्टी ने काफी संजीदगी के साथ लिया और इस पर अमल करना भी शुरू किया। मंत्री ने कहा कि बैठक के माध्यम से अनुसूचित जाति समुदाय के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्थितियों की हम समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के बाद से अधिकांश समय इस राज्य में भाजपा शासन रहा है और इस समुदाय को भाजपा सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने नये विधानसभा और हाईकोर्ट परिसर में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। इसके साथ ही अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए जल्द छात्रावास का निर्माण करने, ताकि राज्य के अलग-अलग जिलों में रहने वाले अनुसूचित जाति के युवक और युवतियों को रांची में रहकर पढ़ने की सुविधा मिले।

## एक नजर

### स्टील सिटी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, सख्ती के साथ हटाए गए अवैध ढांचे



**बोकारो** : बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-9 स्थित बी रोड क्षेत्र में सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बीएसएल प्रशासन द्वारा चलाए गए इस अभियान में सड़क पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने वाले दुकानों को हटाया गया तथा संबंधित लोगों को सख्त चेतावनी दी गई।

अभियान के दौरान बीएसएल के अतिक्रमण हटाओ दस्ते का नेतृत्व कर रहे अधिकारी कर्नल शेखावत ने कहा कि कुछ लोग बोकारो स्टील प्लांट की जमीन पर लगातार अतिक्रमण कर रहे हैं, जिससे सड़क तक संकरी हो गई है और आवागमन बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि कई दुकानदार सड़क किनारे ज्वलनशील पदार्थ भी रख रहे हैं, जिससे आगजनी जैसी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं। हाल ही में ऐसी ही लापरवाही के कारण चार से पांच दुकानें जलकर खाक हो गई थीं।

कर्नल शेखावत ने स्पष्ट किया कि बीएसएल भूमि पर अतिक्रमण को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सड़क के किनारे 20 फीट की दूरी तक अतिक्रमण न करें और किसी प्रकार का खतरनाक सामान सार्वजनिक स्थानों पर न रखें। वहीं, फुटपाथ दुकानदार संघ के प्रतिनिधियों ने भी दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी को निर्धारित दूरी का पालन करना चाहिए ताकि सुरक्षा और स्वच्छता बनी रहे। बताया गया कि अतिक्रमण हटाने से पहले माइक से घोषणा कर लोगों को सूचित किया गया था। अभियान के दौरान सड़क पर गंदगी फैलाने वालों को भी चेतावनी दी गई।

### झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन ने घोषित किया परीक्षा परिणाम 6 रेफरी सफल

**बोकारो** : फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से रांची में आयोजित राज्यस्तरीय फुटबॉल रेफरी की प्रेक्टिकल व लिखित परीक्षा में जिले के कुल 12 रेफरी शामिल हुए थे। जिसमें से प्रैक्टिकल परीक्षा के बाद व लिखित परीक्षा देने के बाद जिले के कुल 6 रेफरी को सफल घोषित किया गया है। यह जानकारी देते हुए झारखंड फुटबॉल एसोसएिशन के हेड ऑफ रेफरी नवीन सुंडी ने बताया कि जिले के कुल 7 रेफरी सफल घोषित किए गए हैं। इन सफल फुटबॉल रेफरी का अब मैच के दौरान प्रैक्टिकल परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस कारण ये सभी फुटबॉल रेफरी जिला फुटबॉल लीग मैच या सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता में मैच का संचालन कर प्रैक्टिकल परीक्षा में शामिल होंगे। इसको लेकर बोकारो जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सिचव महेन्द्र प्रसाद ने सभी सफल फुटबॉल रेफरी को जानकारी देते हुए सुब्रतो का फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल होने का निर्देश दिया है। जिले के सफल फुटबॉल रेफरी में नए रेफरी में पुष्पा मुंडा, रामू सोरेन, सोमा मुंडा को सफल घोषित किया गया है। जबकि लेवल 8 में सफल फुटबॉल रेफरी में गायत्री महतो, रवि कुमार व योगेंद्र कुमार महतो शामिल हैं। जबकि लेवल 7 में एकमात्र फुटबॉल रेफरी विश्वनाथ महतो को सफल घोषित किया गया है।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए धरती आबा बिरसा मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : भगवान बिरसा मुंडा समिति द्वारा बिरसा चौक पर सोमवार को धरती आबा बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान आदिवासी रीति-रिवाज से पूजा अर्चना की एवं सभी सदस्यों ने उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष योगो पूर्ती ने किया जबकि संचालन संजय गहराई व राम दयाल सिंह ने। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा स्वतंत्रता आंदोलन को तेज धार देने के साथ-साथ आदिवासी समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव संघर्षरत रहे। देश के लिए उनका योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। कहा कि आज का दिन झारखंड के इतिहास में जल, जमीन और जंगल पर अपने परंपरागत अधिकार को कायम रखने के लिए शहादती संघर्ष की याद दिलाता है। आगे कहा कि अबुआः दिशोम रे अबुआः राज का नारा देकर भारत वर्ष के छोटा नागपुर क्षेत्र के आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों की हुकुमत के सामने कभी घुटने नहीं टेके, सर नहीं झुकाया बल्कि जल, जंगल और जमीन के हक के लिए अंग्रेजी के खिलाफ 'उलगुलान' अर्थात क्रांति का आह्वान किया। झारखंड के शहीदों के हूल और उलगुलान से छोटनागपुर में सीएनटी एक्ट 1908, संताल परगना में एसपीटी एक्ट 1949 और कोल्हान में विलकिंस रूल 1837 मिला। हूल और उलगुलान की परिभाषा अब बदल दी जा रही है। बिरसा के सपनों को साकार करने के लिए हमें एक जुट हो फिर एक बार हूलगुलान करने की जरूरत है। मौके पर संजू समानता, अधिवक्ता रंजित गिरी, मनोज हेंब्रम, रूपलाल मांझी, हालदार महतो, देवला टुडू, चंद्रकांत पुर्ती, भोला मुंडा, आकाश समद, संजय कुमार, झरीलाल पात्रा, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## जेएलकेएम के नेताओं ने किया धरती आबा को उनकी जयंती पर नमन



**बोकारो** : धरती आबा भगवान बिरसा की 125वीं जयंती पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेताओं ने बोकारो के नया मोड़ मे भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर बोलते हुए वक्ताओं ने अलग झारखंड राज्य के लिए उनके संघर्षों को याद किया और कहा कि अलग झारखंड राज्य बनने के 25 साल के बाद भी उनके सपने अधूरे हैं। झारखंड के आदिवासियों के शोषण के खिलाफ आज की मौजूदा सरकार भी लाचार है, गठबंधन की राजनीति ने मौजूदा हेमंत सरकार को पंगु बना दिया है नीति विहीन झारखंड आदिवासियों और मूलवासियों की हितों की रक्षा नहीं कर पा रही है। हेमंत सरकार स्थानीय, नियोजन, विस्थापन और पलायन रोकने के लिए नीतियां नहीं बना रही है लेकिन शराब नीति तैयार है। इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता विजय कुमार सिंह, बोकारो जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेखा महतो, प्रदेश महामंत्री शमसुद्दीन अंसारी ,केंद्रीय सलाहकार डॉ जयदेव महतो, केंद्रीय समिति सदस्य बलराम झा,पंचायत समिति सदस्य सह केंद्रीय संयोजक विराट गोस्वामी,प्रखंड उपाध्यक्ष रामू महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष धीरन महतो, शशिकांत गोस्वामी, भगीरथ गोराई, के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रतिदिन अंचल अधिकारी सुनेंगे आम लोगों की समस्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : अंचलों में जमीन का म्यूटेशन नहीं होने, जमीन की मापी में परेशानी, जमीन का पारिवारिक बंटवारा एवं अन्य विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित मामलों की शिकायत एवं समाधान की अपेक्षा में आम लोगों को रोजाना अंचल कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता हैं तथा सही समय पर अंचल अधिकारी से मुलाकात नहीं होने पर आमजनों को परेशानी होती है।

इसी को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा ने सोमवार को सभी अंचल अधिकारियों को निदेश दिया है कि प्रत्येक मंगलवार के अतिरिक्त कार्यालय दिवस पर प्रतिदिन अपराह्न 01:00 से 02:00 बजे तक आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनेंगे और उनका समाधान करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, इसकी जानकारी से संबंधित आम सूचना अंचल अधिकारी अपने कक्ष के सामने, सूचना पट्ट पर तथा परिसर में होर्डिंग द्वारा प्रदर्शित करेंगे एवं व्यापक प्रचार प्रसार कराएंगे। वहीं, भूमि सुधार उप समाहर्ता अपने अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी अंचलों का सत्तत पर्यवेक्षण करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक अंचलाधिकारी द्वारा लोगों की समस्या सुनी जा रही है एवं उनका समाधान किया जा रहा है।

## आगामी योग दिवस के लिए माराफारी स्कूल में योग प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : मंगलवार को पीएम श्री मध्य विद्यालय माराफारी बाँसगोड़ा के प्रांगण में आगामी योग दिवस के मद्देनजर संकुल स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक सह मध्य विद्यालय माराफारी के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा ने संकुल के विभिन्न स्कूलों के योग नोडल शिक्षकों को सूर्य नमस्कार व अन्य आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस अवसर पर श्री झा ने कहा कि आगामी 11 मई को सुबह 7:15 से 8 तंक झारखंड सरकार के सभी विद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया जाएगा। 12 मई को योग क्लब का गठन किया जाएगा। 19 और 20 मई को विद्यालय स्तर पर योग आधारित कई गतिविधियों का आयोजन किया जाना है। योग दिवस 21 मई तक झारखंड सरकार के स्कूलों में बिल्कुल योगमय वातावरण का निर्माण करना है। योग प्रशिक्षण में शिक्षक कमलेश कुमार अग्रवाल, फखरुद्दीन अंसारी, राजेन्द्र गोराई, अंजली पंडित, मानसिंह मांझी, साजिद अली, रानी, किरण कुमारी मुर्मू, शिल्पी सपना केरकेट्टा, ज्योति कुमारी,बतेज नारायण, संगीता देवी, अनिता देवी, अब्दुल कलाम, असगर अंसारी, सारिका कुमारी आदि ने भाग लिया।


## 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का समापन, 60 बच्चों ने लिया हिस्सा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेक्टर-9 क्लब परिसर में आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को हुआ। बोकारो जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित इस निःशुल्क शिविर में 50 से 60 बच्चों ने भाग लिया। हर दिन सुबह 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित यह शिविर पूरी तरह समाज सेवा के उद्देश्य से संचालित किया गया, जिसमें शामिल अधिकतर बच्चे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से थे। संघ के सचिव मनोज शर्मा ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को खेल के प्रति जागरूक करना और उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहयोग करना था। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से समाज कल्याण के एक बड़े कार्य को पूरा किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस पार्टी की बोकारो जिला सचिव एवं राष्ट्रीय पत्रकार डॉ. संघमिता सिंह उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। समारोह में समाजसेवी बीना देवी, माया पांडे, कुलजीत सिंह, डॉ. विनय योग, चंद्रशेखर सिंह, ओमप्रकाश, सुधा गुप्ता, मीरा सिंह, राजीव सिंह, संघ के अध्यक्ष कृष्ण मालाकार समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर चास नगर निगम ने चलाया अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : मानसून में नगर निगम चास क्षेत्र में जल जमाव की समस्या नहीं हो इसको लेकर प्रशासन सतर्क है। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर नगर निगम चास द्वारा सोमवार को सिंगारी जोरिया की निगम के सफाई कर्मियों की टीम द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। उधर, शहर के विभिन्न नालों की साफ-सफाई का काम तेजी से समाप्त करने के लिए नगर निगम चास की ओर से कार्य जारी है। बारिश में शहरवासियों को होने वाली समस्याओं के निजात के लिए शहर के विभिन्न बड़े नालों/जोरिया से जमे गाद/गंदगी को निकाला जा रहा है। ताकि विभिन्न वार्डों में जल जमाव ना हो और बारिश के पानी की निकासी सुगमता के साथ हो सके। स्वयं अपर नगर आयुक्त चास पूरे मामले की निगरानी स्वयं कर रहे हैं। सफाई कार्य को मजदूरों के अलावा जेसीबी, ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों के माध्यम से पूर्ण करने का काम किया जा रहा है।

# आजसू का अनिश्चितकालीन धरना, मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर लड़ाई जारी रहेगी : सांसद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : बीसीसीएल के ब्लॉक 2 में आजसू पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना दिया गया। आजसू के प्रदर्शन में हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए और प्रबंधन के तानाशाही रवैया के खिलाफ नारा बुलंद किया। आजसू के धरना में गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए। जिनका आजसू नेताओं और कार्यकताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। धरना में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन की तानाशाही के कारण आज स्थानीय लोग भय के माहौल में जीवन बसर कर रहे हैं। बीसीसीएल के सीएसआर फंड का लाभ किसी को नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों के बच्चे शिक्षा स्वास्थ्य से दूर हो रहे हैं। बीसीसीएल प्रबंधन के मनमानी के कारण यहां के स्थानीय लोग बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य से वंचित हैं। चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा आउटसोर्सिंग कंपनी को कोयला खनन का अधिकार दिया जहां अंग्रेजों के समय से भी बत्तर स्थिति मजदूरों का है। एक महीना काम करने पर पंद्रह दिन का वेतन मिलता है। पीएफ कटौती का कोई खाता मजदूरों को नहीं मिला। छह सात हजार रुपए में मजदूरों से काम लिया जा रहा है। आउटसोर्सिंग में 75 फीसदी रोजगार स्थानीय लोगों को देना है। लेकिन तानाशाही रवैया अपनाकर प्रबंधन स्थानीय लोगों का हक मार रही है। वहीं सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी ने कहा कि आजसू स्थानीय बेरोजगारों, प्रभावितों के लिए आंदोलन कर रही है। आज कुछ ऐसी तागते सक्रिय है जो नहीं चाहती कि आजसू का यह आंदोलन हो। आंदोलन को विफल करने के लिए षडयंत्र किया गया। लेकिन आजसू पार्टी स्थानीय बेरोजगारों विस्थापितों के हक और अधिकार के लिए लड़ाई जारी रखेगी। आज लोग आउटसोर्सिंग कंपनी से रोजगार मांग रहे जो उनका अधिकार है। शिक्षा स्वास्थ्य पानी बिजली मिलना इनका हक है। लेकिन प्रबंधन कुछ लोगों से मिलकर लोगों का हक और अधिकार छीनने का काम कर रही है जिसे आजसू पार्टी कभी सफल नहीं होने देगा और हमारा आंदोलन हक मिलने तक जारी रहेगा। आजसू के अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन से आउटसोर्सिंग का काम बंद। अपने विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी का सोमवार से ब्लॉक 2 में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया गया। आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक 2 में संचालित संजय उद्योग आउटसोर्सिंग कंपनी का काम बंद करा दिया। आजसू पार्टी के धरना प्रदर्शन को लेकर प्रशासन काफी चुस्त दिखी। सुरक्षा को लेकर व्यापक व्यवस्था की गई थी। धरना स्थल से लेकर आउटसोर्सिंग कंपनी तक सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात थी। जिसमें कई थानों के पुलिस बल की तैनाती की गई थी। अनिश्चितकालीन धरना में ब्लॉक 2 के महा प्रबंधक जीसी साहा धरना स्थल पहुंचे और धरना दे रहे सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और उनके सैकड़ो समर्थकों के बीच वार्ता किए। वार्ता में प्रबंधक की ओर से 15 दिनों का समय माँगा गया हैं। 15 दिनों के अंदर सभी मांगों को पूरा किया जाए। जिसके बाद महाप्रबंधक के सकारात्मक आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन धरना समाप्त किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### सिजुआ महाप्रबंधक से मिले अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष : मो जलाल



**धनबाद** : सिजुआ क्षेत्र के महाप्रबंधक निर्झर चक्रबर्ती से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मो जलाल मिलकर बुके देकर स्वागत करने के बाद परियोजना विस्तार के लिये 22/12 के मुद्दों पर चर्चा की,साथ ही जल्द से जल्द अन्य मामले का समाधान का आश्वासन दिया। मौके पर मो॰ अजीज अंसारी, मो॰ इस्तखार अंसारी, मो॰ नोशाद, गुड्डू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### झामाडा के पानी के लिए क्षेत्र में मचा है हाहाकार



**धनबाद** : कतरास कोयलांचल वासियों के लिए तोपचांची डैम का पानी ही जीने का आधार है। पीने का पानी के लिए क्षेत्र में हाहाकार मचा हुआ है। परन्तु झामाडा के कोई औथेंटिक अधिकारी कार्य कराने में मौजूद नहीं है। बताते चलें कि तेतुलमारी स्थित गया रेलवे पुल के पास रेलवे लाइन चौड़ीकरण के दौरान झामाडा पाइपलाइन क्षतिग्रस्त पिछले दिनों हो गई थी। आज चौथे दिन बीत जाने के बाद भी झामाडा अधिकारियों के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पानी सप्लाई के लिए पाइप तो जरूर उपलब्ध करा दी गई है मजदूर भी अपने स्तर से पूरे प्रयास के साथ पाइप जोड़ने का कार्य में जुटे हुए हैं। कार्यस्थल पर झामाडा अधिकारियों का मौजूद नहीं होना और उचित मशीनरी संसाधन उपलब्ध नहीं करना कहीं ना कहीं इन अधिकारियों की शिथिलता उजागर होती है। यदि पाइप जोड्ने की गति इसी रफ्तार में रहा तो कतरास कोयलांचल में पानी के लिए हाहाकार मच जाएगा। अब देखना यह होगा की झामाडा के अधिकारी कतरास कोयलांचल वासियों के प्यास बुझाने के लिए अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं या यूं ही खाना पूर्ति होती रहेगी।

### सुगम्य निर्वाचन पर जिला निगरानी समिति की हुई बैठक



**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमिटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया में सुगमता से जोड़ने, उनके लिए सभी मतदान केंद्रों में रैंप, व्हीलचेयर सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक से अधिक डिस्ट्रिक्ट आइकन का चयन करने, कौन दिव्यांग मतदाता बूथ तक आ सकते हैं या नहीं, की मेपिंग करने, दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रत्येक गुरुवार को सदर अस्पताल में कैंप लगाने का निर्देश दिया। साथ ही विशेष कैंप लगाकर मिशन ऑफ चैरिटीज में रहने वालों का आधार कार्ड बनाने एवं आधार कार्ड बन जाने के बाद उसका सत्यापन कर वोटर कार्ड बनाने का निर्देश दिया।

### बिरसा मुंडा के समाधिस्थल से नेताओं को जबरन गिरफ्तार करना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है : नायक

रांची : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने अपनी प्रतिक्रिया मे कहा कि सिरमटोली बचाओ मोर्चा और आदिवासी बचाओ मोर्चा के नेताओं की गिरफ्तारी और हेमंत सरकार की दमनकारी नीतियों की मंच कटु निंदा करता है। श्री नायक ने आगे कहा कि सिरमटोली बचाओ मोर्चा और आदिवासी बचाओ मोर्चा के नेताओं के साथ भगवान बिरसा मुंडा के पवित्र समाधिस्थल पर झारखंड पुलिस द्वारा की गई धक्का-मुक्की और गिरफ्तारी की घटना न केवल आदिवासी समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं पर प्रहार है। भगवान बिरसा मुंडा के समाधिस्थल नेताओं को जबरन बस में बैठाकर नामकुम थाना ले जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। यह दमनकारी कार्रवाई आदिवासी समाज के स्वाभिमान और उनके हक-अधिकारों पर सीधा हमला है। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष ने हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा, ह्लहेमंत सरकार, जो स्वयं को आदिवासी हितैषी होने का दावा करती है, बार-बार आदिवासी समाज की भावनाओं को कुचल रही है। ।हम झारखंड की जनता और सभी सामाजिक संगठनों से अपील करते हैं कि वे इस अन्याय के खिलाफ हमारा साथ दें।

### ट्रेन में छूटी ट्रॉली बैग को ऑपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने सुरक्षित लौटाया



**बोकारो** : मंगलवार को भुवनेश्वर से धनबाद जाने वाली ट्रेन संख्या 02832 (बीबीएस-डीएचएन स्पेशल), कोच नंबर बी3/7 में एक यात्री ऋषव भारद्वाज की नीले रंग की ट्रॉली छूट गई थी। शिकायत रेलवे मदद पोर्टल पर दर्ज होते ही एएसआई परितोष कुमार झा, एलसी काजल कुमारी (मेरी सहेली) और सीपीडीएस स्टाफ ने ट्रेन के धनबाद पहुंचने पर बी3 कोच में बर्थ नंबर 7 और आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन शुरू की। पूछताछ में पता चला कि कोच अटेंडेंट बारीडिया नरसिंह पात्रा ने आरएनसी स्टेशन के बाद बर्थ 7 से छूटी ट्रॉली को बरामद कर अपने पास सुरक्षित रख लिया था। वीडियो कॉल पर शिकायतकर्ता से ट्रॉली की पुष्टि करवाई गई। इसके बाद आरपीएफ टीम ने उचित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के साथ ट्रॉली को अपने कब्जे में लेकर आरपीएफ बूथ पर सुरक्षित रख दिया। ट्रॉली बंद अवस्था में थी, जिसमें नाइकी एक्सक्लूसिव जूता, एनएफएल जर्सी, सफारी बैग और अन्य वस्तुएंथीं। कुल अनुमानित मूल्य लगभग ?40,000 था।

यात्री ऋषव भारद्वाज ने उचित पहचान और सत्यापन के बाद अपना सामान प्राप्त किया और आरपीएफ टीम की तत्परता व सेवा की सराहना की।

# भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल डैम परिसर में सोमवार स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और बिरसा मुंडा को याद किया। कार्यक्रम में चांडिल बांध विस्थापित मत्स्यजीवी स्वावलम्बी सहकारी समिति के अध्यक्ष नारायण गोप, सचिव श्यामल मार्डी, विस्थापित मुक्ति वाहनी के अंबिका यादव समेत पंचानन महतो, निर्मल महतो, ईश्वर गोप, पिंटू दत्ता, श्रवण सिंह मुंडा, किरणबीर, देवेन महतो, भागीरथ लायक, केशव सोरेन, परितोष महतो, सिदाम गोप, भोजन गोप, सनातन मार्डी, उपवन गोप, ठाकुर गोप, सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को याद किया गया। सभा में उपस्थित लोगों ने बिरसा मुंडा के आदिवासी आंदोलन और उनके बलिदान की चर्चा की।

## सरिया में मनाया गया भगवान बिरसा मुंडा का 125वां शहादत दिवस



**सरिया :** सरिया में भाकपा माले ने शहीद कॉमरेड महेंद्र सिंह स्मृति भवन में भगवान बिरसा मुंडा का 125वां शहादत दिवस मनाया। माले नेताओ ने उनकी प्रतिमा पर फूल अर्पित कर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। माले नेता विजय सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा का जीवन और शहादत भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासी समाज के साहस और उनके जल-जंगल-जमीन के लिए किए गए बलिदान का प्रतीक है। आदिवासी समाज के लोग आज भी उन्हें भगवान की तरह पूजा करते हैं। 25 साल की उम्र में ही उनकी रांची जेल में रहस्यमय मौत हो गई थी। मौके पर माले राज्य कमिटी सदस्य भोला मंडल, लक्ष्मण मंडल, महेंद्र मंडल, राम जी राणा, मंटू पांडेय, सिराज अंसारी, छोटे लाल दास, प्रमोद मंडल, राजु मंडल, राहुल राज मंडल, अमन पांडेय, कामेश्वर यादव,प्रयाग दास, लक्ष्मण राणा मुरली रविदास समेत कई माले नेता शामिल थे।

## पटमदा में आजसू पार्टी ने दी भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि



**पटमदा :** देश के महानायक धरती आबा भगवान विरसा मुंडा के शहादत दिवस पर आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने बेल्टांड स्थित वीर विरसा मुंडा की प्रतिमा पर आजसू और भाजपा कार्यकर्ताओं और आदिवासी सुरक्षा परिषद के कार्यकताओं के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भगवान विरसा मुंडा के पद चिन्ह पर चलकर समाज को आगे बढ़ाने के साथ अन्याय का विरोध करने का संकल्प लेते हैं। बाहरी शक्ति जल जंगल जमीन पर नजर डालती हैं तो उसका मुंहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। झारखंडी अस्मिता की रक्षा हमारा संकल्प। भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस कार्यक्रम में पटमदा प्रखंड कमिटी में रामकृष्ण महतो, अजित महतो, अनाथ बंधु कुंभकार खगेन महतो, किशोर सिंह, बंशी दास,केदार महतो, भाजपा नेता शरत सिंह सरदार, कृष्णपद सिंह, आदि उपस्थित थे। बोड़ाम प्रखंड कमिटी में मृत्युंजय सिंह ,निर्मल सिंह, छुटु लाल सिंह, बहादुर गोप, समर गोप, परमेश्वर महतो, मानिक महतो, काजल, गुणधर, सुनील सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर

### लूटपाट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के परसुडीह थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवक से लूटपाट की घटना को पुलिस ने महज दो घंटे में सुलझा लिया और दो आरोपितों को गिरफ्तार कर घटना में लूटा गया सामान बरामद कर लिया। रविवार देर रात परसुडीह प्रमथनगर निवासी अनुप कुमार मंडल से बदमाशों ने मारपीट कर पर्स, मोबाइल, नकद रुपये और बाइक की चाबी लूट ली थी। घटना के बाद पीड़ित ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों, बागबेड़ा नया बस्ती निवासी भरत सिंह और रोहित मछुआ उर्फ रोहित नायक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी, लूटा गया मोबाइल फोन, पर्स समेत सभी दस्तावेज, 1200 रुपये नकद और बाइक की चाबी बरामद की। सोमवार को डीएसपी (विधि-व्यवस्था) तौकीर आलम ने बताया कि रोहित मछुआ पर बागबेड़ा और सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में कई संगीन मामले दर्ज हैं, जबकि भरत सिंह पर आदित्यपुर में चोरी का मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मोहम्मद फैज अहमद, उपनिरीक्षक अरुण कुमार, बिरेन्द्र कुमार सिंह, रितेश कुमार, हिरालाल तुबैद, संदीप कुमार सिंह, संतोष कुमार विश्वकर्मा और मुरलीधर महतो शामिल थे।

### सर्पदंश से दो वर्षीय बच्ची की मौत

**दुमका :** जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुगार्पुर मुखिया टोला में सर्पदंश से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची का नाम सुरुजमुनी हांसदा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को बच्ची की अंतिम संस्कार किया गया। बच्ची के पिता प्रकाश हांसदा ने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य जमीन पर सोये हुए थे। सुबह करीब तीन बजे बच्ची रोने लगी। सभी सदस्य जाग गये। करैत सांप को बच्ची के पास से गुजरते हुए देखें। उसे पाकुड़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची की तबीयत ज्यादा बिगड़ते देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया वापस दुमका ले जाने के क्रम में बेटी सुरुजमुनी की मौत हो गई। मासूम के मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### आनंद मार्ग ने चलाया पौधारोपण अभियान

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम, (जमशेदपुर) धरती का तापमान कम करने के उद्देश्य से आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल और प्रीवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स (पीसीएपी) जमशेदपुर के सहयोग से आनंद मार्ग जागृति एवं छोटा गदरा देहात क्षेत्र में सोमवार को पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में 500 पौधे और 500 बीज बॉल ग्रामीणों एवं बच्चों के बीच वितरित किए गए। साथ ही बीज बॉल बनाने की विधि और हरियाली के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुनील आनंद ने बताया कि 1980 के बाद धरती का औसत तापमान लगभग एक डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। इसका मुख्य कारण कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन और जंगलों की अंधाधुंध कटाई है। ब्रिटिश मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आने वाले पांच साल पिछले दस वर्षों की तुलना में अधिक गर्म हो सकते हैं। इसका सीधा असर खेती और पैदावार पर पड़ेगा। भारत में प्लास्टिक और पॉलिथीन भी पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बना हुआ है। आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल जमशेदपुर की ओर से हर महीने लगभग 2000 पौधे वितरित कर इस दिशा में छोटा सा प्रयास किया जा रहा है ताकि धरती को हरियाली के माध्यम से ठंडक पहुंचाई जा सके।

## आउट सोर्सिंग कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर किया प्रदर्शन


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** बोरियो-प्रखण्ड मुख्यालय के मुख्य दरवाजे पर सोमवार को आउट सोर्सिंग कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर सरकार के रवैए का विरोध जताया। झारखंड राज्य आउट सोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर संघ द्वारा आउट सोर्सिंग कर्मचारियों के समस्याओं व मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का एलान किया गया है। इसी कड़ी में बोरियो प्रखंड के भी आउट सोर्सिंग कर्मचारियों ने अपना रोष जताया। यह आन्दोलन 9 जून से लेकर 15 जून तक चलाई जाएगी। संघ की मांग है कि आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को भी संविदा कर्मचारियों को दिए जाने वाले मानदेय दिया जाए। आउट सोर्सिंग कर्मचारियों की सेवा 60 वर्ष तक सुनिश्चित किया जाए। तथा मध्यप्रदेश के आउट सोर्सिंग कर्मचारियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं व मानदेय दिया जाए। मौके पर आउटसोर्सिंग कंप्यूटर ऑपरेटर दानियल मरांडी, रणधीर कुमार, सुभाष केसरी, सुशील कुमार दास, एमटीएस सुनील हरिजन, जाकिर अंसारी सहित अन्य शामिल थे।

## आपसी विवाद को लेकर मारपीट युवक गंभीर रूप से घायल, दो पर प्राथमिकी दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के चाँद शहर गांव में आपसी विवाद के दौरान हुई मारपीट मामले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस को आवेदन देकर शिकायतकर्ता दाउद असलम पिता ने बताया कि बकरीद के दिन समय करीब 2 बजे वह अपने घर पर सो रहा था तभी गली में हल्ला होने की आवाज सुनकर वह बाहर निकला। दाउद ने देखा कि उसके पड़ोसी साहिब शेख का कुछ लोगों के साथ झगड़ा हो रहा था। इन लोगों में कालू शेख, बबलू शेख, तैमूर शेख और सैतारा बीबी शामिल थे। उन्होंने आगे बताया कि उसने झगड़ा होते देख यह कहकर बीच-बचाव करने की कोशिश की कि आज त्योहार है, आप लोग लड़ाई-झगड़ा मत कीजिए। इतना सुनते ही सभी आरोपी दाउद असलम पर टूट पड़े। आरोप है कि कालू शेख अपने घर से लोहे का रॉड लेकर आया और गाली-गलौज करते हुए जान मारने की नीयत से दाउद के सिर पर वार किया, जिससे उनका सिर जख्मी हो गया और खून बहने लगा, और वह जमीन पर गिर गए। दाउद को बचाने के लिए उनका भाई कासिद शेख दौड़ा, तो उसे भी सब्बल (लोहे की छड़) से कासिद शेख के सिर पर वार किया, जिससे उसका भी सिर फट गया और खून बहने लगा। मामले को लेकर पुलिस ने पीड़ित दाऊद असलम के बयान पर सभी आरोपियों के विरुद्ध कांड संख्या 199/25 दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## साहित्य की समृद्धि में महिला साहित्यकारों का योगदान अहम : राजीव रंजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड की साहित्यिक धरती पर महिलाओं की सृजनशीलता ने सदैव अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बोकारो की चर्चित साहित्यकार स्मिता के नवीनतम काव्य संग्रह ये आँखें पढ़ न ले कोई का लोकार्पण रविवार की संध्या प्रेस क्लब सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक हिंदी साहित्य में महिला साहित्यकारों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है और स्मिता की लेखनी इस दिशा में एक सशक्त हस्ताक्षर है। गौ सेवा आयोग, झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने स्मिता की रचनात्मक यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में स्त्री-विमर्श की प्रभावशाली अभिव्यक्ति मिलती है, जो आज के समय में बेहद प्रासंगिक और प्रेरणादायक है। झारखंड ग्रामीण बैंक के चेयरमैन मदन मोहन बरियार और बी.एड. कॉलेज के डीन उपेन्द्र उपाध्याय ने लेखिका को बधाई देते हुए उनकी पुस्तक को साहित्यिक दुनिया के लिए एक प्रेरणा स्रोत बताया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजश्री जयन्ती और डॉ. नीतेश मिश्र ने पुस्तक की विस्तृत साहित्यिक समीक्षा करते हुए कहा कि यह संग्रह गीत, गजल, मुक्तछंद जैसी विविध विधाओं को समेटता है और पाठकों को संवेदनाओं, जीवन-संघर्षों, प्रकृति के सौंदर्य तथा रिश्तों की गहराइयों से जोड़ता है। उन्होंने इसे समकालीन हिंदी कविता का एक अमूल्य योगदान बताया। कार्यक्रम की शुरूआत गजल गायिका शालिनी अखौरी की सरस्वती वंदना से हुई। संचालन वरिष्ठ संगीतकार पराग भूषण ने किया जबकि वरिष्ठ साहित्यकार राजीव वर्मा थेपड़ा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## 10 थाना प्रभारी बदले गए, टाउन थाना की कमान ज्योति लाल को

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** पलामू जिले में 10 नये थाना प्रभारी बनाए गए हैं। मेदिनीनगर शहर, लेस्लीगंज, तरहसी, पड़वा, मोहम्मदगंज, पांडू, पाटन, नावाजयपुर, एससी-एसटी और बिश्रामपुर के थाना प्रभारी बदल गए हैं। इसी तरह कई पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक का तबादला किया गया है। शहर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक देवव्रत पोद्दार का ट्रांसफर हो गया है। वे अब सदर अंचल कैंप में अपनी सेवा देंगे। इंस्पेक्टर ज्योति लाल राजवार शहर थाना के नए प्रभारी होंगे। इसी तरह उत्तम कुमार राय को लेस्लीगंज का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। आनंद राम तरहसी के थाना प्रभारी होंगे। इसी तरह अंचित कुमार पड़वा, नारायण सोरेन मोहम्मदगंज, बगेश कुमार राय पांडू, शशि शेखर पांडे पाटन, सतीश कुमार गुप्ता नावा जयपुर, विवेक कुमार एससी-एसटी थाना प्रभारी, ऋषिकेश कुमार दुबे को थाना प्रभारी विश्रामपुर की कमान सौंपी गयी है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने सभी को 24 घंटे में योगदान देते हुए अनुपालन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। सहायक अवर निरीक्षक इंद्रदेव पासवान को टीओपी वन का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह राकेश कुमार टीओपी 2 और अजय कुमार गुप्ता टीओपी तीन के प्रभारी होंगे। पुलिस अवर निरीक्षक रितेश लकड़ा को आहतू थाना प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह सात पुलिस निरीक्षक एवं 20 पुलिस अवर निरीक्षकों का तबादला किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीओ ने भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर किया नमन



**कुकड़ू :** कुकड़ू प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा की 125वीं पुण्यतिथि पर कुकड़ू अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कुकड़ू अंचलाधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान ने बिरसा मुंडा के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके आदर्श आज भी हमें प्रेरणा देते हैं। उन्होंने बिरसा मुंडा के सामाजिक न्याय और आदिवासी अधिकारों के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। इस दौरान कार्यालय के कर्मचारी और स्थानीय लोगों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### बिड़रा गांव के कई चापाकल और जल मीनार खराब, बढ़ी जल समस्या



**पटमदा :** बिड़रा गांव में तीन-तीन जलमीनार और कई चापाकल खराब होने से गांव के महिलाएं जल समस्या से जूझ रही हैं। गांव के कैबत पड़ा, कालिंदी पाड़ा, माहली पाड़ा, रोहिदास पाड़ा की महिलाओं गांव के बाहर स्थित जलाशय से पानी लाकर प्यास बुझने को विवश हैं। वही बिड़रा पंचायत के दगड़िगोड़ा की महिलाएं पानी की समस्या से जूझ रही हैं, इस गांव में दो जलमीनार खराब पड़ा है। लेकिन काफी दिनों से खराब रहने के कारण वहां के महिलाओं को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### भाजपा ने मनाई मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने की खुशी, आज से नौ जुलाई तक चलेंगे कार्यक्रम




**बोकारो :** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर भाजपा बोकारो जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष जयदेव राय की अध्यक्षता में जिला सह सांसद कार्यालय सेक्टर एक मेंहुई । कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर और श्वंदे मातरम्श्‌ गीत से हुई। कार्यशाला में मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप सही ने कहा, मोदी युग में भारत वैश्विक मंच पर मजबूत राष्ट्र बनकर उभरा है। पुलवामा हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक, कोरोना काल में भारत निर्मित वैक्सीन, गरीबों को मुफ्त अनाज, गैस, आवास और इलाज जैसी योजनाएं सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं। गिरिडीह पूर्व सांसद रविंद्र पाण्डेय ने कहा कि 11 वर्षों में देश ने गरीब कल्याण, सुशासन और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है। कार्यक्रम का संचालन अनिल स्वर्णकार और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संजय त्यागी ने किया। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरा होने पर 9 जून से 9 जुलाई तक जिला से बूथ तक कार्यक्रम आयोजित होंगे इसके सफलता के अनिल स्वर्णकार को संयोजक और मुकेश राय,धीरज झा व अर्चना सिंह को सह संयोजक मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित किया रोहित लाल सिंह उपस्थित थे कृष्ण कुमार मुन्ना,मुकेश राय धीरज झा, कृष्ण कुमार मुन्ना,अर्जुन सिंह, देवेंद्र प्रजापति, ईश्वर प्रजापति दिलीप श्रीवास्तव मंटु राय, बिनोद गोराई, गिरजा देवी, अर्चना सिंह,रंजु देवी, पंकज शेखर, अविनाश सिंह, बाटूल प्रमाणिक, मोहन कुमार रवि जायसवाल, शिवशंकर दुबे, धर्मेंद्र महथा, बुद्धेश्वर घोषाल, राजेश घोषाल, राजेश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**चतरा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कीर्तिश्री ने ईवीएम वेयर हाउस का सोमवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के पैमाने, सीसीटीवी कैमरा, जवानों की तैनाती सहित अन्य का क्रमवार जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी उनके साथ मौजूद रहे। उपायुक्त ने वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात जवानों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस की सुरक्षा में कोई भी कोताही ना हो। उपायुक्त ने वेयर में लगे सीसीटीवी कैमरों के संबंध में जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरों का बैकअप रखने और समय-समय पर रिकॉर्डिंग चेक करने का भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## चाटीकोचा गांव की समस्याएं दूर करने का डीसी ने दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को पोटका प्रखंड अंतर्गत भाटिन पंचायत के चाटीकोचा गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से जमीन पर बैठकर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए प्रखंड प्रशासन को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में ग्रामीणों ने यूसीआईएल (यूसीआईएल) परियोजना से जुड़ी पुनर्वास, मुआवजा, रोजगार और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को साझा किया। ग्रामीणों ने बताया कि कई परिवारों को अबतक मुआवजा राशि नहीं मिली है और न ही रोजगार के अवसर दिए गए हैं। इसके अलावा मृत कर्मियों के परिजनों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने और प्रक्रियाधीन आवेदनों को जल्द पूरा करने की मांग भी रखी। ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार की कमी से गांव में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या बन गई है। मौके पर ग्रामीणों ने दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत करते हुए बताया कि गांव के समीप बने टेलिंग पॉन्ड से उड़ने वाले यूरेनियम कचरे के धूलकण से लोग गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बेनशोल में प्रस्तावित पुनर्वास पर सहमति जताते हुए उपायुक्त से जल्द कार्रवाई की मांग की। गांव का निरीक्षण करने के बाद उपायुक्त ने टेलिंग पॉन्ड का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार टेलिंग पॉन्ड ओवरफ्लो होने से आसपास का जलस्रोत प्रदूषित हो जाता है। गर्मी के दिनों में उड़ने वाली धूलकण लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनते हैं।


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –06 / 2025–26
Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 18.06.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 19.06.2025 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 19.06.2025 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यों की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Seepage repair and renovation of General Toilet and bath room (Left Side) & improvement of W/S and sanitary fittings & sewerage work B-1 Block at Ground Floor Orthopedic Department RIMS Bariyatu Ranchi under D.W.& S. Division Gonda, Ranchi. | 1710860.00 | 35000.00 | 5000.00 | 30 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट्‌ पर देखा जा सकता हैं।

PR 354542 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

# रहस्यवादी कवि, महान समाज सुधारक संत कबीरदास

पंद्रहवीं सदी के भारतीय रहस्यवादी कवि व संतकबीरदास न केवल समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, व्यक्ति पूजा, पाखंड और ढोंग के प्रखर विरोधी, कटु आलोचक और घोर निंदकके रूप में प्रसिद्ध हैं, अपितु भारतीय समाज में जाति भेद को मिटाने, धर्म व मजहबों के बंधनों को गिराने,समाज और लोगों के बीच व्याप्त आडंबरों पर कुठाराघात करने, रूढ़िग्रस्त लोगों को अंधकार से प्रकाश में लाने और अपनी काव्यात्मक रचनाओं से लोगों को जागरूक करने का कार्य करने वाले संत, कविव समाज सुधारक के रूप में भी स्मरण किए जाते हैं।समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास की निंदा और सामाजिक बुराईयों की कटु आलोचना करने वाले कबीर के मस्तमौला विचारों को उनके जीवनकाल में ही हिन्दू और मुसलमान दोनों ही अनुसरण करने लगे थे।एक सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास रखने वाले कबीर की रचनाओं ने उत्तर व मध्य भारत के भक्ति आंदोलन को गहरे स्तर तक प्रभावित किया। जिसके कारण उनकी रचनाएंसिखों के गुरुग्रंथ,आदि ग्रंथ में भी सम्मिलित की गई हैं। उन्हें कबीर और कबीर साहब के नाम से भी जाना जाता है।उनके विचारों को, उनकी शिक्षाओं को मानने वाले उनके अनुयायियों के संप्रदाय को कबीर पंथ के नाम से जाना जाता है। कबीरपंथियों के अनुसार कबीर परमेश्वर का वास्तविक नाम वैदिक संस्कृत में कवि र्देव है। गुरु ग्रन्थ साहेब में पृष्ठ 721 पर हक्का कबीर, कबीर के शिष्य धर्मदास की वाणी में सत कबीर, संत गरीबदास के ग्रंथ में बन्दी छोड़ कबीर कहा गया है। कुरान शरीफ सूरत फुरकानी 25, आयत 19, 21, 52, 58, 59 में अरबी भाषा में कबीरा, कबीरन, खबीरा या खबीरन् कहा गया है। भक्तिकाल के निर्गुण शाखा के ज्ञानमार्गी उपशाखा के महानतम कवि के रूप में जगप्रसिद्ध संत कबीरदास का जन्म विक्रमी संवत 1455 तदनुसार सन 1398 ईस्वी में काशी में माना जाता है। संत कबीर के शिष्य धर्मदास द्वारा लिखित कबीर सागरके अनुसार कबीर साहेब का प्रकटन ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के दिन ब्रह्ममूहर्त के समय लहरतारा तालाब में खिले कमल पर हुआ था।जहां से उनके क्रंदन को सुन नीरू नीमा नामक दंपति उठा ले गए थे। इसीलिए उनके अनुयायी ज्येष्ठ पूर्णिमा को कबीर साहेब प्रकट दिवस के रूप में मनाते हैं। जुलाहे का कार्य कर अपने जीवन का निर्वहन करने वाले कबीर के बारे में कहा जाता है किउनको अपने सच्चे ज्ञान का प्रमाण देने के लिए जीवन में 52 कसौटी से गुजरना पड़ा था। 52 बार उनको मारने का असफल प्रयास किया गया, लेकिन उनको कोई भी मार नहीं पाया। कबीर का विवाह वनखेड़ी बैरागी की पालिता कन्या लोईके साथ हुआ था। कबीर को कमाल (पुत्र) औरकमाली (पुत्री) नामक दो संतान भी हुए। कबीर सागर के अनुसार उस समय के रामानंद स्वामी नामक एक संत नीची जाति के लोगों को दीक्षा नहीं देते थे। लेकिन कबीर की इच्छा रामानंद स्वामी से ही दीक्षा लेने की थी। एक दिन ब्रह्म मुहूर्त में रामानंद जब स्नान करने के लिए घाट पर गए हुए थे, तब कबीर ढाई वर्ष के बच्चे का रूप धारण करके घाट की सीढ़ियों पर लेट गए। स्नान कर लौटने के समय रामानंद का पैर कबीर को लगने पर वे रोने लगे। यह देख संत रामानंद के मुख से तत्काल राम राम शब्द निकल पड़ा। रामानंद ने झुककर उनको उठाया। कबीर ने संत रामानंद के मुख से निकले पहले शब्द राम राम को गुरु का दीक्षा मंत्र मानकर उन्हें गुरु स्वीकार कर लिया और उसी समय से राम नाम का जाप करना शुरू कर दिया। इस प्रकार रामानंद कबीर के गुरु हुए और उस समय से उन्होंने नीची जातियों से नफरत करना भी बंद कर दिया। कबीर सागर में ही दिव्य धर्म यज्ञ का उल्लेख किया गया है, जिसके अनुसार उस समय के पाखंड, ढोंग और दिखावा करने में विश्वास करने वाले पंडित और मौलवी कबीर से नफरत करने लगे। कबीर को नीचा दिखाने के लिए उन लोगों ने एक षड्यंत्र रचा। और कबीर के द्वारा भंडारा कराने और उसमें शामिल होने वालों को एक सोने की मोहर, दो दोहड़ तीन दिन तक हर खाने के साथ मुफ्त में दिए जाने की घोषणा करते हुए एक झूठी चिट्ठी लिखकर दुनिया भर में भिजवा दी, फैला दी।

# प्रधानमंत्री मोदी के सेवा, सुशासन और समर्पण के ग्यारह वर्ष

सुनील कुमार तिवारी

साल 2014 में जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब देश एक निर्णायक नेतृत्व की तलाश में था। आर्थिक अनिश्चितता, नीतिगत पंगुता और भ्रष्टाचार के मामलों ने जनता को निराश कर दिया था। ऐसे समय में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय मंच पर एक उम्मीद की किरण बनकर उभरे। एक चाय बेचने वाले से लेकर देश के शीर्ष नेतृत्व तक का उनका सफर न केवल प्रेरणादायक रहा है, बल्कि यह उस विश्वास और प्रतिबद्धता की कहानी है जो उन्होंने देश की जनता के साथ साझा की। पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। चाहे वह आधारभूत ढांचा हो, आर्थिक विकास, गरीब कल्याण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, युवाओं का सशक्तिकरण या फिर वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है-भ्रष्टाचार से मुक्त शासन। इतने लंबे समय तक शीर्ष पद पर रहने के बावजूद मोदी पर व्यक्तिगत स्तर पर कोई भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा, जो भारतीय राजनीति में एक दुर्लभ उपलब्धि है। उनके नेतृत्व में सरकार ने "न खाऊंगा, न खाने दूंगा" के सिद्धांत पर चलते हुए प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्यक्षमता को प्राथमिकता दी। एक और उल्लेखनीय पहल यह रही कि मोदी सरकार ने राजनीतिक स्थिरता के साथ निर्णायक शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। तीन बार लगातार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर नरेन्द्र मोदी ने यह साबित किया कि यदि नेतृत्व जनविश्वास अर्जित कर सके तो लोकतंत्र में लंबी स्थिरता संभव है।

### गरीबों का सशक्तिकरण और जनकल्याण योजनाएं

प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई): गरीबों को पक्के मकान देने के वादे को जमीन पर उतारते हुए सरकार ने अब तक 4 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण किया है। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्रेशन को बढ़ावा देती है, जिससे महिला सशक्तिकरण को भी बल मिला।

उज्ज्वला योजनाः आठ करोड़ से अधिक बीपीएल परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन देकर सरकार ने न केवल महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम उठाया, बल्कि स्वच्छ ईंधन के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया।

जल जीवन मिशनः हर घर जल अभियान के तहत 14 करोड़ से अधिक घरों में नल से जल की सुविधा पहुंचाई गई। इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं को राहत मिली, बल्कि स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार भी हुआ।

स्वच्छ भारत मिशनः साल 2014 में खुले में शौच मुक्त भारत का सपना देखते हुए शुरू किए गए इस मिशन के तहत 11 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ। यह न केवल स्वच्छता की दिशा में क्रांति साबित हुई, बल्कि सामाजिक गरिमा का प्रतीक भी बनी।

डिजिटल इंडिया और टेक्नोलॉजिकल क्रांतिः डिजिटल इंडिया केवल एक अभियान नहीं रहा, यह देश की अर्थव्यवस्था और प्रशासन में क्रांतिकारी बदलाव का आधार बना।

यूपीआई क्रांतिः मार्च 2025 में अकेले 1,830 करोड़ डिजिटल ट्रांजेक्शन हुए जिनका मूल्य 24.77 लाख करोड़ रुपये रहा। यह विश्व स्तर पर भारत की अग्रणी स्थिति को दर्शाता है।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी): अब तक 30 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी गई, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण हुआ।

दूरसंचार विस्तारः देश के हर कोने में 4जी और अब 5जी नेटवर्क की पहुंच, ग्रामीण भारत को डिजिटल रूप से जोड़ने में सफल रही है।

बुनियादी ढांचे में क्रांतिः प्रधानमंत्री मोदी का एक बड़ा फोकस रहा है- विश्व स्तरीय आधारभूत ढांचे का निर्माण।

राजमार्ग निमार्णः 2014 के बाद से अब तक 90,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण हुआ।

रेलवे आधुनिकीकरणः 100 से अधिक रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया गया, बुलेट ट्रेन परियोजना पर कार्य चल रहा है, और वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनों की शुरूआत हुई है।

एयरपोर्ट निमार्णः यूडीएएन योजना के तहत छोटे शहरों को हवाई संपर्क से जोड़ा गया। अब देश में 150 से अधिक एयरपोर्ट्स कार्यरत हैं।

इंफ्रास्ट्रक्चर स्केलः 2014 की तुलना में आधारभूत परियोजनाओं के लिए आवंटित बजट में पांच गुना से अधिक की वृद्धि की गई है।

### आत्मनिर्भर भारत और आर्थिक विकास

कोरोना महामारी के दौरान घोषित "आत्मनिर्भर भारत अभियान" केवल एक नारा नहीं था, बल्कि एक व्यापक दृष्टिकोण था जिसमें उत्पादन, नवाचार, निर्यात और रोजगार सभी शामिल थे।

मेक इन इंडियाः देश अब रक्षा, मोबाइल, सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल, और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर है।

विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाः साल 2014 में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, आज वह चौथे पायदान पर है, और जल्द ही तीसरे स्थान पर आने की संभावना है।

स्टार्टअप इंडियाः आज भारत में एक लाख से अधिक स्टार्टअप हैं जिनमें से 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। यह नवाचार और उद्यमिता का नया युग है।

### कृषि और ग्रामीण विकास

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान): 12 करोड़ से अधिक किसानों को सालाना 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। अब तक 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि किसानों को दी जा चुकी है।

फसल बीमा योजनाः इस योजना ने किसानों की आय को सुरक्षित किया है। करोड़ों किसानों को बीमा दावों के तहत हजारों करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं।

ई-नामः कृषि उपज का डिजिटल व्यापार, किसानों को पारदर्शी कीमतें और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने का एक बड़ा माध्यम बना है।

युवा शक्ति और शिक्षाः भारत की 65 फीसद आबादी 35 वर्ष से कम है। इस युवा शक्ति को उत्पादक बनाना मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है।

स्किल इंडिया : 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है।

स्टार्टअप और स्टैंडअप इंडियाः युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे निजी क्षेत्र में रोजगार सृजन हुआ।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020: यह नीति भारत की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों पर ले जाने का प्रयास है, जिसमें व्यावहारिकता, नवाचार और मातृभाषा में शिक्षा को महत्व दिया गया है।

### महिलाओं का सशक्तिकरण

मोदी सरकार का महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान रहा है। इनमें प्रमुख हैं-बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ। महिला जनधन खाते। मातृत्व वंदना योजना। कार्यस्थलों पर सुरक्षा और समान अवसर। इन योजनाओं से महिलाओं की भागीदारी शिक्षा, अर्थव्यवस्था और शासन में बढ़ी है।

### वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति निश्चय तौर पर प्रगतिशील रही है। इसके उदाहरण हैं- जी20 की अध्यक्षता और सफल शिखर सम्मेलन। क्वाड, ब्रिक्स और एससीओ में सक्रिय भागीदारी। प्राकृतिक आपदाओं में अंतरराष्ट्रीय सहायता। भारतीय प्रवासी समुदाय से जुड़ाव। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं और सक्रिय कूटनीति ने भारत को वैश्विक नीति निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई है।

इससे संस्कृति, धर्म और विरासत का पुनर्जागरण हुआ है। मोदी सरकार ने सांस्कृतिक मूल्यों के पुनरुद्धार को नया आयाम दिया है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक, राम मंदिर निर्माण लोक की जनभावना के तहत कराया गया। बौद्ध तीर्थ स्थलों का विकास और बुद्ध धम्म को वैश्विक मंच पर स्थापित कराया गया। प्राचीन ग्रंथों और धरोहरों का डिजिटलीकरण भी अहम है। आयुष मंत्रालय की स्थापना और योग का वैश्वीकरण महानतम उपलब्धि है।

### खेल और फिट इंडिया अभियान

खेलो योजनाः ग्रामीण व शहरी प्रतिभाओं को आगे लाना।

टॉप्स स्कीमः ओलंपिक संभावित खिलाड़ियों को पोषण, ट्रेनिंग और वित्तीय सहायता।

पैरालंपिक सफलताः भारत ने हाल के पैरालंपिक्स में रिकॉर्ड 29 पदक जीते हैं।

फिट इंडिया मूवमेंट : लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता।

### कोरोना काल का प्रभावी प्रबंधन

कोविड-19 एक अभूतपूर्व वैश्विक संकट था। भारत में 200 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए, "वैक्सीन मैत्री" के तहत 100 से अधिक देशों को टीके भेजे गए। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज मिला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में विकास की अभूतपूर्व यात्रा तय की है। यह यात्रा केवल आंकड़ों और परियोजनाओं की नहीं है, बल्कि यह उस परिवर्तन की कहानी है जिसने गरीब से लेकर अमीर, किसान से लेकर युवा, ग्रामीण से लेकर शहरी और महिला से लेकर दिव्यांग तक सभी को मुख्यधारा में शामिल किया है। आज जब भारत 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरे होने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की नीति, नीयत और नेतृत्व इस परिवर्तन की धुरी बन चुकी है। एक नए भारत की नींव रखी जा चुकी है-विकसित, आत्मनिर्भर, समावेशी और वैश्विक भारत की।

**लेखक, भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय से संबद्ध हैं।)**

# संकल्प साधना और समर्पण का स्वर्णिम काल खंड



कृष्णमोहन झा

केंद्र की मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल का प्रथम वर्ष पूर्ण कर लिया है। इस मौके पर मोदी सरकार के विगत एक वर्ष की उपलब्धियों का मूल्यांकन स्वाभाविक है। इस एक वर्ष में सरकार के सामने कई कठिन चुनौतियां भी आईं परंतु उसने हर चुनौती का डटकर मुकाबला करते हुए अपनी राह बनाने में सफलता हासिल की। सरकार को मुश्किल में डालने के प्रयास भी निरंतर होते रहे परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी टीम के विलक्षण राजनीतिक चातुर्य और अद्भुत कर्मठता ने उन प्रयासों को कभी कामयाब नहीं होने दिया। यह सिलसिला अभी भी जारी है और इस पर अगले चार सालों तक भी विराम लगने की कोई संभावना नहीं आती लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को उनकी राह में आने वाली बड़ी से बड़ी बाधा भी कभी विचलित नहीं कर पाई। हमेशा की भांति अपने कर्त्तव्य पथ के मार्ग में आने वाली हर बाधा को उन्होंने पिछले एक साल के दौरान भी अपनी इच्छा शक्ति के आगे हार मानने के लिए मजबूर कर दिया।

अगर हम मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रथम वर्ष की उल्लेखनीय उपलब्धियों की तालिका तैयार करें तो निःसंदेह पाकिस्तान सरकार और वहां की सेना के संरक्षण में फलने फूलने वाले आतंकी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के माध्यम से की गई सैन्य कार्रवाई को शीर्ष पर रखा जाना चाहिए।भारतीय सेना के तीनों अंगों के इस संयुक्त सैन्य अभियान में पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को न नेस्तनाबूद कर दिया बल्कि सौ से अधिक आतंकवादियों को भी मौत के घाट उतार दिया। पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकी वारदात का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना को फ्री हैंड दे दिया था। भारतीय सेना की ताकत ने मात्र चार दिनों में पाकिस्तान को इस तरह घुटनों पर ला दिया कि वहां की शहबाज शरीफ सरकार भारत से युद्ध विराम के लिए गिड़गिड़ाने पर मजबूर हो गई। आपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंक वाद के मुद्दे पर दुनिया के सामने पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने की जो पहल की उसने आपरेशन सिंदूर के पक्ष में वैश्विक राय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज स्थिति यह है कि कुछ गिने चुने देशों को छोड़कर दुनिया के अधिकांश देश भारत के पक्ष में लामबंद हो चुके हैं। आज से 11 वर्ष पूर्व देश के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता के रूप में नरेंद्र मोदी ने नये भारत के निर्माण के संकल्प के साथ जब पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी तब उनके सामने हर मोर्चे पर कठिन चुनौतियों मुंह बाए खड़ी थीं लेकिन प्रधानमंत्री ने अपनी अद्भुत इच्छा शक्ति, विलक्षण कार्यशैली, कर्मठ व्यक्तित्व, तीक्ष्ण बुद्धि, विरोधियों को हतप्रभ कर देने वाले राजनीतिक चातुर्य के बल पर हर कठिन चुनौती को हार मान लेने के लिए विवश कर दिया। प्रधानमंत्री मोदी के विराट व्यक्तित्व के आगे विपक्ष बौना नजर आने लगा। देश में विकास के नये युग की शुरूआत का संकल्प लेकर पिछले 11 सालों में मोदी सरकार ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश की तस्वीर बदलने में जो सफलता अर्जित की उसने यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता के भरोसे को निरंतर मजबूत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने हर कार्य काल में महिलाओं, युवाओं, किसानों और गरीबों की खुशहाली सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया है। मोदी सरकार ने विकसित भारत के सुनहरे स्वप्न को साकार करने की में तेजी से कदम बढ़ाते हुए अनेक महत्वपूर्ण पड़ाव तय किए हैं परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विकास यात्रा की राह में आने वाले मील के पत्थर गिनने की फुरसत नहीं है। उनका लक्ष्य तो भारतीय अर्थव्यवस्था को विश्व में अग्रणी स्थान पर प्रतिष्ठित कर भारत को विकसित राष्ट्रों की कतार में अग्रणी स्थान का गौरव दिलाना है। केंद्र अपनी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि है हमारी सरकार ने योजनाओं के केंद्र में गरीब भाई बहनों के साथ जन जन का कल्याण ही रहा है। हमने पूरी निष्ठा और सेवा भाव के साथ लोगों की जिंदगी को आसान बनाने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री के इन शब्दों में छिपी नेकनीयती पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। उन्होंने हमेशा खुद को जनता का प्रधान सेवक कहा है और उनकी कार्यशैली इस कथन की पुष्टि करने के लिए काफी है। इन 11 वर्षों में सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों में से अनेक उपलब्धियों को असंभव की श्रेणी में रखा जा रहा था परन्तु प्रधानमंत्री ने अपनी विलक्षण सूझबूझ और अद्भुत इच्छा शक्ति से यह साबित कर दिया कि मोदी है तो मुमकिन है।

मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कहते हैं कि इन 11 वर्षों में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का नया युग देखा है। वे कहते हैं कि जब नेतृत्व स्पष्ट, संकल्प अडिग और नीति लोकसेवा की हो तो सुरक्षा और सुशासन के कीर्तिमान बनते हैं। अमित शाह ने इन्हीं गौरवशाली कीर्तिमानों के आधार पर मोदी सरकार के अब तक के कार्यकाल को संकल्प, साधना और समर्पण का स्वर्णिम कालखंड निरूपित किया है। उनके इस कथन में अतिशयोक्ति नहीं बल्कि ऐतिहासिक सत्य के दर्शन किये जा सकते हैं जो नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आस्था रखने वाले हर भारतीय की भावनाओं को प्रतिबिंबित करते हैं।

**(लेखक राजनैतिक विश्लेषक है)**

## सूडोकु नवताल- 7456

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7455 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# केरल में भारत माता का अपमान यह केवल चित्र नहीं देश की आत्मा पर चोट है!

अजय कुमार

भारत माता एक ऐसा नाम, एक ऐसा भाव, जो करोड़ों भारतीयों के दिल की धड़कन है। जब कोई भारत माता की जय बोलता है, तो ये केवल एक नारा नहीं होता, बल्कि एक ऐसी पुकार होती है, जिसमें देशभक्ति, श्रद्धा और मातृत्व का गहरा बोध समाहित होता है। लेकिन दुर्भाग्य देखिए, उसी भारत माता की तस्वीर अब देश के भीतर विवाद की जड़ बन रही है। जिस तस्वीर के सामने स्वतंत्रता सेनानी सिर झुकाकर बलिदान की प्रेरणा लेते थे, उसे देखकर अब केरल के एक मंत्री की आंखें चुभने लगी हैं। केरल के कृषि मंत्री पी प्रसाद ने पर्यावरण दिवस पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम का सिर्फ इसलिए बहिष्कार कर दिया क्योंकि मंच पर भारत माता की तस्वीर लगी थी। यह घटना एक प्रतीक भर नहीं है, यह उस वैचारिक युद्ध की प्रत्यक्ष झलक है जो अब भारत की आत्मा से टकरा रहा है। पी प्रसाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हैं। वही पार्टी जिसकी जड़ें भारत में नहीं, बल्कि 1920 के दशक में सोवियत रूस के ताशकंद में पड़ीं। एक विदेशी धरती पर जन्मी विचारधारा का भारत में प्रवेश होना ही एक चेतावनी थी कि इसकी नजर भारतीय संस्कृति, परंपरा और भावनाओं से मेल नहीं खाती। और यही हुआ भी। आजादी के आंदोलन में जब देश के कोने-कोने में भारत माता की जय के उद्घोष के साथ आंदोलनकारी सड़कों पर उतर रहे थे, उसी वक्त वामपंथी विचारधारा सोवियत संघ के हितों की रक्षा में व्यस्त थी। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में इनका हिस्सा न बनना इस बात की सबसे बड़ी गवाही है।

जब-जब भारत माता का स्वर प्रबल हुआ, तब-तब लेफ्ट ने अपना मुख कहीं और मोड़ लिया। जब महात्मा गांधी अंग्रेजों को भारत छोड़ो कह रहे थे, तब कम्युनिस्ट नेता सोवियत संघ की नीति के अनुसार चुप बैठे थे। जब 1962 में चीन ने भारत की सीमाओं पर हमला किया, तब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने न केवल चीन के दावों का समर्थन किया, बल्कि 'बीजिंग नजदीक है, दिल्ली दूर' जैसे नारे दिए। एक विचारधारा जो भारत माता को मां नहीं मानती, बल्कि एक साम्राज्यवादी कल्पना मानती है, वो विचारधारा जब सत्ता में आती है, तो भारत माता की तस्वीर से चिढ़ होना स्वाभाविक हो जाता है।

भारत माता का चित्र कोई धर्म विशेष का प्रतीक नहीं है। यह चित्र अबनिंद्रनाथ टैगोर ने 1905 में बनाया था, जिसमें भारत को चार हाथों वाली देवी के रूप में दशार्या गया, जिनके हाथों में वेद, चावल, सफेद वस्त्र और माला होती थी। ये प्रतीक उस भारत का था, जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, आत्मनिर्भर और ज्ञान से परिपूर्ण था। यह चित्र उस समय बना जब बंग-भंग के कारण राष्ट्रवाद की लहर तेज हो रही थी। भारत माता उस राष्ट्रवादी चेतना का नाम थी जिसने आजादी की लड़ाई को जनांदोलन में बदल दिया। यही कारण था कि वीर सावरकर से लेकर भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस तक, सभी भारत माता को केंद्र में रखकर लड़ते रहे।

लेकिन अब उस चित्र को लेकर यह तर्क दिया जा रहा है कि वह सरकारी रूप से अधिकृत प्रतीक नहीं है। केरल सरकार ने यहां तक कह दिया कि भारत माता का कोई आधिकारिक चित्र नहीं है और इसीलिए उसे किसी सरकारी मंच पर रखना असंवैधानिक है। कृषि मंत्री पी प्रसाद ने यह आरोप लगाया कि भारत माता के चित्र पर एक राजनीतिक संगठन का झंडा लगा हुआ था, इसलिए वे उसे स्वीकार नहीं कर सकते। सवाल यह है कि क्या भारत माता अब केवल एक पार्टी का विचार बन गई है? क्या आज भारत माता की जय बोलना किसी राजनीतिक विचारधारा से जुड़ गया है?

राज्यपाल राजेंद्र वी. आर्लेकर ने इस पूरे विवाद में स्पष्ट कहा कि भारत माता के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। यह बयान सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं था, यह उस करोड़ों भारतीयों की भावना का प्रतिनिधित्व करता था जो भारत माता को केवल एक प्रतीक नहीं, एक सजीव सत्ता मानते हैं। लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि राज्य के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी भी इस मुद्दे में कूद पड़े और बोले कि राज्यपाल को राजनीति से ऊपर उठना चाहिए। यानी अब भारत माता की तस्वीर रखना राजनीति है, लेकिन उस पर आपत्ति जताना राष्ट्रहित!


भारत माता की तस्वीर को लेकर इतने तीव्र विरोध का अर्थ केवल एक सांस्कृतिक टकराव नहीं है। यह उस दीर्घकालीन वैचारिक विभाजन का परिणाम है जिसमें एक धड़ा सदैव भारत को सिर्फ एक भूगोल मानता आया है, जबकि दूसरा धड़ा इसे मातृभूमि के रूप में देखता रहा है। लेफ्ट की राजनीति हमेशा विदेशी सिद्धांतों से प्रेरित रही है। चाहे वह मार्क्सवाद हो या माओवाद, भारतीय सोच और परंपरा का इसमें कोई स्थान नहीं रहा। यही कारण है कि भारत माता के चित्र से इन्हें चिढ़ होती है। क्योंकि यह चित्र उस भारत का प्रतिनिधित्व करता है जो अपने सांस्कृतिक गौरव पर गर्व करता है, जो अपने इतिहास से सीखता है, और जो मां को ईश्वर के समान मानता है।

आज यह सोच केवल केरल तक सीमित नहीं है। यह सोच देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद है, जो भारत के मूलभाव को छिन्न-भिन्न करने पर तुली हुई है। यह वही सोच है जो 'अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं' जैसे नारे देती है। यह वही सोच है जो कभी जेएनयू से उठती है और कभी कन्हैया कुमार की आवाज बनकर फैलती है। अब इस सोच को अगर सरकार का संरक्षण मिल जाए, तो वह भारत माता की तस्वीर को मंच से हटवाने का साहस कर बैठती है।

लेकिन यहां एक और गहरी बात छुपी है। आज देश में राष्ट्रवाद को संकीर्ण दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति बढ़ी है। भारत माता की तस्वीर या 'वंदे मातरम' जैसे नारों को कुछ लोग धार्मिक रंग में रंगने की कोशिश करते हैं। परंतु यह चित्र और ये नारे केवल धार्मिक नहीं, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक हैं।

## दैनिक पंचांग

**10 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.38 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कर्क | 07.51 बजे से |
| मंगल | सिंह में | सिंह | 10.07 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.19 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 14.30 बजे से |
| शुक्र | मेष में | वृश्चिक | 16.45 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.06 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.52 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.25 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मेष | 01.56 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.36 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 161 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 11.36 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 18.02 बजे को समाप्त। **योग** सिद्ध 13.45 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 11.36 बजे तदनन्तर विष्टि 00.28 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 13.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 01' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872371 **जूलियन दिन** 2460836.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 13 **विशेष** वट पूर्णिमा व्रत, पूर्णिमा उपवास, ज्येष्ठ पूर्णिमा।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### गरम माड़ से एक व्यक्ति झुलसा, रेफर

**साहिबगंज/बरहेट :** थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को देर शाम डुमली गांव में आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार मृत्यु भोज (भांडांग) हो रहा था। जिसमें सामूहिक रूप से खाना पकाया जा रहा था। वही गांव के ही लेदेम मुर्मू 40 वर्षीय नशे के हालात में पक रहे चावल का गर्म पानी माड़ निकलने लगा जो असंतुलित होकर पक रहे चावल का हांडी हाथ से फिसल गया और सारा पानी उसके शरीर के ऊपर गिर गया। जिससे पूरा शरीर झुलस गया। वहीं परिजनों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर संतोष टुडू ने प्राथमिक उपचार किया एवं गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं उक्त घटना को सुनकर प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी अस्पताल पहुंचे एवं घायल का हाल-चाल पूछा। इसके साथ ही परिजनों को इलाज के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर समदा सोरेन, मजीतुल्लाह अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सर्पदंश से दो वर्षीय बच्ची की मौत

**दुमका :** जिला के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुगार्पुर मुखिया टोला में सर्पदंश से दो वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। बच्ची का नाम सुरुजमुनी हांसदा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को बच्ची की अंतिम संस्कार किया गया। बच्ची के पिता प्रकाश हांसदा ने बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य जमीन पर सोये हुए थे। सुबह करीब तीन बजे बच्ची रोने लगी। सभी सदस्य जाग गये। करैत सांप को बच्ची के पास से गुजरते हुए देखें। उसे पाकुड़ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची की तबीयत ज्यादा बिगड़ते देख चिकित्सकों ने रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया वापस दुमका ले जाने के क्रम में बेटी सुरुजमुनी की मौत हो गईं। मासूम के मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### बिरसा मुंडा को पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि, उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प

**चाईबासा :** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सोमवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिले के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम हुए। सिंहभूम की सांसद समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के लोगों व समाजसेवियों ने भगवान बिरसा मुंडा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनके बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बंदगांव प्रखंड के कारिका गांव में वीर बिरसा मुंडा मेमोरियल क्लब के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जोबा माझी समेत सैकड़ों लोगों ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। छऊ नृत्य एवं मेला का आयोजन भी हुआ। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सन्नी उरांव, झामुमो केंद्रीय सदस्य रामलाल मुंडा, मिथुन गागराई, मसीह चरण पुरती, आलोक मुंडू, प्रेम मुंडरी, पीरु हेम्ब्रम, ताराकांत सिजुई, विक्की सिंह, प्रदीप महतो, जादो राय मुंडरी, टिंकू पाहन, लोबा मुंडू, लम्बरा मुंडू, गोपाल मुंडा, विकास मुंडू, कालीदास हासा पूर्ति, नंदलाल मुंडू समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं, चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसी तरह चक्रधरपुर की पोटका स्थित आदिवासी युवा मित्र मण्डल में बिरसा मुण्डा की शहादत दिवस श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर आदिवासी मित्र मण्डल प्रांगण में स्थित धरती आबा की मूर्ति पर मित्र मंडल के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन भी रखा। इस मौके पर आदिवासी मित्र मण्डल के सलाहकार कालिया जामुदा, महासचिव सुखराज सुरीन, आदिवासी युवा मित्र मण्डल के सचिव रबिन्द्र गिलुवा, सह-सचिव निशीथ सिंह मुण्डा, उपाध्यक्ष विशाल मुण्डा, सदस्य रवि बाँकिरा, इंद्रजीत सामड, धारा सहित अन्य

# केंद्रीय टीम ने साहेबगंज-पाकुड़-दुमका मेगा बल्क वाटर सप्लाई स्कीम का किया निरीक्षण

- पांच मुखिया एवं जलसहिया को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में सोमवार को केंद्रीय नोडल पदाधिकारी, निदेशक, पंचायती राज विभाग, भारत सरकार विपुल उज्ज्वल एवं पूर्व मुख्य अभियंता, राजस्थान सरकार सह सदस्य निर्मल चित्तोड़ा के द्वारा पाकुड़ मेगा बल्क वाटर सप्लाई स्कीम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत समाहरणालय स्थित सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत साहिबगंज-पाकुड़ -दुमका मेगा जलापूर्ति योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक के दौरान उनके द्वारा कार्य की गुणवत्ता, समयबद्धता और आमजन को मिलने वाले लाभों के संबंध में गहन चर्चा की गई। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने के लिए निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूरा किए जाएं। बैठक के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की कार्यपालक अभियंता के द्वारा यह जानकारी दी गई कि साहिबगंज-पाकुड़ -दुमका बल्क वाटर सप्लाई स्कीम के तहत कई गांवों में पाइपलाइन बिछाने एवं जलापूर्ति की दिशा में ठोस कार्य किया गया है जबकि कुछ क्षेत्रों में तकनीकी चुनौतियों के कारण कार्य जारी है। जिसे निर्धारित समय सीमा की भीतर पूर्ण करने की निर्देश दिए गए। इस दौरान उपायुक्त मनीष कुमार के द्वारा आश्वासन दिया गया कि जिला प्रशासन योजना को सफल बनाने हेतु पूर्ण तत्परता से कार्य कर रहा है और हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यस्थलों का नियमित निरीक्षण करें और योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर प्रस्तुत किए जाएं। बैठक में संबधित अधिकारियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया और समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं विपुल उज्ज्वल, केन्द्रीय नोडल पदाधिकारी सह निदेशक के द्वारा सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे समन्वय स्थापित कर इस महत्वाकांक्षी योजना को शीघ्र पूर्ण करें ताकि आमजनों को जल्द से पेयजल की समस्याओं से लाभान्वित किया जा सके। आज केंद्रीय टीम के द्वारा पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत मेगा गंगा जलापूर्ति योजना अंतर्गत साहिबगंज जिले में निर्मित किए जानेवाले इंटेकवेल, पाइप लाइन कार्य, डब्लू० टीङ्ग पीङ्ग, मालपहाड़ी स्थित फलोटी जेटी का स्थलीय निरीक्षण किया गया। केंद्रीय टीम के द्वारा "मेगा जलापूर्ति योजना "के तहत पंचायत दादपुर के ग्राम सैजा के निमार्णाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते हुए पंचायत के ग्रामीणों के साथ जल संरक्षण पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी पाकुड़, अल्फ्रेड मुर्मू, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल पाकुड़ के कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जिला समन्वयक, कल्पतरु के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शेरशाहबादी जाति प्रमाणपत्र के आंदोलन को धारदार बनाने को लेकर हुई चर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** प्रखंड अंतर्गत श्रीकुंड स्थित हाई स्कूल मैदान में रविवार को ऑल झारखंड शेरशाहबादी सोसायटी के तत्वाधान में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र अब तक निर्गत नहीं किए जाने के मुद्दे को लेकर बुलाई गई थी, जिसमें आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान सोसायटी की वर्तमान कमेटी को भंग कर एक 17 सदस्यीय अंतरिम कमेटी का गठन किया गया। जिसके लिए फारोग अहसान, शाहीन अख्तर, तोफाइल शेख, मसूद आलम, शकील अहमद, किफायतुल्लाह, सलमान ताहिर, नदीम अंजुम, मो. अजमाइल, तौफीक उमर, मो. असदक, मोस्तफिजुर रहमान, वासिम अकरम, परवेज आलम, इंतेखाब आलम, अब्दुल तौवाब, वासिम अकरम, मोस्तफिजुर रहमान को चुना गया। यह अंतरिम कमेटी पंचायत स्तर पर नई कमेटियों के गठन की प्रक्रिया को अंजाम देगी। इसके साथ ही प्रखंड और जिला स्तरीय कमेटियों का भी शीघ्र ही पुनर्गठन किया जाएगा ताकि संगठनात्मक मजबूती के साथ आंदोलन को गति दी जा सके। बैठक में आगामी कुछ महीनों में आयोजित होने वाले शेरशाहबादी सम्मेलन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि इस सम्मेलन के माध्यम से समाज को एकजुट कर जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराने की मांग को और धारदार बनाया जाएगा।

## दो अलग-अलग घटनाओं में डूबे दो युवकों का शव 24 घंटे बाद हुआ बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** समदा घाट पर गंगा नदी में डूबे किशोर का शव 24 घंटे बाद रविवार की देर शाम को बंदरगाह के पास से बरामद हुआ है। तालझारी थाना क्षेत्र के पत्ताबाड़ी के आदित्य 14 वर्षीय बीते शनिवार की दोपहर को समदा घाट गंगा नदी में स्नान करने के दौरान डूब गया था। गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि शाम को उसका शव बरामद हो गया है। शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जहां डॉक्टर तबरेज आलम ने शव का पोस्टमार्टम किया। उसके बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



**ओझा टोली गंगा फेरी घाट में बिहार (बरौनी) के युवक नहाने के दौरान लापता युवक का शव बरामद**

साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओझा टोली फेरी घाट गंगा नदी में बरौनी (बिहार) के रहने वाले निवासी हर्ष सोनी 21 वर्षीय रविवार की दोपहर नहाने के दौरान गंगा नदी में डूब कर लापता हो गया था। जहां 24 घंटा बाद सोमवार को पुलिस ने शव को बरामद किया है। शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करने के उपरांत पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया गया है।

**एनडीआरएफ की टीम तैनात करने की मांग साहिबगंज जिला प्रशासन से**

साहिबगंज में एनडीआरएफ की एक यूनिट की मांग लंबे समय से की जा रही है। जिला प्रशासन के स्तर से एनडीआरएफ की टीम साहिबगंज में स्थापित करने के लिए कई बार पत्र भेजने के बावजूद भी अब तक इस दिशा में राज्य सरकार से कोई पहल नहीं हुई है। जब भी गंगा नदी में डूबने की घटना होती है तो पुलिस के माध्यम से जिला प्रशासन को पत्र लिखा जाता है।

## ज्वेलरी दुकान लूट कांड में दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय कक्ष में 9 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए जानकारी दी की दिनांक 04 जून 2025 को राजमहल थाना क्षेत्र के कल्याणचक बाजार स्थित अजीत शर्मा के ज्वेलरी दुकान में दो मोटर साईकिल पर सवार कुछ अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा चाँदी के जेवरात लूटकर भागने की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के उदभेदन व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश त्रिपाठी राजमहल के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। छापामारी दल के द्वारा इस कांड में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी किया गया। जिसमें कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त रंजीत प्रसाद माली उर्फ बंगाली उम्र 22 वर्ष पिता- शंकर प्रसाद माली साकिन-वर्द्धमान दोपोखर काली मंदिर थाना वर्द्धमान, जिला-वर्द्धमान वर्तमान में सकरोगढ़ जयप्रकाश नगर साहेबगंज, एवं धर्मा मंडल उर्फ ब्रहमदेव मंडल उम्र 25 वर्ष पिता-स्व० छकु मंडल, साकिन-घाटसलेमपुर, थाना-राजमहल जिला-साहेबगंज को गिरफ्तार किया गया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर इस कांड में लुटे गए पीले रंग का तराजू एक पीस, स्टील का छोटा तराजू एक पीस, पीला रंग का हाथबाली दो पीस, लाल पीला रंग का हाथबाली दो पीस, पीला रंग का चूड़ी 18 पीस, प्लास्टिक पैकेट में मोदी का माला 8 पीस, पीला रंग का चैन का भूषण 2 पिस, विभिन्न प्रकार का पीला रंग का कान, नाक एवं टॉप्स का आभूषण, चांदी का कुल जेवरात 3 किलो 489 ग्राम की बरामदगी की गई है। विदित है कि दिनांक 07 जून 2025 को इस कांड में छापामारी दल द्वारा छापामारी कर कांड के अप्राथमिकी अभियुक्त राजेश मंडल उर्फ मिठुन, सुबोध मंडल एवं सागर मंडल को गिरफ्तार कर न्यायायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है एवं इस कांड में प्रयुक्त 1 सफेद रंग का अपाची मोटर साइकिल एवं दूसरा काला रंग का पल्सर मोटरसाइकिल की बरामदगी की जा चुकी है। इस संबंध में राजमहल थाना कांड स.-174/25, दिनांक-04 जून 25, धारा-309 (4)/115(2) / 351(2) बीएनएस एवं 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। मौके पर छापामारी दल में विमलेश कुमार त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजमहल, श्याम लाल हॉसदा, पुलिस निरीक्षक राजमहल प्रभाग, अमित कुमार गुप्ता, पुलिस निरीक्षक-सह-नगर थाना प्रभारी, नितेश कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी तालझारी, मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी तीनपहाड़, शशि सिंह, थाना प्रभारी जिरवाबाड़ी, लव कुमार, थाना प्रभारी गंगा नदी थाना, पुजा कुमारी, महिला थाना प्रभारी राजमहल, पुअनि विक्रम कुमार, राजमहल थाना, पुअनि विकास सेठ राजमहल थाना, पुअनि अमर कुमार मिंज थाना प्रभारी राधानगर, पुअनि अनीश कुमार पाण्डेय नगर थाना, शामिल थे।

### खेत से महिला का शव बरामद, हत्या की आशंका

**चांडिल :** चौका थाना क्षेत्र के सावडीह के पास सड़क किनारे खेत में एक महिला का शव है। मृतका की पहचान चंचला देवी है (45 वर्ष) के रूप में की गयी है। तमाड़ थाना क्षेत्र के कोड़ाडीह में उसका मायका है। जबकि उसका ननिहाल ईचागढ थाना क्षेत्र के कुटाम में है। हत्या की जतायी जा रही आशंका जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने शव को खेत में पड़ा देखा। इसके बाद चौका थाना की पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि महिला के गर्दन में साड़ी का पल्लू फंसा था और चेहरे पर सूजन था। नाक से भी खून निकला हुआ था। शव की स्थिति को देखकर आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या होने कर शव को खेत में फेंका गया है।

# मिर्जा चौकी पोकलेन-हाईवा आगजनी कांड में 2 गिरफ्तार, 7 देसी रायफल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय कक्ष में एसपी अमित कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दि कि 09 जून 2025 को सोमवार की सुबह 10.00 बजे एसपी अमित कुमार सिंह साहेबगंज को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मिजाचौकी थाना कांड संख्या-34/25, दिनांक 02 जून 2025 में संलिप्त अपराधकर्मी सूर्या हांसदा अपने गिरोह के साथियों के साथ हथियार सहित मिजाचौकी थाना क्षेत्र ग्राम छोटा देवडांड स्थित फागु माल पहाडिया के पक्के मकान में ठहरा हुआ है और कोई बड़ी घटना करने की योजना बना रहा है। उक्त सुचना पर एसपी साहेबगंज द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल विमलेश त्रिपाठी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल द्वारा प्राप्त सुचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम छोटा देवडांड स्थित फागु माल पहाडिया के पक्के मकान का घेराबन्दी कर छापामारी की गई। छापामारी करने के उपरांत फागु माल पहाडिया, पिता- स्व० मोतीलाल माल पहाडिया, साकिन- छोटा देवडांड, मंगल मरांडी, पिता- होडवा मरांडी, साकिन- भुरकुंडा, दोनो का थाना मिजाचौकी, जिला-साहेबगंज को पकड़ा गया, जिनके निशानदेही पर इनके घर से 07 देशी राईफल बरामद किया गया। पुछताछ में फागु माल पहाडिया एवं मंगल मरांडी द्वारा बताया गया कि मिजाचौकी थाना अन्तर्गत दामिनभिट्ठा जय माता दी स्टोन वर्क्स माइन्स में दो पोकलेन एवं दो हाईवा को जलाने के पश्चात घटना में प्रयुक्त हथियार सूर्या हांसदा लाकर मेरे घर पर रखा था और बाकी का हथियार सूर्या हांसदा एवं गिरोह के अन्य सदस्य अपने साथ लेते गये है। फागु माल पहाडिया एवं मंगल मरांडी ने उपरोक्त घटना में अपना-अपना अपराध स्वीकार किया है तथा साथ ही उक्त कांड के गिरोह के सरगना सूर्या हांसदा एवं अन्य की संलिप्तता की बात बताई गई है। कांड दर्ज कर अग्रतर अनुसंधान करने के उपरांत दोनों गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। मौके पर छापामारी दल में विमलेश त्रिपाठी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, राजमहल, किशोर तिर्की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज, रुपक कुमार परिक्ष्यमान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज, राजीव रंजन पुनि नगर प्रभाग साहेबगंज, पुअनि रुपेश कुमार थाना प्रभारी मिजाचौकी, पुअनि पंकज वर्मा, थाना प्रभारी बोरियो, पुअनि पवन कुमार थाना प्रभारी बरहेट, पुअनि पवन कुमार मिजाचौकी थाना, सअनि अमित कुमार मिजाचौकी थाना, मिजाचौकी थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### आज से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर पूर्णतय रोक




**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार के निदेशानुसार सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल, इस्टर्न जोन कोलकता द्वारा पारित आदेश तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा निर्गत रेत खनन प्रबंधन दिशा निर्देश 2016 के आलोक में पाकुड़ जिलान्तर्गत सभी नदी बालूघाटों से मॉनसून सत्र (दिनांक 10.06.2025 से दिनांक 15.10.2025 तक) में नदी तल से बालू का उठाव पर पूर्णत: रोक रहेगी। अत: उक्त परिपेक्ष्य में यदि नदी बालूघाटों से बालू का उठाव करते हुए पाये जाते है तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### शांतिपूर्ण अतिक्रमण हटाओ अभियान, रामजी साहा और प्रेमचंद साह ने पेश की मिसाल




**बरहरवा :** प्रखंड के कोटालपोखर में रोड चौड़ीकरण के सरकारी अभियान में अक्सर तनाव और विरोध की खबरें आती हैं, लेकिन कोटालपोखर से एक सुखद और अनुकरणीय पहल सामने आई है। शांति मोड़, कोटालपोखर के निवासी रामजी साहा और प्रेमचंद साह ने प्रशासन के अतिक्रमण हटाओ अभियान का इंतजार किए बिना, स्वयं अपनी दुकानों और घरों के सामने से अतिक्रमण हटाकर एक मिसाल पेश की है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, रोड चौड़ीकरण की आवश्यकता को समझते हुए और क्षेत्र के विकास में योगदान देने की भावना से प्रेरित होकर, रामजी साहा और प्रेमचंद साह ने स्वेच्छा से कदम उठाया। उन्होंने खुद की जेसीबी मंगवाकर, बिना किसी विरोध या विवाद के, अपने स्वामित्व वाले क्षेत्र में आ रहे अतिक्रमण को शांतिपूर्ण ढंग से हटा दिया। इस पहल को स्थानीय प्रशासन और जनता दोनों ने सराहा है। यह दशार्ता है कि सामुदायिक सहयोग और जागरूकता से विकास कार्यों को कितनी आसानी और शांति से पूरा किया जा सकता है। रामजी साहा और प्रेमचंद साह का यह कदम अन्य प्रभावित लोगों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन सकता है, जिससे कोटालपोखर में रोड चौड़ीकरण का कार्य और अधिक सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

### डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का मासिक किया निरीक्षण



**साहिबगंज :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी हेमंत सती ने समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम ) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीसी ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए ईवीएम की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो युवक हुए गंभीर घायल



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बड़ा मदनशाही निवासी आलम अंसारी का 18 वर्षीय पुत्र शादाब अंसारी व बड़ा मदनशाही निवासी फूल मो. अंसारी का 16 वर्षीय पुत्र आमिर अंसारी, दोनों किसी काम से मोटरसाइकिल पर सवार होकर फाटक के तरफ गैरेज जा रहा था। जहां मदनशाही फाटक के आगे मंदिर के पास मोटरसाइकिल असंतुलित होने के कारण दोनों मोटरसाइकिल से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों व परिजनों की मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए दोनों को सदर अस्पताल साहिबगंज लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज किया गया।

### झारखंड की कला से जुड़े छऊ की है विश्व में पहचान : जोबा माझी



**चाईबासा :** गांव में दो दिवसीय छऊ नृत्य सह मेला का सोमवार को समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सिंहभूम की सांसद जोबा माझी शरीक हुईं। करीब दो घंटे तक सांसद ने छऊ नृत्य का आनंद लिया। ग्रामीणों के मुताबिक, धरमसाई गांव में वर्ष 1908 से छऊ नृत्य सह मेला का आयोजन होता आ रहा है। मेला घूमने और छऊ नृत्य का आनंद लेने लोग काफी दूर से पहुंचते हैं। छऊ नृत्य प्रतियोगिता में गांव के दो दल ऊपर टोला व नीचे टोला के कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। सांसद ने कहा कि झारखंड की कला-संस्कृति से जुड़े छऊ नृत्य की विश्व में विशिष्ट पहचान है। छऊ नृत्य का आदिवासी समाज में आज भी परंपरा के अनुसार आयोजन होता है। छऊ नृत्य में सरायकेला, सिंहभूम, मयूरभंज शैली की देश में अलग पहचान है। स्थानीय कलाकारों का उत्साह बढाते हुए कहा झारखंड का छऊ नृत्य पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। झारखंड सरकार इस कला-संस्कृति को जीवित रखने के साथ इसे बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है।



## रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपया 4 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.67 पर बंद हुआ। आज सुबह कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के दौरान सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ 85.72 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में आधा फीसदी की बड़ी कटौती से शुरुआत में रुपये को कुछ फायदा हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.61 प्रति डॉलर पर खुला। हालांकि, बाद में यह चार पैसे के नुकसान के साथ 85.72 प्रति डॉलर पर आ गया। शुक्रवार को रुपया 11 पैसे की बढ़त के साथ 85.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ 99.02 पर कारोबार कर रहा था।

## एक रुपए के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिक- रिपोर्ट

**नई दिल्ली।**

भारतीय मुद्रा प्रणाली में एक रुपये के सिक्के की लागत उसकी कीमत से काफी अधिक होती है। रिजर्व बैंक के अनुसार हर एक रुपये के सिक्के बनाने में सरकार को करीब 1.11 रुपये का नुकसान होता है। यह मामला सिर्फ एक रुपये तक ही सीमित नहीं है। दूसरे सिक्कों की लागत भी उनकी कीमत से अधिक होती है। भारत सरकार मुख्य रूप से मुंबई और हैदराबाद में सिक्कों का निर्माण करती हैं। एक रुपये का सिक्का स्टेनलेस स्टील से बनाया जाता है, जिसका वजन करीब 3.76 ग्राम, व्यास 21.93 मिमी, और मोटाई 1.45 मिमी होती है। यह सिक्का वर्षों तक उपयोग में रह सकता है, जिससे इसकी टिकाऊ प्रकृति साफ झलकती है। सरकार को हर सिक्के पर घाटा हो रहा है फिर भी इनका निर्माण जारी रखती है क्यों कि सिक्के नोटों की तुलना में काफी ज्यादा समय तक चलते हैं। जहां नोटों को कुछ सालों में बदलना पड़ता है, वहीं सिक्के दशकों तक प्रचलन में रहते हैं। यानी एक बार लागत जरूर आती है, लेकिन दीर्घकालिक रूप से यह ज्यादा किफायती और व्यवहारिक साबित होता है।

## कच्चा तेल 5,469 रुपए प्रति बैरल

**नई दिल्ली।**

हाजिर बाजार में कमजोर मांग को देखते हुए कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को कम किया, जिससे सोमवार को कच्चे तेल का वायदा भाव हल्की गिरावट लेकर 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई डिलिवरी वाले कच्चे तेल का भाव एक रुपये की गिरावट के साथ 5,469 रुपये प्रति बैरल पर आ गया, जिसमें 6,210 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदे कम करने के बाद कच्चे तेल की वायदा कीमतों पर असर पड़ा। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.54 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था, जबकि ब्रेंट क्रूड न्यूयॉर्क में मामूली रूप से 0.08 डॉलर गिरकर 66.42 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## धनिया का भाव 48 रुपए महंगा

**नई दिल्ली।**

हाजिर बाजार में मांग बढ़ने से कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को बढ़ाया जिससे सोमवार को वायदा कारोबार में धनिया की कीमत 48 रुपये बढ़कर 7,162 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। एनसीडीईएक्स में जून डिलिवरी वाले धनिया अनुबंध की कीमत 48 रुपये अथवा 0.67 प्रतिशत बढ़कर 7,162 रुपये प्रति क्विंटल हो गई, जिसमें 13,885 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में मजबूती के रुख तथा उत्पादक क्षेत्रों से सीमित आपूर्ति के कारण धनिया कीमतों में तेजी आई।

# चीन से रोक के बाद भारत अब मैग्नेट आयात के तलाश रहा वैकल्पिक स्रोत

### चीन ने सात भारी और मध्यम दुर्लभ खनिज और मैग्नेट के निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।**

चीन से आपूर्ति में व्यवधान की वजह से भारत अब मैग्नेट आयात करने के वैकल्पिक स्रोत की तलाश कर रहा है।

एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि फिलहाल कोई अस्थायी घरेलू विकल्प मौजूद नहीं होने की वजह से यह कवायद की जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर लगाए गए भारी जवाबी शुल्क के बाद चीन ने 4 अप्रैल से सात भारी और मध्यम दुर्लभ खनिज और मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इनमें सैमेरियम, गैडोलीनियम, टेरबियम, डिस्प्रोसियम, ल्यूटेटियम, स्कैनडियम और यिट्रिटियम शामिल हैं, जिनका उपयोग रक्षा, ऊर्जा और वाहन में किया जाता है।

चीनी कंपनियों को अब इनके निर्यात के लिए रक्षा लाइसेंस प्राप्त करने की जरूरत है। हालांकि, भारत ने यह आश्वासन दिया था कि इन मैग्नेट का उपयोग रक्षा विनिर्माण में नहीं होगा, बल्कि केवल वाहन विनिर्माताओं द्वारा घरेलू उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

फिर भी चीन इन मैग्नेट के संभावित सैन्य उपकरणों में प्रयोग और अमेरिका को निर्यात के बारे में चिंतित है। संभावित देशों के नाम नहीं जाहिर करते हुए अधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार इस मसले को हल करने के लिए चीन के साथ बातचीत कर रही है।

मगर इसके अलावा भी हम व्यवहार्य विकल्पों पर विचार कर हैं, क्योंकि कोई घरेलू विकल्प मौजूद नहीं है। उल्लेखनीय है कि चीन के पास दुनिया का करीब आधा दुर्लभ भंडार है, 70 फीसदी निष्कर्षण क्षमता और 90 फीसदी प्रसंस्करण क्षमता है।

## टाटा स्टील अपने यूके प्लांट में कम कार्बन उत्सर्जन वाला ईएएफ लगाएगा

### नया प्लांट रीसाइकल किए गए स्क्रैप का उपयोग करेगा

**नई दिल्ली।**

टाटा स्टील ने अपने यूके स्थित पोर्ट टालबोट प्लांट में कम कार्बन उत्सर्जन वाला इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) लगाने की योजना बनाई है। यह प्लांट जुलाई 2025 से बनना शुरू होगा और 2027 तक इसका संचालन शुरू हो जाएगा। कंपनी ने अपनी वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार यह नया प्लांट रीसाइकल किए गए स्क्रैप का उपयोग करेगा और इससे 90 फीसदी तक साइट पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती संभव होगी। सालाना 3.2 मिलियन टन कम-उत्सर्जन स्टील उत्पादन की क्षमता वाले इस प्रोजेक्ट से अगले 10 वर्षों में 50 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आने का अनुमान है। कंपनी ने बताया कि यह बदलाव लागत को काबू में रखने की रणनीति के साथ किया जा रहा है। टाटा स्टील का लक्ष्य है कि वित्त वर्ष 25 में 762 मिलियन के फिक्स्ड कॉस्ट को अगले साल 540 मिलियन तक घटा दिया जाए।

## एयरटेल ने डिजीटल धोखाधड़ी रोकने आरबीआई और एनपीसीआई को पत्र लिखा

**मुंबई।**

भारती एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए 40 बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) को पत्र लिखा है। इसमें एयरटेल ने कहा है कि उसने एक ऐसा डेटाबेस तैयार करने की योजना बनाई है, जिसमें धोखाधड़ी वाले वित्तीय डोमेन की जानकारी होगी। इसके अलावा एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षित डिजिटल कामकाज को बढ़ावा देने का प्रस्ताव भी रखा है। एयरटेल ने 15 मई को एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था, जो धोखाधड़ी वाली वेबसाइट्स को रीयल-टाइम में ब्लॉक करता है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा प्लेटफॉर्म है। इसे सबसे पहले हरियाणा में शुरू किया गया है और जल्द ही इसे पूरे भारत में लागू किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल, वेब ब्राउजर और एसएमएस जैसे कई संचार माध्यमों पर काम करता है। एयरटेल ने एनपीसीआई को पत्र लिखकर डिजिटल पेमेंट सिस्टम को और सुरक्षित बनाने के लिए साझेदारी का प्रस्ताव दिया है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुंबई।**




भारतीय शेयर बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग, फाइनेंस, एनर्जी और आई टी शेयरों में आई तेजी से बाजार उछला है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 256 अंकों की बढ़त के साथ ही 82,445.21 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई पर निफ्टी 0.40 फीसदी बढ़कर 25,103.20 पर बंद हुआ.

आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, जियो फाइनेंशियल, ट्रेंट के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन कंपनी, एमएंडएम, भारती एयरटेल के शेयर नुकसान में रहे। रियल्टी के अलावा शेष सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए. जिनमें आईटी, पीएसयू बैंक 1-1 फीसदी ऊपर रहे। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में 1-1 फीसदी की बढ़त रही। बाजार में उत्साह का माहौल आरबीआई के रेपो दर में 50 आधार अंकों और सीआरआर में 100 आधार अंकों की कटौती करने के कारण दुनिया भर के बाजारों में पड़े प्रभाव से आया है। वहीं एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.92 फीसदी की तेजी के साथ 38,088 पर और कोरिया का कोस्पी 1.55 फीसदी बढ़कर 2,855 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1.63 फीसदी की बढ़त के साथ 24,181 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.43 फीसदी की तेजी के साथ 3,399 पर बंद हुआ। ऑस्ट्रेलियाई बाजार सार्वजनिक अवकाश के कारण बंद हैं। अमेरिकी बाजारों में वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए। उम्मीद से बेहतर गैर-कृषि पेरोल डेटा ने आर्थिक मंदी की आशंकाओं को कम करने के चलते वॉल स्ट्रीट में तेजी आई। डाऊ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.05 फीसदी की वृद्धि हुई, एसएंडपी 500 में भी 1.03 फीसदी की वृद्धि हुई तथा नैस्डैक कंपोजिट में 1.20 फीसदी की तेजी आई।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। रिजर्व बैंक के रेपो रेट में 0.5 फीसदी की बड़ी कटौती और कैश रिजर्व रेश्यो घटाने के फैसले का भी बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सुबह सेंसेक्स 300 से ज्यादा अंक चढ़कर 82,574.55 अंक पर खुला। खुलते ही इसमें तेजी देखी गई। शुरुआत के बाद यह 314.82 अंक बढ़कर 82,503.81 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 25 हजार के पार खुला। सुबह शुरुआत के बाद यह 91.05 अंक की बढ़त लेकर 25,111 पर कारोबार कर रहा था।

# सोने-चांदी के भाव में गिरावट!

### सोने का भाव गिरकर 96400 रुपए, चांदी 1 लाख के पार

**नई दिल्ली।**

सप्ताह के पहले दिन सोमवार को कारोबार के शुरुआत में सोने-चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। चांदी के भाव मामूली तेजी के साथ खुलने के बाद लुढ़क गए। सोने के भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। घरेलू बाजार में सोने के भाव 96,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,05,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना-चांदी नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 176 रुपये की गिरावट के साथ 96,860 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,036 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 638 रुपये की गिरावट के साथ 96,398 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट एक रुपये की मामूली तेजी के साथ 1,05,460 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,05,459 रुपये था। इस समय यह 220 रुपये की गिरावट के साथ 1,05,239 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी के वायदा भाव तेज शुरुआत के बाद लुढ़क गए। सोने की कीमतों में भी गिरावट देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,333.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,346.60 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 27.50 डॉलर की गिरावट के साथ 3,319.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स




पर चांदी के वायदा भाव 36.16 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.13 डॉलर था। इस समय यह 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 36.11 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। खबर लिखे जाने के समय कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.26 डॉलर के भाव पर दिन के और इस साल के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए।

## चीन के निर्यात में तेजी, अमेरिका के साथ व्यापार में आई कमी

**बीजिंग।**

मई महीने में चीन के निर्यात में वृद्धि दर्शाती हुई रिपोर्ट जारी की गई है। इसके विपरीत चीन का अमेरिका को निर्यात 10 प्रतिशत कम है, जैसा कि विभागीय आंकड़ों से पता चला है। चीन के निर्यात मई महीने में पिछले साल की तुलना में 4.8 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के आयात में 3.4 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। इस समय चीन का अमेरिका को निर्यात 28.8 अरब डॉलर रहा है, जबकि चीन का अमेरिका से आयात 7.4 प्रतिशत घटकर 10.8 अरब डॉलर हुआ है। अप्रैल में वृद्धि के बाद, मई महीने में चीन के वैश्विक निर्यात में धीमी गति देखने को मिल रही है। आगामी सोमवार, ब्रिटेन में चीन और अमेरिका के बीच एक वार्ता होगी, जिसमें चीनी उप-प्रधानमंत्री हुई लेइफेंग भाग लेंगे। साथ ही अमेरिका की टीम में वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट, वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक, और व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर भी शामिल होंगे। पिछले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के नेता शी जिनपिंग के बीच एक अच्छी बातचीत हुई थी। इसे एक सकारात्मक माना गया था।

# एयरटेल ने आरबीआई, एनपीसीआई से डिजिटल पेमेंट को और सुरक्षित बनाने के लिए साझेदारी का भेजा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।**

भारती एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने 40 बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) को पत्र लिखा है।

इसमें एयरटेल ने दावा किया है कि उसने एक ऐसा डेटाबेस तैयार करने की योजना बनाई है, जिसमें धोखाधड़ी वाले वित्तीय डोमेन की जानकारी होगी। इसके अलावा, एयरटेल ने डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षित डिजिटल कामकाज को बढ़ावा देने का प्रस्ताव भी रखा है।

एयरटेल ने 15 मई को एआई आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म लॉन्च किया था, जो धोखाधड़ी वाली वेबसाइट्स को रीयल-टाइम में ब्लॉक करता है। कंपनी का दावा है कि यह दुनिया का पहला ऐसा प्लेटफॉर्म है।

इसे सबसे पहले हरियाणा में शुरू किया गया और जल्द ही इसे पूरे भारत में लागू किया जाएगा। यह प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल, वेब ब्राउजर और एसएमएस जैसे कई संचार माध्यमों पर काम करता है।

एयरटेल ने एनपीसीआई को पत्र लिखकर डिजिटल पेमेंट सिस्टम को और सुरक्षित बनाने के लिए साझेदारी का प्रस्ताव दिया है। कंपनी के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ने एनपीसीआई के सीईओ को लिखे पत्र में कहा गया है कि दोनों संस्थान मिलकर धोखाधड़ी वाले डोमेन का डेटाबेस बना सकते हैं, जिससे ऐसी वेबसाइट्स को पहले ही ब्लॉक किया जा सके। इसके साथ ही, एयरटेल ने जागरूकता अभियान और वर्कशॉप के जरिए लोगों को फिशिंग और अन्य डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने की योजना बनाई है।

आरबीआई को लिखे पत्र में केंद्रीय बैंक के मुलेहंटरएआई सिस्टम की तारीफ की, जो अवैध लेनदेन वाले खातों की पहचान करता है। उन्होंने कहा कि एयरटेल का फ्रॉड डिटेक्शन सिस्टम इस पहल को और मजबूत कर सकता है। कंपनी ने ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म्स पर धोखाधड़ी के जोखिमों को लेकर चिंता जताई और सुझाव दिया कि वित्तीय लेनदेन सुरक्षित टेलीकॉम नेटवर्क पर ही होने चाहिए। एयरटेल ने रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया को भी टेलीकॉम धोखाधड़ी रोकने के लिए संयुक्त पहल का प्रस्ताव दिया था। बता दें देश में 2024 के पहले नौ महीनों में 1.7 मिलियन साइबर अपराध की शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें 11,000 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ।

# भारतीय कंपनियों ने 2025 में अपने शेयरधारकों को दिया ज्यादा डिविडेंड

### मुनाफे में कमी के बावजूद निवेशकों में बांट दिये 5 लाख करोड़

**नई दिल्ली।**

पिछले वित्त वर्ष में आय और मुनाफा नरम रहने के बावजूद भारतीय कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को ज्यादा डिविडेंड का भुगतान किया है।

देश की प्रमुख सूचीबद्ध कंपनियों ने वित्त वर्ष 2025 में कुल 5 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड भुगतान किया, जो 2024 के मुकाबले 10.8 फीसदी अधिक है। इन कंपनियों का कुल मुनाफा भी वृद्धि करके 16 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है।

इस साल कंपनियों ने अपने शेयरधारकों को कुल 5.08 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.7 फीसदी अधिक है परंतु सालाना भुगतान अनुपात में गिरावट आईटी कंपनियों द्वारा पुनर्खरीद बंद करने के कारण हुई है। विश्लेषकों का कहना है कि इस वर्ष कंपनियां उच्च लाभांश भुगतान के माध्यम से बाजार को संतुलित रखने की कोशिश कर रही हैं। आईटी क्षेत्र में शेयर पुनर्खरीद में कमी आने के बावजूद, अन्य क्षेत्रों में कंपनियां राजस्व और मुनाफे में नरमी से समर्थन दे रही हैं।


## नई सीपीआई सीरीज में ऑनलाइन बाजार का भी होगा डेटा



**नई दिल्ली।**

संशोधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) श्रृंखला को ज्यादा प्रभावी बनाने के लिए ज्यादा बाजारों से मूल्य संबंधित आंकड़े जुटाए जाएंगे। फिलहाल देश भर में 2,300 बाजारों से इस तरह के आंकड़े जुटाए जाते हैं जिनकी संख्या बढ़ाकर 2,900 की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। यही नहीं नई सीपीआई श्रृंखला में ऑनलाइन बाजार का भी डेटा होगा। फिलहाल राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के क्षेत्रीय संचालन प्रकोष्ठ द्वारा चुने गए 1,181 गांवों और 310 शहरों-कस्बों के 1,114 बाजारों से मासिक मूल्य के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। फरवरी 2026 में पेश की जाने वाली नई श्रृंखला 25 लाख से अधिक आबादी वाले 12 शहरों के ऑनलाइन बाजारों से भी मूल्य संबंधी आंकड़े जुटाएगी। अधिकारी ने कहा कि भौतिक बाजारों की संख्या करीब 25 फीसदी बढ़ाई जा रही है, साथ ही हम 12 प्रमुख आबादी वाले शहरों में ऑनलाइन मूल्य के आंकड़े एकत्र करेंगे, जिससे हमें ई-कॉमर्स क्षेत्र में प्रचलित कीमतों का पता चलेगा। 2011 की जनगणना के अनुसार इन 12 शहर में मुंबई, दिल्ली, बेंगलूरु, हैदराबाद, अहमदाबाद, चेन्नई, कोलकाता, सूरत, पुणे, जयपुर, लखनऊ और कानपुर शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, 'हम ऑनलाइन बाजार में भारी छूट, बिक्री, ऑफर आदि के कारण होने वाले कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव को ध्यान में रखेंगे। हम इस पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

# सैमसंग जल्द लांच करेगी नया फोल्डेबल स्मार्टफोन



**नई दिल्ली।**

साउथ कोरिया की कंपनी सैमसंग बहुत जल्द अपना नया फोल्डेबल स्मार्टफोन लॉन्च करने जा रहा है। हाल ही में सैमसंग कंपनी ने एक टीजर भी जारी किया है। ताजा टीजर में दिखाया गया डिवाइस कंपनी के अब तक के फोल्डेबल फोन्स में सबसे पतला हो सकता है। माना जा रहा है कि इस अपकमिंग स्मार्टफोन का नाम गैलेक्सी झेडफोल्ड 7 अल्ट्रा होगा। सैमसंग इसे अपने बहुप्रतीक्षित गैलेक्सी अनपेक्ड इवेंट में पेश कर सकती है, जो जुलाई की शुरुआत में न्यू यॉर्क में आयोजित होने की संभावना है। इस इवेंट में गैलेक्सी झेडफोल्ड 7, झेड फलीप 7 और झेड फलीप 7 एफई को भी लॉन्च किया जा सकता है। कंपनी ने टीजर में फोन के सटीक डाइमेंशन तो नहीं बताए हैं, लेकिन यह संकेत जरूर दिया है कि इसका प्रोफाइल पहले के सभी फोल्डेबल फोनों से पतला होगा। गैलेक्सी झेड फोल्ड (5.6एमएम) और फोल्ड स्पेशल एडिशन (4.9एमएम) की तुलना में यह डिवाइस और भी ज्यादा स्लिम हो सकता है। इसके डिजाइन को लेकर यह भी कहा जा रहा है कि यह फोन पिछले साल चीन और साउथ कोरिया में लॉन्च किए गए सैमसंग डब्ल्यू25 से काफी मिलता-जुलता होगा। फोन में 8 इंच का मेन डिस्प्ले और 6.5 इंच का कवर डिस्प्ले होने की संभावना है। कैमरा सेटअप की बात करें तो इसमें 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा दिया जा सकता है। साथ ही, इसमें 16जीबी रैम और एआई-बेस्ड मल्टीटास्किंग फीचर्स जैसे वॉइस कंट्रोल भी मिल सकते हैं। कंपनी ने टीजर में इन एआई क्षमताओं को खासतौर पर हाइलाइट किया है।

# 'भारत की न्यू नार्मल पॉलिसी को दुनिया ने समझा'

## विदेश से लौटे जेडीयू सांसद ने आतंकवाद को लेकर बोला हमला





मधुबनी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद विदेश भेजे गए भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य संजय झा ने किया। वे सात सदस्यीय दल लेकर जापान, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और इंडोनेशिया गए। वहां से लौटने के बाद दैनिक जागरण से बातचीत में उन्होंने कहा कि दुनिया के तमाम देशों ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की ह्यन्यू नार्मलह्ण पालिसी को समझा है। उन्हें बताया गया कि कैसे धर्म के आधार पर अलग कर पहलगाम में नागरिकों को बेरहमी से मारा गया। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत छद्म युद्ध और परमाणु धमकी बर्दाश्त नहीं करेगा।उन्होंने कहा कि विदेशी प्रतिनिधियों को बताया गया कि पाकिस्तान के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर कैसे पहले भारत विरोधी बयान देते हैं और फिर पहलगाम में हमला होता है। जिन देशों में वे गए सभी ने भारत के पक्ष को गंभीरता से लिया। इनमें इंडोनेशिया सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस उद्देश्य से अलग-अलग देशों में भारतीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा था, वह पूरी तरह सफल है। मुस्लिम देशों के संगठन आइओसी (इस्लामिक सहयोग संगठन) के सदस्य इंडोनेशिया और मलेशिया ने भरोसा दिलाया कि भारत के पक्ष को संगठन के मंच पर रखा जाएगा। इंडोनेशिया के नेताओं ने इस पूरे प्रकरण की निंदा की। संजय झा ने बताया कि विदेश में पहलगाम हमले के सबूत से लेकर सीजफायर होने तक के सवाल किए गए। भारतीय दल ने मजबूती से तथ्यों के साथ संतुष्ट किया। सिंधु जल समझौते पर भी सवाल किए गए। साफतौर पर बताया गया कि यह संभव नहीं है कि खून और पानी एक साथ बहेगा। 1960 में किया गया यह समझौता भारत के हित में कभी नहीं रहा। सभी पांच देशों ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई और भारत के आतंकवाद के खिलाफ की गई कार्रवाई का समर्थन किया। अमेरिका में अपने देश के प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व के दौरान पाकिस्तानी विदेश मंत्री का सबूत के तौर पर सादा कागज दिखाते हुए यह कहना कि उनके पास दिखाने के लिए कोई स्लाइड नहीं है, इस पर संजय झा ने कहा कि पाकिस्तानी विदेश मंत्री जोकर हैं। वहां के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुद स्वीकार किया है कि 30 वर्षों से उसका देश डर्टी वर्क कर रहा है। वहां के सेनाध्यक्ष ने भी पहलगाम घटना से एक सप्ताह पूर्व घृणास्पद बयान दिया था। यह सभी बयान स्वत: सिद्ध करता है कि पाकिस्तान आतंकवाद को संरक्षित करता है तथा भारत में घृणा पैदा कराना चाहता है। ट्रंप के युद्ध रुकवाने को लेकर गलत बयानबाजी कर रहे राहुल राहुल गांधी का वह बयान कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कह रहे कि उन्होंने ही युद्ध रोकवाया है और प्रधानमंत्री चुप हैं। इस पर जदयू नेता ने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ को फोन कर हमला रोकने का आग्रह किया, इसके बाद सीजफायर किया गया। राहुल गांधी गलत बयानबाजी कर रहे हैं। वे देश की जनता का अपमान कर रहे हैं। राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर सवाल उठाने के सवाल पर कहा कि कांग्रेस को जनता नहीं चुन रही तो कुछ भी बोलते रहेंगे। बिहार में विधानसभा चुनाव में एनडीए में सीटों के बंटवारे व चिराग पासवान को लेकर रुख के सवाल पर कहा कि एनडीए मजबूत है।

## पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने लगाई फांसी



वैशाली। पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना काजीपुर थाना क्षेत्र के सहादरपुर गांव की है। मृतक की पहचान स्व. रामबचन पासवान के बेटे अजय पासवान(25) के रूप में हुई है। रविवार की शाम डायल 112 को सूचना मिली कि सहादरपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट हो रही है। सूचना मिलते ही पुलिस जब मौके पर पहुंची तो युवक का शव फंदे से लटका मिला। काजीपुर थाना पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के भाई शत्रुधन पासवान ने बताया कि अजय का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। रविवार को भी दोनों में नोंक-झोंक हुई थी। इसी विवाद के बाद अजय ने यह कदम उठाया। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। वह पांच भाइयों में चौथे नंबर पर था। उसके दो बेटे हैं। काजीपुर थाना के अपर थानाध्यक्ष अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 11 जोड़ी कन्याओं के हाथ कराए गए पीले

## दहेज मुक्त हुई सामूहिक शादी



शिवहर। सामूहिक विवाह के लिए 11 दुल्हों की बारात एक साथ निकली, जिसे देखने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजन समिति के लोगो ने सभी दूल्हों का माला पहनाकर स्वागत किया। द्वारचार की रस्म पूरी होने पर दूल्हों को मंडप भेजा गया। सामूहिक शादी के दौरान सभी नवदंपत्तियों को जीवन में दैनिक उपयोग के 51 वस्तुएं उपहार में दी गई।कमल छाया फाउंडेशन एवं शिवहर सेवा समिति के तत्वाधान में सामूहिक शादी समारोह प्रसाद उत्सव पैलेस में हुआ। सुबह से ही दूल्हा-दुल्हन अपने कक्ष में पहुंचने लगे। शादी को लेकर वर कन्या दोनों परिवारों में खुशी का माहौल रहा। शाम ढलते ही शहर के पछियारी पोखर स्थित रामजानकी ठाकुरबाड़ी मठ से 11 दूल्हों की बारात एक साथ निकली तो बारात की शोभा देखने को छतों पर महिलाएं बच्चों की भीड़ जमा हो गई।कुछ स्थानों पर महिलाओं ने बरातियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।आगे आगे दौड़ रहे घोड़े, एक साथ 11रथो पर सवार दुल्हे राजा डीजे, बैंड बाजे के साथ नाचते गाते, पटाखे फोड़ते युवा की टोली बारात लेकर शहर के राम जानकी मठ से निकली जो शहर के रजिस्ट्री चौक, सब्जी मंडी गेट, गांधी चौक, राजस्थान चौक, पेट्रोल पंप होते हुए जीरोमाइल चौक पहुंची। जहां पुन बारात लौटकर विभिन्न मार्गो से होते हुए विवाह स्थल प्रसाद उत्सव पैलेस पहुंचे। प्रवेश द्वार पर नथुनी चौधरी मूर्तिकार, संजय विश्वकर्मा, रौबिन राम ,योगेंद्र प्रसाद गुप्ता,राधाकांत गुप्ता उर्फ बच्चु, संतलाल साह, रामप्रवेश राम आदि आयोजन समिति के लोगों ने दूल्हों को माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद 11 दूल्हों के घरातियों ने द्वारचार की रस्म पूरी की। शादी के मंडप में ब्राम्हणों की टीम ने वैदिक मंत्रोचार के बीच शादी की रस्में पूरी की। महिलाओं की टोली ने विवाह गीत गाया।संस्था के सचिव नथुनी चौधरी मुतीर्कार ने बताया कि इस सामूहिक विवाह का मकसद दहेज प्रथा जैसी कुरितियों को समाप्त करना है। कुछ ऐसे गरीब परिवार जो अपने बेटी की शादी दहेज देकर करने में असमर्थ हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए सामाजिक संस्था आगे आते हैं।

## अन्नप्राशन समारोह में साढ़ू पर गोली चलाकर चाकू से हमला, वाराणसी रेफर



रोहतास। जिले के इंद्रपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत कटार गांव में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया। अवैध संबंध के शक में एक युवक ने अपने साढ़ू को पहले गोली मारी और फिर चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घायल अवस्था में साढ़ू को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज वाराणसी रेफर कर दिया गया है।जानकारी के मुताबिक, यह वारदात रविवार को उस वक्त घटी जब आरोपी आशीष कुमार के बच्चे का अन्नप्राशन समारोह चल रहा था। कार्यक्रम में उसका साढ़ू रितेश रंजन उर्फ सोनू कुमार भी शामिल हुआ था। रितेश, चेनारी थाना क्षेत्र के रेरिया गांव का निवासी है और फिलहाल कटार में किराए के मकान में रह रहा था। पुलिस के मुताबिक, समारोह के दौरान ही आरोपी आशीष ने रितेश को कथित रूप से आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया जिससे वह आपा खो बैठा।गुस्साए आशीष ने पहले रितेश पर पिस्तौल से गोली चलाई, जो उसके सीने में लगी। इसके बाद उसने चाकू निकालकर रितेश पर कई बार वार किए। हमले में रितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की तत्परता से रितेश को पहले डेहरी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत वाराणसी रेफर कर दिया। मामले की तह में जाने पर पता चला कि आशीष की पत्नी कुछ समय पहले एक बच्चे की मां बनी थी और तब से वह अपने मायके में रह रही थी। आशीष को शक था कि उसकी पत्नी का उसके साढ़ू रितेश रंजन के साथ अवैध संबंध है। यही शक दोनों पति-पत्नी के बीच तनाव का कारण बन गया था। इस मानसिक तनाव ने अंततः इस वीभत्स वारदात को जन्म दिया। अन्नप्राशन कार्यक्रम में अचानक हुई इस हिंसक घटना के बाद समारोह में हड़कंप मच गया। गोलियों की आवाज सुनकर मौजूद लोगों ने तुरंत आरोपी को दबोच लिया और पुलिस को सूचित किया। इंद्रपुरी थाना पुलिस व पूरक थाना बल मौके पर पहुंची और आरोपी आशीष कुमार को गिरफ्तार कर लिया। घटना में प्रयुक्त पिस्तौल और चाकू भी बरामद कर लिए गए हैं। घटना के बाद डेहरी के एएसपी कोटा किरण कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपी आशीष के बयान और अन्य गवाहों के आधार पर पूरे घटनाक्रम को समझने की कोशिश की जा रही है। घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उसके बयान के बाद कई अहम खुलासे होने की संभावना है।

## फिर से झुलसाने लगी गर्मी, सात जिलों का पारा पहुंचा 40 डिग्री पार



पटना। मगध, शाहाबाद, तिरहुत, अंग, मिथिलांचल और सीमांचल क्षेत्र में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। तेज धूप ने पटना समेत कई जिलों में पारा को 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा दिया है। मौसम विभाग ने अनुसार, कोसी-सीमांचल के एक या दो स्थानों को छोड़कर पूरे बिहार में बारिश के आसार नहीं है। उत्तर-पश्चिम, उत्तर मध्य, दक्षिण पश्चिम और दक्षिण मध्य बिहार में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, बिहार में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जिसमें कई जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया है। अगले 24 से 48 घंटे तक बिहार के मध्य और पश्चिमी भागों में अगर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है। इसके बाद तापमान में गिरावट का पूवार्नुमान है।मौसम विभाग ने सोमवार को सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया, कटिहार के एक या दो स्थानों पर बारिश और बज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 10 जून से गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। मंगलवार को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, शिवहर, सुपौल, अररिया, किशनगंज में बारिश के आसार हैं। वहीं 11 जून से 15 जून तक पूरे बिहार में एक या दो स्थानों पर पर बारिश के आसार हैं। पिछले 24 घंटे में रोहतास और गोपालगंज में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं औरंगाबाद में 40.5 डिग्री सेल्सियस, भोजपुर में 40.4 डिग्री सेल्सियस, और गया तथा बिक्रमगंज में 40.2डिग्री सेल्सियस रहा। पटना में भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## ड्रोन की मदद से गंगा किनारे ध्वस्त की गई शराब की भट्ठियां



वैशाली। राज्य में शराबबंदी के बावजूद अवैध शराब निर्माण का धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। ऐसे ही एक बड़े गिरोह के खिलाफ वैशाली जिला के उत्पाद विभाग ने रविवार को बड़ी कार्रवाई की। उत्पाद अधीक्षक भूपेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में सुकुमारपुर दियारा इलाके में गंगा नदी के किनारे संचालित नौ अवैध देशी शराब की भट्ठियों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इस कार्रवाई में उत्पाद विभाग की एएलटीएफ टीम और स्थानीय पुलिस थाना की भी अहम भूमिका रही। खास बात यह रही कि इस पूरे अभियान में ड्रोन की मदद ली गई, जिससे शराब भट्ठियों की सटीक पहचान कर उन तक पहुंचा जा सका।अभियान के दौरान पुलिस ने करीब 20,200 लीटर कच्चा जावा नष्ट किया, जिसका उपयोग अवैध देशी शराब बनाने में होता है। इसके साथ ही लगभग 510 लीटर तैयार देसी शराब को जब्त किया गया। मौके पर मौजूद शराब बनाने वाले उपकरणों को भी आग के हवाले कर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने 64 प्लास्टिक ड्रम, 37 टीन के ड्रम और आठ अन्य उपकरण जब्त किए। हालांकि तस्कर पुलिस की मौजूदगी से पहले ही फरार हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तस्करों की पहचान कर जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उत्पाद विभाग को पहले से गुप्त सूचना मिली थी कि सुकुमारपुर दियारा इलाके में गंगा किनारे अवैध शराब भट्ठियों का संचालन हो रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इलाके की ड्रोन से निगरानी की और फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए वहां मौजूद नौ भट्ठियों को नष्ट कर दिया। हाजीपुर उत्पाद थाना अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह और सुरेश प्रसाद चौधरी ने बताया कि यह इलाका दियारा क्षेत्र में आता है, जहां घने जंगल और झाड़ियों का फायदा उठाकर शराब माफिया लंबे समय से सक्रिय हैं। इस कार्रवाई से यह भी उजागर हुआ कि दियारा क्षेत्र, विशेषकर बिदुपुर थाना के जमींदारी घाट, राघोपुर अंचल के रुस्तमपुर, मीरमपुर, गोरीहारी, जुड़ावनपुर, लिटियाही, कर्मोपुर जैसे क्षेत्रों में सैकड़ों देशी शराब की भट्ठियां अवैध रूप से संचालित हो रही हैं। ये सभी इलाके गंगा और उसके सहायक नदियों के किनारे हैं, जिनकी भौगोलिक बनावट शराब कारोबारियों को छिपने और उत्पादन करने का अनुकूल अवसर देती है।

## फिर से वायरल हुई बिहार की 'पैड गर्ल'



गयाजी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी गया के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने महिला संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान उनके और सोशल मीडिया पर 'पैड गर्ल' के नाम से मशहूर रिया पासवान के बीच हुई दिलचस्प बातचीत का वीडियो जमकर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान रिया पासवान ने कहा कि वह भी राहुल गांधी जैसी नेता बनना चाहती हैं। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि आप बहुत अच्छा भाषण देती हो। तब रिया ने कहा कि मैं भी सोच रही हूं कि आपकी तरह शादी न करूं, अच्छी नेता बनूं और लोगों के लिए काम करूं। रिया ने कहा कि जब मैं शक्ति अभियान में आई तो मुझे पता चला की राजनीति क्या होती है। इस दौरान कार्यक्रम संचालिका ने समय के अभाव की बात कहकर उन्हें अपनी बात बंद करने को कहा, तब राहुल गांधी ने कहा कोई बात नहीं क्या कह रही हो उसे पहले खत्म करो। इस दौरान राहुल गांधी ने रिया को उनके काम के लिए शाबासी दी। इस दौरान रिया ने राहुल गांधी से अपने फेमस होने की भी कहानी शेयर की। रिया पासवान को 2022 में तब फेमस हुईं थी, जब उन्होंने एक नौकरशाह, आईएएस अधिकारी हरजोत कौर भामरा से मुफ्त सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने के बारे में सवाल किया था। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी ने कहा कि समाज को महिलाएं चलाती हैं और जो हमारे देश का पूरा सिस्टम है। उसमें महिलाओं को जिस प्रकार जगह मिलनी चाहिए नहीं मिल पाती है। किसी भी क्षेत्र में जितनी भागीदारी महिलाओं को मिलनी चाहिए, नहीं मिल पाती है। हम चाहते हैं कि इसमें बदलाव हो। बिहार में हर क्षेत्र में महिलाएं ज्यादा-से-ज्यादा हर क्षेत्र में कार्य करें। हमने मेनिफेस्टो में लिखा है कि हर महीने बिहार की गरीब महिलाओं को ढाई हजार रुपये दें। इसके पीछे हमारी सोच है कि महिलाओं के बैंक अकाउंट में पैसा होना चाहिए। लोस चुनाव में हमारी एक योजना थी न्याय योजना। इसमें हमने कहा था कि एक लाख रुपये हम हर साल महिला के बैंक खाता में डालेंगे। लेकिन, यहां हर महीने ढाई हजार रुपए बिहार सरकार आपको देगी। आपने कहा कि आप बच्चों को पढ़ाते हो लेकिन आज हिंदुस्तान की सच्चाई है कि बच्चे डिग्री पाने के बावजूद रोजगार नहीं पाते हैं। लाखों-हजारों रुपये आपके पास से जाते हैं। हर रोज आपके जेब से जीएसटी जाता है और फायदा अडाणी-अंबानी जैसे लोगों को होता है। आपका कर्ज माफ नहीं होता है। उनका हजारों-करोड़ों का लोन माफ होता है। आपको बैंक लोन भी नहीं देता। आपको साहूकारों से लोन लेना पड़ता है। आप जीएसटी का पैसा देते हो। आप बच्चों की शिक्षा का पैसा देते हो। बीमार होने पर निजी अस्पताल में पैसा देते हो। महंगाई बढ़ रही है आपकी जेब में पैसा कम होता जा रहा है। उनकी जेब में पैसा बढ़ता जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि यह हम बदलना चाहते हैं। हमारा कहना है कि दो देश नहीं बनना चाहिए। एक अंबानी-अडाणी वाला देश और दूसरा गरीब जनता का देश। हम चाहते हैं कि एक देश हो उसमें सबकी जगह हो। शिक्षा, स्वास्थ्य में सरकार मदद करें। यह पूरा प्राइवेटाइजेशन जो हो रहा है। हम इसके खिलाफ हैं। हम चाहते हैं कि सरकारी स्कूल और अस्पताल अच्छे हो और आपके बच्चों को रोजगार मिले, महंगाई कम हो। हमारी सोच है कि महिला की जो सोच होती है। वह दूर दृष्टि की सोच होती है। महिलाएं आज की नहीं कल की सोचती हैं। महिलाओं की सोच बहुत जरुरी हैं देश के लिए। हम चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा मौका महिलाओं को मिले और कांग्रेस इसके लिए लगी हुई है। आपने मनरेगा की बात की। आपने सही बात कही कि टेक्नोलॉजी से फायदा होना चाहिए नुकसान नहीं। हमने मनरेगा दिया उसमें सरकार ने टेक्नोलॉजी ऐसी जोड़ी कि महिलाओं को और मुश्किल हो रही है। फायदा की जगह नुकसान हो रहा है।

## संक्षिप्त डायरी

### आवास योजना का लाभ देने के लिए मांगी थी रिश्वत, बीडीओ को 20 हजार घूस लेते निगरानी ने किया गिरफ्तार



वैशाली। जिला में निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। लालगंज प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को टीम ने 20 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि बीडीओ नीलम कुमार ने आवास योजना के नाम पर रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में की थी। इसी शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई हुई। इधर, बीडीओ की गिरफ्तारी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। निगरानी की टीम नीलम कुमारी को लेकर पटना रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि बीडीओ नीलम कुमार ने आवास योजना का लाभ देने के एवज में रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने रकम देने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने इसकी शिकायत निगरानी में की। निगरानी की टीम ने पहले शिकायत की जांच करवाई। मामला सही पाया गया। इसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। सोमवार को निगरानी विभाग की अलग-अलग टीम लालगंज प्रखंड में पहुंची। इसके बाद बीडीओ नीलम कुमारी के आवास और कार्यालय में जाल बिछाया। इसके बाद जैसे ही पीड़ित ने रिश्वत के नाम पर 20 हजार की रकम आरोपी बीडीओ ने अपने ड्राइवर के जरिए लिया, वैसे ही निगरानी के अधिकारियों ने उसे और उसके ड्राइवर दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद नीलम कुमारी और उसके ड्राइवर को आगे की पूछताछ के लिए पटना ले जाया गया। मामले में डीएसपी ने बताया कि बीडीओ नीलम कुमारी के खिलाफ एक आवेदन प्राप्त हुआ था, जिसमें रिश्वत मांगने की जानकारी दी गई थी। जांच के बाद मामला सही पाया गया। इसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

### 500 साल पुराने पेड़ में दिखी नाग बाबा की आकृति, ग्रामीण बोले: दैवीय कृपा, शुरू हुआ पूजा-पाठ



मुजफ्फरपुर। जिले के कांटी प्रखंड में एक पुराने पेड़ की जड़ से निकली अनोखी आकृति ने पूरे इलाके में कौतूहल का माहौल बना दिया है। कांटी स्टेशन के पास स्थित इस पेड़ में नाग बाबा जैसी आकृति उभरने के बाद से ग्रामीणों का तांता लग गया है। लोग इसे दैवीय कृपा मानते हुए पूजा-पाठ में जुट गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार यह आकृति एकदम नाग देवता जैसी प्रतीत हो रही है और यह घटना शुभ संकेत मानी जा रही है। जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और युवक दर्शन के लिए ब्रह्म स्थान पर पहुंचने लगे। लोगों का कहना है कि यह पेड़ करीब 500 वर्ष पुराना है और पूर्व में भी यहां नाग बाबा के दर्शन होने की कथाएं प्रचलित रही हैं। स्थानीय निवासी संतोष कुमार ने बताया कि यह हमारे गांव के लिए एक चमत्कार है। ऐसी आकृति कभी नहीं देखी गई। हम सभी इसे दैवीय संदेश मानते हैं और यहां पूजा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है इससे पहले कुढ़नी प्रखंड के छाजन गांव में भी एक पेड़ पर कमल के फूल जैसी आकृतियां दिखाई दी थीं, जिसके बाद वहां भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी थी। बहरहाल कांटी क्षेत्र का यह स्थान चर्चा का केंद्र बना हुआ है, जहां दिनभर ग्रामीण श्रद्धा और आस्था के साथ पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

### सिंदूरदान में कांपा दूल्हे का हाथ, दुल्हन का शादी से इनकार



कैमूर। सिंदूरदान से पहले दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। मामला भभुआ का है। चेनारी के बगाढ़ी गांव निवासी शिववचन बिंद के बेटे हीरा उर्फ पवन कुमार रविवार को कटरा गांव में बारात लेकर पहुंचे थे। बड़े ही धूमधाम से बारातियों का स्वागत हुआ। इसके बाद द्वार पूजा और बरनेत की रस्में पूरी हुई। लेकिन सिंदूर दान के समय दूल्हे का हाथ कांपने लगा। इस पर दुल्हन ने दूल्हे को पागल बताते हुए विवाह से मना कर दिया। मामला बिगड़ने पर डायल 112 को सूचना दी गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को भभुआ थाने बुलाया। थाने में काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश हुई। लेकिन लड़की और उसके परिवार वाले शादी के लिए नहीं माने। इसके बाद बारातियों को दुल्हन के बिना घर वापस लौटना पड़ा। लड़के के जीजा ने बताया कि 'शादी की सारी रस्में बहुत धूमधाम से हुईं। जयमाला से लेकर तिलक तक की रस्में हो चुकी थीं। लड़की को जेवरात भी चढ़ा दिए गए थे।' 'मंडप में शादी की रस्म चल रही थी। लेकिन जब सिंदूरदान के समय महिलाओं के शोर-गुल से लड़के का हाथ हिल गया। इतने में दुल्हन ने शादी रुकवा दी। वो कहने लगी की लड़का पागल है, मुझे इससे शादी नहीं करनी है।' 'इसके बाद वहां मौजूद परिजन और रिश्तेदारों ने काफी समझाने की कोशिश की लेकिन लड़की पक्ष नहीं माने। फोन कर जब डायल 112 को बुलाया तो वो हमें थाने ले आई। यहां पुलिस के समझाने पर भी लड़की शादी के लिए नहीं मानी। दूल्हा बिना दुल्हन के वापस लौट गया।' दूल्हे के पिता ने बताया कि 'शादी एक लाख रुपए में तय हुई थी। उन्होंने 90 हजार रुपए नगद दिए थे। इसमें से 30 हजार के गहने, 20 हजार की साड़ी और 10 हजार डीजे में खर्च किए।'



**अगर आप कॉफी लवर हैं और आइस्क्रीम खाना पसंद करते हैं, तो आप इस मजेदार कॉम्बिनेशन को ट्राई कर सकते हैं और घर पर ही कुछ चीजों की मदद से आइस्क्रीम तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको चीनी, पानी, दूध, कॉफी और क्रीम जैसी चीजों की जरूरत होगी।**

# घर पर बनाएं कैफे जैसी होममेड आइस्क्रीम, फैमिली के साथ उठाएं इसका लुत्फ

गर्मियों में आइस्क्रीम खाना भला किसे नहीं पसंद होता है। गर्मी में खुद को फ्रेश रखने के लिए ठंडी, क्रीमी और स्वादिष्ट चीज खाने के क्रेविंग बढ़ जाती है। ऐसे में हम कुछ न कुछ अपनी डाइट में ऐसा शामिल करते हैं, जिसका स्वाद लेना किसी जादू से कम नहीं होता है। लेकिन रोजाना आर्टिफिशियल फ्लेवर लेना हमारे लिए अच्छा नहीं होता है। ऐसे में आप अपने घर पर कुछ नया और अच्छा बना सकते हैं।

बता दें कि अगर आप कॉफी लवर हैं और आइस्क्रीम खाना पसंद करते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आप इस मजेदार कॉम्बिनेशन को ट्राई कर सकते हैं और घर पर ही कुछ चीजों की मदद से आइस्क्रीम तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको चीनी, पानी, दूध, कॉफी और क्रीम जैसी चीजों की जरूरत होगी। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको होममेड आइस्क्रीम की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

सामग्री

कॉफी पाउडर- 1 पैकेट या 2 चम्मच
चीनी- आधा कप
पानी- आधा कप
दूध- 1 कप
क्रीम- आधा कप
चॉकलेट चिप- आधा कप
वैनिला एसेंस- आधा कप

होममेड आइसक्रीम

सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार रखें। अब एक बाउल में गुनगुने पानी में कॉफी पाउडर और चीनी डालकर अच्छे से घोल लें।

फिर इन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिलाएं। वहीं दूसरे बाउल में क्रीम, दूध और बाकी का सामान डालकर अच्छे से मिलाएं। आप चाहें तो इसमें वैनिला एसेंस भी मिला सकते हैं।

इसके बाद एक चम्मच की सहायता से सभी चीजों को मिलाएं और फिर दोनों को एक साथ मिक्स कर दें। अब तैयार हुए मिश्रण को एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और ढक्कन लगाकर करीब 6-8 घंटे या फिर पूरी रात फ्रीजर में जमने के लिए रख दें।

वहीं अगर आपको ज्यादा क्रीमी टेक्सचर चाहिए, तो आपको 2-3 घंटे बाद फ्रीजर से मिक्सचर को निकालकर फिर से फेंटें और दोबारा फ्रीज करें।

जब आइस्क्रीम अच्छे से जम जाए तो स्कूप निकालें और फिर ऊपर से थोड़ा सा इंस्टेंट कॉफी पाउडर या चॉकलेट चिप्स डालकर सर्व करें।

# होंठों का रंग पड़ने लगा है काला? सुर्ख गुलाबी और मुलायम लिप्स के लिए अपना लें ये 5 आसान तरीके

कहते हैं कि होठों की खूबसूरती चेहरे की खूबसूरती बढ़ाती है और काले होंठ चेहरे की खूबसूरती कम कर देते हैं। यदि होंठ गुलाबी और मुलायम हों तो मुस्कान भी अधिक आकर्षक लगती है। लेकिन कई कारणों से होंठों का रंग काला पड़ सकता है, जैसे धूप में ज्यादा रहना, कम पानी पीना, धूम्रपान करना, ज्यादा चाय-कॉफी पीना या खराब लिप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना।

ऐसे कई लोग हैं जो अपने होठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाने के लिए बाजार में मौजूद महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करते हैं लेकिन उन्हें कोई फर्क नजर नहीं आता। अगर आप भी उन लोगों में से हैं जिन्होंने अपने काले होठों पर काफी पैसे खर्च कर दिए हैं और होठों के कालेपन में कोई सुधार नहीं हुआ है तो आइए जानते हैं ऐसे 5 टिप्स के बारे में जिन्हें अपनाकर आप प्राकृतिक गुलाबी होंठ पा सकते हैं।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा में मौजूद एलिसिन त्वचा का रंग हल्का करने में मदद करता है। रोजाना होठों पर ताजा एलोवेरा जेल लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। यह होठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह होठों को नमी प्रदान करने में भी मदद करता है।

### नींबू का रस

नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं। रोजाना रात को सोने से पहले अपने होठों पर ताजा नींबू का रस लगाएं और सुबह इसे धो लें। यह धीरे-धीरे होठों का कालापन कम कर देता है।

### शहद और चीनी

1 चम्मच शहद में 1 चम्मच चीनी मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे अपने होठों पर हल्के हाथों से रगड़ें और कुछ मिनट बाद धो लें। यह मृत कोशिकाओं को हटाता है और होंठों को मुलायम बनाता है। इसके साथ ही यह आपके होठों को प्राकृतिक रूप से गुलाबी बनाने में भी मदद करता है।



### चुकंदर का रस

चुकंदर का जूस एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और होठों को गुलाबी रंग देता है। होठों पर ताजा चुकंदर का रस लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें या रात भर के लिए छोड़ दें। इससे आपके होठों को प्राकृतिक गुलाबी रंग मिलेगा।

### हल्दी


हल्दी त्वचा का कालापन कम करने में मदद करती है। थोड़ी सी हल्दी को दूध या शहद में मिलाकर पेस्ट बना लें और होठों पर लगाएं। 5-10 मिनट बाद धो लें। नियमित उपयोग से होठों का रंग हल्का हो सकता है। इसके साथ ही आपके होंठ मुलायम भी हो जाएंगे।

धूम्रपान बिलकुल न करें।

सस्ते लिपस्टिक और लिप बाम का प्रयोग न करें।

बार-बार होठों पर जीभ न लगायें।

घर से बाहर निकलते समय न केवल चेहरे पर बल्कि होठों पर भी सनस्क्रीन लगाएं।



# कानों पर आने वाले बालों को कैसे करें साफ?

**इन घरेलू उपायों से आसानी से हो जाएंगे क्लीन**

कानों के आसपास अनचाहे बाल होना आम बात है, लेकिन ये बाल चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। आप इन अनचाहे बालों को घर पर ही देसी तरीके से हटा सकते हैं।

कानों के आस-पास कई बार अनचाहे बाल हो जाते हैं। पुरुषों में तो इस तरह की समस्याएं सामान्य तौर पर देखने को मिल ही जाती हैं, लेकिन कई बार महिलाओं में भी हार्मोनल बदलाव के कारण कानों पर बाल उगने लगते हैं, जो चेहरे की सुंदरता को कम करते हैं। वैसे तो कानों पर आने वाले बालों को हटाने के लिए मार्केट में कई तरह की क्रीम मौजूद हैं, लेकिन आप इन अनचाहे बालों को आसानी से घरेलू उपाय से भी हटा सकते हैं।

### नींबू और शहद का करें उपयोग

कानों पर आए अनचाहे बालों को आप नींबू और शहद की मदद से आप आसानी से हटा सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच नींबू का रस और दो चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे कानों के बालों पर लगाएं और 20 मिनट बाद पानी से धो लें। यह उपाय हफ्ते में 2 बार करें। इससे बाल तो कम होंगे ही, साथ ही साथ हेयर ग्रोथ भी कम हो जाएगा।

### बेसन और हल्दी का पैक

कानों पर आए बालों को हटाने के लिए आप बेसन और हल्दी के पैक का उपयोग कर सकते हैं। इसका उपयोग पुराने समय से बालों को हटाने के लिए किया जाता रहा है। इसको बनाने के लिए आप एक चम्मच बेसन, आधा चम्मच हल्दी और थोड़ा दूध मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें और इसे कानों पर लगाकर सूखने दें। कुछ समय के बाद इसको हल्के हाथों से रगड़कर हटाएं। इससे बाल कम हो जाएंगे।

### घर पर बनाएं वैक्स

बालों को हटाने के लिए आप घर पर ही एक हेयर रिमूवल वैक्स भी तैयार कर सकते हैं। इसको बनाने के लिए आप शक्कर, नींबू का रस और पानी को मिलाकर गर्म करें और एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे कान के बालों पर लगाएं और एक साफ कपड़े से इसको हटा लें।



# बच्चों को हेल्दी और फिट रखने के लिए उनकी डाइट का रखें खास ख्याल, अपनाएं ये टिप्स

**हर पेरेंट्स चाहते हैं कि उनका बच्चा फिट और हेल्दी रहे ताकि उसको ग्रोथ अच्छे से हो सके. लेकिन बच्चों को हेल्दी रखना किसी टॉस्क से कम नही है. खासतौर से जब बात आती है खानपान की तो बच्चों को हेल्दी खाना अमूमन पसंद नही आता है. हरी सब्जियां और दाल जैसी चीजें जो पोषक तत्वों से भरपूर होती है बच्चे उनको खाने में मुंह बनाते हैं. अनहेल्दी खाने की चीजों जैसे की जंक फूड और पैकेज्ड फूड की तरफ उनका रूझान ज्यादा रहता है. यह चीजें सही ग्रोथ और शरीर मजबूत बनाने से रोक सकती हैं. ऐसे में बच्चों की खास देखभाल करने की जरूरत होती है, जिसमें डाइट और लाइफस्टाइल पर ध्यान देना जरूरी है. आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंग जो आपके बच्चों को हेल्दी रखने में मदद कर सकते हैं.**

### हेल्दी ब्रेकफास्ट

बच्चे के ब्रेकफास्ट में हमेशा हेल्दी चीजों को ही शामिल करें. अमूमन घरों में नाश्ते में ब्रेड-बटर या फिर रेडी टू ईट चीजों का सेवन किया जाता है. जिससे बच्चों से सही से पोषण नहीं मिल पाता है. ऐसे में आप उनके लिए घर में ही हेल्दी चीजें बनाएं. आप उन्हें नाश्ते में इडली, डोसा, उपमा या पोहा उन्हें दे सकते हैं.

### घर में बनाएं स्प्रेड

अगर आपके बच्चे को चॉकलेट स्प्रेड, जैम और केचप खाना पसंद है तो इन चीजों को बाजार से खरीदने की बजाय घर पर ही बनाने की कोशिश करें. क्योंकि बाहर मिलने वाली चीजों में प्रिजर्वेटिव होते हैं जो सेहत के लिए अच्छे नहीं पाए जाते.

### पैकेज्ड फूड

पैकेज्ड फूड्स चिप्स, कुकीज जैसी चीजों का सेवन सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए आप इन चीजों से बच्चों को बचाएं और घर पर बनी चीजों को ही उन्हें खाने के लिए दें.

### फल

अपने बच्चे की डाइट में फलों को जरूर शामिल करें. एक दिन में कम से कम उनकी डाइट में 1 सीजनल फ्रूट जरूर शामिल करें.

### पैकेज्ड जूस

पैकेज्ड जूस में केवल प्रिजर्वेटिव और चीनी होती है. इनका सेवन करने से बच्चे बीमार भी हो सकते हैं. इसलिए इनकी जगह ताजे फलों का जूस, नींबू पानी, नारियल पानी देना शुरू करें.

### हरी सब्जियां

अपने बच्चे की डाइट में सीजनल सब्जियां और हरी सब्जियां जरूर शामिल करें. अगर वो इनको देखकर मुंह बनाते हैं तो आप क्रिएटिव तरीके से उनकी डाइट में हरी सब्जियों को शामिल करें.

# मैं 22 वर्ष की उम्र से कप्तानी कर रहा हूं, मुझे इसमें मजा आता है : श्रेयस अय्यर

मुंबई (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स को पिछले साल आईपीएल खिताब दिलाने के बाद इस साल पंजाब किंग्स को फाइनल में ले जाने वाले भारत के स्टार क्रिकेटर श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें कप्तानी पसंद है क्योंकि इससे वह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पाते हैं। अय्यर ने पंजाब किंग्स को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए 604 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिये भारतीय टीम में जगह नहीं बना सके।

अय्यर ने सोबो मुंबई फाल्कंस को टी20 मुंबई लीग सेमीफाइनल में पहुंचाने के बाद कहा, 'कप्तानी से काफी परिपक्वता और जिम्मेदारी आती है। आपसे हमेशा अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाती है और आप टीम के लिये सर्वश्रेष्ठ योगदान देना चाहते हैं। किसी भी तरह की विषम परिस्थिति या प्रतिकूलता में टीम कप्तान के ही पास आती है।' उन्होंने कहा, 'मैं 22 वर्ष की उम्र से कप्तानी कर रहा हूं। मुझे इसमें मजा आता है।'

अय्यर ने कहा कि दबाव वाले हालात को वह चुनौती की तरह लेते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, 'मैं अपने जोन में जाने की कोशिश करता हूं। मैं प्रयास करता हूं कि पूरा फोकस रहे, वर्तमान में रहूं और हालात को देखकर प्रदर्शन करूं। मैं खुद से कहता रहता हूं कि मैं चाहता हूं कि दर्शकों की जुबां पर मेरा नाम हो और इससे मुझे प्रेरणा मिलती है।'

अय्यर ने कहा कि इस टूर्नामेंट में जाने पहचाने चेहरों के साथ खेलकर अच्छा लग रहा है जो उनके बचपन के दिनों के क्रिकेट के सफर में उनके साथ थे। उन्होंने कहा, 'ड्रेसिंग रूम में कई जाने पहचाने चेहरे हैं। मैंने क्लब क्रिकेट में, स्कूल और कॉलेज में उनके साथ खेला है। फिर यहां उनके साथ खेलकर अच्छा लग रहा है।'



# रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष 10 में स्थान हासिल करने वाली पहली भारतीय बनीं 10 साल की अतीका



ट्रिनेच (चेक गणराज्य) (एजेंसी)। भारत की 10 वर्षीय रेसर अतीका मीर ने रोटैक्स यूरो ट्रॉफी में शीर्ष-10 में जगह बनाकर एक और उपलब्धि अपने नाम की। रोटैक्स यूरो ट्रॉफी एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय कार्टिंग सीरीज है। अक्सेल जीपी समर्थित अतीका ने सप्ताहांत में स्टील रिंग सर्किट में आयोजित रोटैक्स यूरो ट्रॉफी के दूसरे चरण में नौवां स्थान हासिल किया।

फॉर्मूला वन से वित्तीय और तकनीकी सहायता पाने वाली पहली भारतीय अतीका क्वालीफाइंग में शानदार प्रदर्शन कर अपने ग्रुप में सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें हालांकि दो बंपर पेनाल्टी मिली लेकिन वह इसके बावजूद वह तीन हिट्स के बाद 10वें स्थान पर रहीं। भारत के पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर नारायण कार्तिकेय से प्रशिक्षण लेने वाली अतीका ने रविवार को फाइनल से पहले बारिश के कारण मुश्किल परिस्थितियों में अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। फाइनल में 10वें स्थान से शुरुआत करने वाली अतीका एक समय 14वें स्थान पर फिसल गयी थी लेकिन उन्होंने अच्छी वापसी करते हुए रेस को नौवें पायदान के साथ खत्म किया।

अतीका ने कहा, 'मेरे लिए वह एक अद्भुत सप्ताहांत था। मैंने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्राइवरों के साथ ड्राइविंग करके बहुत कुछ सीखा। सूखे मौसम में मेरी गति बहुत अच्छी थी और मैंने बारिश के बाद मुश्किल स्थिति में भी अच्छी प्रगति की।'

# शेफर्ड और होल्डर ने आदिल ने एक ही ओवर में बनाये 31 रन



## -इंग्लैंड के दूसरे सबसे महंगे गेंदबाज बने

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच को चार विकेट से जीत लिया। वेस्टइंडीज ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 196 रन बनाये। इसे बाद इंग्लैंड ने ये लक्ष्य छह विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इंग्लैंड के लिए इस मैच में ल्यूक वुड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए। वहीं आदिल राशिद बेहद महंगे साबित हुए। राशिद ने एक ही ओवर में 31 रन दे दिये। यह टी-20 में किसी भी इंग्लैंड के गेंदबाज द्वारा किया गया दूसरा सबसे महंगा ओवर बन गया, इससे पहले 2007 टी20 विश्व कप के दौरान स्टुअर्ट ब्रॉड के ओवर में युवराज सिंह से छह छक्के लगाकर 36 रन बनाये थे।

राशिद ने पारी का 19 ओवर जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड को किया। उनके ओवर की पहली ही गेंद पर होल्डर ने छक्का लगा दिया। इसके बाद दूसरी गेंद पर भी छह रन गये। वहीं तीसरी गेंद पर लॉन्ग-ऑन पर छक्का लगा। चौथी गेंद पर होल्डर ने एक रन बनाया। इसके बाद शेफर्ड ने पांचवीं गेंद और छठी गेंद पर छक्का लगाकर ओवर समाप्त किया।

इस मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी की। एविन लुईस जल्दी आउट हो गए पर शाई होप और जॉनसन चार्ल्स ने 90 रन बनाकर पारी संभाली। होप 49 रन बनाकर आउट हुए। रोवमैन पॉवेल और जेसन होल्डर ने वेस्टइंडीज को 20 ओवर में छह विकेट पर 196 रनों तक पहुंचा दिया। इंग्लैंड की ओर से टॉम बैंटन ने 30 रन और जैकब बेथेल ने 26 रन बनाये। दूसरे मैच जीतने के साथ ही इंग्लैंड को तीन मैच की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है।

# इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को चार विकेट से हराया



ब्रिस्टल, (एजेंसी)। जॉस बटलर (47), कप्तान हैरी ब्रूक (34) और टॉम बैंटन (नाबाद 30) रनों की शानदार पारियों की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को नौ गेंदे शेष रहते चार विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत भी खबरा रही और उसने जेमी स्मिथ (चार) के रूप में अपना पहला विकेट गवां दिया। इसके बाद बेन डकेट और जॉस बटलर ने पारी को संभालने का प्रयास किया। बेन डकेट 18 गेंदों में (30) रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैंड का तीसरा विकेट जॉस बटलर के रूप में गिरा। बटलर ने 36 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (47) रन बनाये। कप्तान हैरी ब्रूक ने 20 गेंदों में (34), जेकब बेथेल ने 10 गेंदों में (26), विल जैक्स (11) रन बनाकर आउट हुये। टॉम बैंटन ने 11 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 30) रनों की पारी खेली। ब्राइडन कार्स (छह) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में छह विकेट पर 199 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिये। रॉस्टन चेज,अकील हुसैन, जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।


इससे पहले आज यहां इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज एविन लुइस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान साई होप ने जॉनसन चार्ल्स के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 89 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में आदिल रशीद ने साई होप 38 गेंदों में (49) रन को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। शरफेन रदरफोर्ड (छह) रन बनाकर आउट हुये। वेस्टइंडीज का तीसरा विकेट जॉनसन चार्ल्स 39 गेंदों में (47) रन के रूप में गिरा। रोवमन पॉवेल 15 गेंदों में (34) और रोमारियो शेफर्ड (19) रन बनाकर आउट हुये। जेसन होल्डर ने नौ गेंदों में (नाबाद 19) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 196 रनों का स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड की ओर से ल्यूक वुड ने दो विकेट लिये। ब्राइडन कार्स, जेकब बेथेल और आदिल रशीद ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत-इंग्लैंड सीरीज में बन सकते हैं नये रिकार्ड

मुम्बई। भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट सीरीज में कई नये रिकार्ड बन सकते हैं। इस सीरीज में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड में 50 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं। इसके लिए उन्हें 13 विकेट चाहिये। वहीं इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को भारत के खिलाफ 3000 रन बनाने के लिए केवल 154 रनों की जरुरत है। ये रन बनाते ही वह भारत के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे। इंग्लैंड की धरती पर सबसे अधिक 7 शतक सचिन तेंदुलकर के नाम है। उनकी सबसे यादगार पारियों में 1990 में मैनचेस्टर में 119 रन की नाबाद पारी थी। यह वो पारी थी, जिसने सभी हैरान हो गये थे। उनके साल 2002 में लीड्स में बनाए 193 रनों की पारी को भी कौन भूल सकता है। तेंदुलकर के बाद इंग्लैंड में सबसे अधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज राहुल द्रविड़ और सुनील गावस्कर हैं। द्रविड़ और गावस्कर ने इंग्लैंड में 6-6 टेस्ट शतक लगाये हैं। वहीं विराट कोहली के नाम इंग्लैंड में 2 टेस्ट शतक हैं। विराट ने पहला शतक 2018 में नॉटिंघम में बनाया था जबकि दूसरा शतक 2018 में एजबेस्टन में लगाया था। वहीं रोहित शर्मा ने इंग्लैंड में केवल एक टेस्ट शतक लगाया है।





# डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए बेहद उत्साहित है स्टीव स्मिथ



सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने खुलासा किया है कि वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेलने के लिए बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि दो महीने तक उन्होंने न्यूयॉर्क में छुट्टियां बिताईं और इस दौरान उन्होंने एक बार भी बल्ला हाथ में नहीं लिया। स्मिथ ने कहा कि आमतौर पर वह घर में एक बल्ला रखते हैं और कभी-कभी शैडो बैटिंग भी कर लेते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने पूरी तरह क्रिकेट से ब्रेक लेने का निर्णय लिया। स्मिथ ने बताया, मैंने यहां (डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी के कैंप में) आने से पहले एक बार भी बल्ला नहीं छुआ। पहली बार बैट पकड़ना वाकई में अच्छा लगा। आमतौर पर यह थोड़ा अजीब लगता है, लेकिन मैं जल्दी लय में लौट आया। दोनों अभ्यास सत्र शानदार रहे और सब कुछ अपने आप क्लिक करता चला गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए स्मिथ अब पूरी तरह तैयार हैं और उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। उन्होंने यह भी बताया कि वे शारीरिक रूप से पहले से बेहतर स्थिति में हैं। स्मिथ ने कहा, मैं 2014 के बाद पहली बार खुद को इतना फिट महसूस कर रहा हूं। मेरे कूल्हे एकदम ठीक हैं, मैं बेहतर तरीके से झुक सकता हूं, जो स्लिप में फील्डिंग करते समय मदद करेगा। यह शायद मेरी अब तक की सबसे अच्छी शारीरिक स्थिति है। स्मिथ के इस बयान से यह साफ है कि उन्होंने न सिर्फ मानसिक रूप से खुद को तरोताजा किया है, बल्कि शारीरिक रूप से भी खुद को नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मैदान पर वापसी के साथ वे अपनी बल्लेबाजी से क्या कमाल दिखाते हैं। मालूम हो कि स्मिथ काफी समय से क्रिकेट से दूर थे और इस दौरान उन्होंने जानबूझकर बल्ला तक नहीं उठाया। चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के सेमीफाइनल से बाहर होने के बाद स्मिथ ने वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी और इसके बाद से वे पूरी तरह क्रिकेट से दूर रहे।

# ऋषभ और वेंकटेश ही नहीं, नटराज भी मोटी रकम मिलने के बाद फ्लाप रहे

नई दिल्ली। आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर खराब प्रदर्शन के लिए सबसे निशाने पर रहे हैं। इसका कारण है कि करोड़ों की राशि मिलने के बाद भी ये रन नहीं बना पाये। वहीं एक खिलाड़ी ऐसा है जिसपर किसी का ध्यान नहीं गया क्योंकि उसने केवल 3 ओवर फेंके हैं और उसे करीब 11 करोड़ मिले हैं। इसके बाद भी वह आलोचना से बचा हुआ है। ये खिलाड़ी तेज गेंदबाज टी नटराज है। ऋषभ आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, जिन्हें लखनऊ सुपर जायंट्स से 27 करोड़ मिले। वहीं, वेंकटेश अय्यर इस लीग के इतिहास के चौथे सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी थे। उनको कोलकाता नाइट राइडर्स ने 23 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा था। ऋषभने 14 मैचों में 269 रन बनाए और वेंकटेश अय्यर ने 11 मैचों की 7 पारियों में 142 रन बना सके। वहीं नटराजन को दिल्ली कैपिटल्स ने 10.75 करोड़ रुपये में नीलामी में खरीदा था पर इस गेंदबाज को केवल दो मैचों में खेलने का ही अवसर मिला। इनमें से भी एक मैच में गेंदबाजी की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि मैच बारिश में धुल गया था। एक मैच में गेंदबाजी आई, जिसमें अपने कोटे के चार ओवरों में से सिर्फ 3 ओवर किए और 49 रन दिए। इसमें भी उसे कोई विकेट भी नहीं मिला। इस तरह नटराज दिल्ली कैपिटल्स के सबसे महंगे गेंदबाज रहे।



# पुर्तगाल बना नेशंस लीग चैंपियन, स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में हराया



म्यूनिख (एजेंसी)। पुर्तगाल ने नेशंस लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले के 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी शूटआउट में स्पेन को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पुर्तगाल ने दो बार पिछड़ने के बाद मैच के वापसी करते हुए स्कोर को 2-2 से बराबर किया जिसके बाद यह मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंच गया। अतिरिक्त समय में दोनों टीमें गोल करने में नाकाम रही।

पेनल्टी शूट में शुरुआती तीन गोल के बाद दोनों टीमें बराबरी पर थी लेकिन पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने स्पेन के लिए अल्वारो मोराटा की चौथी पेनल्टी बचाई, फिर रुबेन नेवेस ने अपनी टीम की पांचवीं पेनल्टी को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी। मोराटा एकमात्र खिलाड़ी था स्पॉट किक से गोल करने से चूक गए। अपने प्रयास के विफल होने के बाद वह भावनाओं पर काबू नहीं रख सकें और उनकी आंखें नम हो गईं।

रोनाल्डो ने नियमित समय के 61वें मिनट में अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए करियर का 138वां अंतरराष्ट्रीय गोल करके पुर्तगाल को मुकाबले में बराबरी दिलाई। इससे पहले माइकल ओयारजाबल ने स्पेन को मध्यांतर से पहले तक बढ़त दिला दी थी। ओयारजाबल ने 45वें मिनट में पेड्री के बनाये मौके पर गोलकीपर कोस्टा को छकाते हुए स्पेन को मैच में दूसरी बार बढ़त दिलाई थी।

यूरोपीय चैंपियन स्पेन के आक्रमण में वह सामंजस्य और प्रवाह नहीं दिखा जो उसने बृहस्पतिवार को फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में 5-4 की जीत में दिखाया था। मैच के 21 में मिनट में टीम को किस्मत का साथ मिला जब युवा लामिने यामल के क्रॉस से निपटने में पुर्तगाल की रक्षापंक्ति नाकाम रही और मार्टिन जुबिमेंडी ने उसे गोल में बदल दिया। इसके पांच मिनट के बाद ही हालांकि नूनो मेंडेस ने गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मेंडिस को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इस 22 साल के खिलाड़ी ने टीम के लिए पहला गोल करने के बाद रोनाल्डो के गोल में सहायक की भूमिका निभाई और पूरे मैच के दौरान यामल पर नियंत्रण बनाये रखने में अहम योगदान दिया। उन्होंने पेनल्टी शूटआउट में आत्मविश्वास के साथ अपने मौके को गोल में बदला। इससे पहले कप्तान काइलियान एमबाप्पे के शानदार खेल के दम पर फ्रांस ने तीसरे स्थान के मैच में जर्मनी को 2-0 से हराया। रीयाल मैड्रिड के स्ट्राइकर एमबाप्पे ने अपने करियर का 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने के साथ दूसरे गोल में सहायक की भूमिका अदा की जिससे फ्रांस ने जर्मनी को उसके घरेलू मैदान पर शिकस्त दी। मैच के शुरुआती हाफ में दबदबा बनाने के बावजूद जर्मनी की टीम गोल करने में विफल रही। ऑरेलियन चोउमेनी ने मध्यांतर से ठीक पहले क्लब टीम के साथी एमबाप्पे के लिए मौका बनाया जिसे इस दिग्गज खिलाड़ी ने गोल में बदल दिया। एमबाप्पे के बनाये मौके पर मैच के 84वें मिनट में स्थानापन्न माइकल ओलिसे ने गोल कर फ्रांस को दो गोल की बढ़त दिला दी।

# वसीम अकरम की मूर्ति को लेकर खड़ा हुआ विवाद

हैदराबाद। पाकिस्तान के हैदराबाद शहर स्थित नियाज स्टेडियम में स्थापित दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम की मूर्ति को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। हालांकि, मूर्ति का अनावरण अप्रैल 2025 में होना प्रस्तावित था, लेकिन इससे पहले ही इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं, जिसके बाद प्रशंसकों ने मूर्ति के चेहरे की बनावट पर सवाल उठाते हुए जमकर आलोचना की। मूर्ति में अकरम को उनके विशिष्ट गेंदबाजी एक्शन में दिखाया गया है, जिसमें वह 1999 के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की पाकिस्तान टीम की आधिकारिक जर्सी पहने नजर आ रहे हैं। वायरल हुई तस्वीरों में मूर्ति का चेहरा वसीम अकरम से मेल नहीं खा रहा, जिस वजह से यह इंटरनेट पर मीम्स और मजाक का विषय बन गया है। एक यूजर ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर कमेंट करते हुए लिखा कि ऐसा लगता है मानो वसीम अकरम को सिल्वेस्टर स्टेलोन के चेहरे के आधार पर गढ़ा गया हो। वहीं, एक अन्य यूजर ने अकरम की पाकिस्तान सुपर लीग के दौरान की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वे अपनी टीम के खराब प्रदर्शन से खिन्न दिख रहे हैं, और मजाक में लिखा, 卐वसीम अकरम अभी 卐 कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इस मूर्ति को अपडेट कराने की सलाह तक दे डाली। वसीम अकरम का क्रिकेट में योगदान बेहद अहम रहा है। उन्होंने 1984 से 2003 के बीच पाकिस्तान की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और अपने करियर में 414 टेस्ट और 502 वनडे विकेट चटकाए। उन्हें न केवल पाकिस्तान का बल्कि विश्व क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ बाएं हाथ का तेज गेंदबाज माना जाता है। 1992 के विश्व कप में उनकी भूमिका निर्णायक रही थी, जहां उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लेकर पाकिस्तान को पहली और अब तक की एकमात्र वनडे विश्व कप ट्रॉफी जिताने में बड़ी भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, उन्होंने 1999 में पाकिस्तान को विश्व कप फाइनल तक पहुंचाया, हालांकि वह खिताब जीतने में असफल रहे। मगर जिस मूर्ति के जरिए उनकी उपलब्धियों को सम्मानित किया जाना था, वही अब आलोचना का विषय बन गई है।



# राहुल ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरी पारी में भी अर्धशतक लगाया

नॉर्थम्प्टन। केएल राहुल ने यहां इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए की ओर से दूसरे मैच में भी शानदार बल्लेबाजी की है। पहली पारी में शतक लगाने वाले राहुल ने दूसरी पारी में भी अर्धशतक लगाया। इससे अब राहुल ने 20 जून से शुरु हो रहे पहले टेस्ट के लिए सलामी बल्लेबाजी के तौर पर अपनी दावेदारी पेश की है। राहुल ने दूसरे अनअधिकृत मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में 51 रन बनाये। राहुल ने यशस्वी के साथ पहले विकेट के लिए 11 रन की साझेदारी की जबकि कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 88 रन बनाये। वहीं ईश्वरन ने भी शानदार अर्धशतक लगाया। वहीं दूसरी पारी में करुण नायर केवल 15 रन ही बना पाये। इंडिया ए ने दिन का खेल समाप्त हो के समय तक दूसरी पारी में 4 विकेट पर 163 रन बना लिए थे। ध्रुव जुरेल 6 रन और नीतीश कुमार रेड्डी एक रन बनाकर खेल रहे थे। वहीं अभिमन्यु ईश्वरन ने 80 रन बनाये। राहुल ने पहली पारी में 168 गेंदों पर से 15 चौकों और एक छक्का लगाकर 116 रन बनाये थे। राहुल का लय हासिल करना भारतीय टीम के लिए अच्छा संकेत हैं।

# मैगनस कार्लसन नें रिकॉर्ड 7वीं बार जीता नॉर्वे शतरंज का खिताब, गुकेश रहे तीसरे स्थान पर

स्टावेंगर, नॉर्वे (एजेंसी)। साल के सबसे मजबूत सुपर ग्रांड मास्टर टूर्नामेंट नॉर्वे शतरंज का अंत बेहद नाटकीय अंदाज में हुआ जहां खिताब के दोनों प्रमुख दावेदार विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैगनस कार्लसन और डी विश्व चैम्पियन डी गुकेश को हार का सामना करना पड़ा और ऐसे में कार्लसन विजेता बनने में कामयाब रहे।

अर्जुन नें रोका कार्लसन का रथ - भारत के नंबर एक और दुनिया के नंबर 3 खिलाड़ी अर्जुन एरीगैसी सफ़ेद मोहरो से मैगनस का सामना कर रहे थे, पिछली बार वह कार्लसन से पांचवें राउंड में पराजित हो गए थे इस बार सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए पहले तो उन्होंने कार्लसन से क्लासिकल में ड्रॉ पर रोका और फिर उन्हे टाईब्रेक आर्मगेडेन में मात देते हुए जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया। इस हार के बाद भी कार्लसन को क्लासिकल का एक अंक मिला और वह 16 अंको पर पहुँच गए। ऐसे में गुकेश के पास मौका था की वह कारुआना को हराए और विजेता बन जाये।

करूआना के खिलाफ गुकेश नें काले मोहरो से इटेलिअन ओपनिंग में थोड़ा हटकर रास्ता बनाने की कोशिश की और राजा को वजीर के हिस्से में किलेबंदी करके ले गए जबकि करूआना नें राजा के हिस्से में किलेबंदी करते हुए अपने राजा को रखा और गुकेश पर हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने अपना हाथी देकर गुकेश का एक ऊंट और घोडा ले लिया, इन सबके बावजूद गुकेश नें अपना एक प्यादा तेजी से वजीर बनाने के लिए आगे बढ़ा दिया और खेल की 48वीं चाल में जब गुकेश के पास सिर्फ 7 सेकंड बाकी थे वह बड़ी गलती कर बैठे अपना हाथी मुफ्त में दे बैठे और इस तरह वह ख़िताबी दौड़ से बाहर होकर 14.5 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रहे

और कार्लसन 16 अंको के साथ विजेता जबकि करूआना 15.5 अंको के साथ दूसरे स्थान पर रहे। यूएसए के हिकारु नाकामुरा 14 अंक बनाकर चौथे, अर्जुन 13 अंक बनाकर पांचवें और चीन के वे यी 9.5 अंक बनाकर आखिरी छठे स्थान पर रहे।

## महिला वर्ग - उक्रेन की एना मुज्युचुक नें जीता खिताब, भारत को हम्पी तीसरे स्थान पर रही

महिला वर्ग में उक्रेन की एना 16.5 अंक बनाकर खिताब जीतने में सफल रही भारत की आर वैशाली नें उन्हे अंतिम दिन क्लासिकल में ड्रॉ खेलने के बाद टाईब्रेक में पराजित किया पर एना सर्वाधिक अंको के साथ पहला स्थान हासिल करने में सफल रही। हालांकि की भारत की कोनेरु हम्पी नें शानदार खेल दिखाया और विश्व चैम्पियन चीन की जु वेंजून को टाईब्रेक में हराकर 1.5 और जोड़े पर वह 15 अंको के साथ तीसरे स्थान पर रही जबकि चीन की लेई टिंगजे 16 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रही। विश्व चैम्पियन जु वेंजून 13.5 अंको के साथ चौथे, वैशाली 11 अंको के साथ पांचवें और स्पेन की सरासदात 9 अंक बनाकर आखिरी स्थान पर रही।



# सुदर्शन को तीसरे नंबर पर उतारे भारतीय टीम : क्लार्क

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज साई सुदर्शन को भारतीय टीम तीसरे नंबर पर उतारे। सुदर्शन ने आईपीएल के 18 वें सत्र में 15 मैचों में सबसे ज्यादा 759 रन बनाए हैं। इसी के बाद सुदर्शन को इंग्लैंड के लिए भारतीय टीम में जगह मिली थी। वहीं भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज में विराट कोहली की जगह पर चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए नजर आ सकते हैं। विराट ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। क्लार्क ने कहा, मेरे लिए साई सुदर्शनसुपरस्टार है मुझे लगता है कि वह टेस्ट क्रिकेट में तीसरे नंबर के लिए है। मेरे हिसाब से आने वाले समय में वह भारत के लिए टी20 और वनडे में पारी की शुरुआत करने वाला है। वह उनकी टेस्ट टीम में हैं। उन्हें इंग्लैंड में पहली बार अवसर मिला है। आईपीएल 2025 में साई सुदर्शन का प्रदर्शन शानदार रहा था। इस क्रिकेटर ने 15 मैचों में 54.21 के औसत से 759 रन बनाए थे। उन्होंने गुजरात टाइटंस के लिए सत्र में एक शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे। गुजरात की टीम प्लेऑफ में चौथे नंबर पर रही थी। क्लार्क ने कहा, मुझे लगता है कि वह टीम में सीधे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आ सकता है। मुझे लगता है कि तकनीकी रूप से वह बहुत अच्छा है, उसके पास सभी शॉट हैं और मानसिक रूप से वह तैयार है। उसने मुझे वास्तव में प्रभावित किया और वह एक अच्छा दिखने वाला खिलाड़ी भी है।



## एक नजर

### सोनाक्षी सिन्हा हुईं बीमार, कोरोना टेस्ट की रिपोर्ट निगेटिव आई

**मुंबई** : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल बॉलीवुड के सबसे चर्चित कपल्स में से एक हैं। सोनाक्षी और जहीर एक बार फिर अपनी क्यूट केमिस्ट्री को लेकर चर्चा में हैं। दोनों हमेशा अपनी निजी जिंदगी के कुछ पल सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं और इस बार भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। सोनाक्षी की तबीयत इस समय खराब चल रही है। उन्होंने कोविड-19 टेस्ट भी कराया, क्योंकि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। सौभाग्य से उनकी रिपोर्ट निगेटिव आई और उन्होंने खुद अपनी इंस्टा स्टोरी पर इस बात की जानकारी दी। इसी बीच जहीर ने इंस्टाग्राम पर सोनाक्षी का एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सोनाक्षी स्टीम लेती नजर आ रही हैं। इस पर जहीर 'घुंघट में चंदा है...' गाना गाते नजर आ रहे हैं। उनके इन स्वीट मोमेंट्स ने फैन्स का दिल जीत लिया है। जहीर ने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ये लड़की वायरल हो गई है उन्होंने इस वाक्य का इस्तेमाल डबल मीनिंग में किया। एक तो वायरल फीवर और दूसरा ये कि ये वीडियो सोशल मीडिया पर सच में वायरल हो गया है।

### नेपाल ने मानव तस्करी मामले में भारतीय दूतावास से मांगा सहयोग

**काठमांडू** : बड़े पैमाने पर हुए मानव तस्करी के मामले में नेपाल की जांच एजेंसी ने भारतीय दूतावास से सहयोग मांगा है। एजेंसी ने दूतावास को एक हजार से अधिक ऐसे भारतीय नागरिकों की सूची भेजी है, जो नेपाल के विमानस्थल का प्रयोग करके दूतावास की अनुमति के बिना विदेश भेजे गए हैं। नेपाल के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से पिछले चार महीने में 200 संदिग्ध भारतीय नागरिकों को विदेश भेजे जाने की बात जांच में सामने आई है। इनमें अधिकांश खालिस्तान समर्थक लोगों के होने की जानकारी कुछ दिन पहले ही मिली है। नेपाल में इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर मानव तस्करी होने का खुलासा होने के बाद मामले की जांच की जा रही है। पहले एंटी करप्शन ब्यूरो ने इस मामले की जांच शुरू की थी, लेकिन अब हर रोज नए-नए खुलासे होने के बाद केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) भी जांच में शामिल हो गई है। सीआईबी की जांच में पता लगा है कि करीब एक हजार से अधिक भारतीय नागरिकों को बिना दूतावास के नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट के ही यहां से उड़ान भरने की अनुमति दी गई है।

### ठाणे में चलती लोकल ट्रेन से गिरकर 6 यात्रियों की मौत

**मुंबई** : ठाणे जिले में कोपर और दिवा स्टेशनों के बीच सोमवार को सुबह लोकल ट्रेन से गिरकर छह यात्रियों की मौत हो गई है। इस हादसे में सात यात्री घायल हो गए हैं, इन सभी को कलवा स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी नीला स्वप्रिल ने बताया कि आज सुबह करीब साढ़े बजे आमने-सामने से विपरीत दिशा में जा रही दो लोकल ट्रेनों के फुटबोर्ड पर बैठे यात्री आपस में टकरा कर रेलवे पटरी के पास गिर गए। इस घटना में ८ लोगों को कोपर और दिवा के बीच रेलवे पटरी से उठाकर अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि गार्ड ने पांच घायल यात्रियों को जीआरपी को सौंपा। इन सभी का इलाज कलवा सरकारी अस्पताल में हो रहा है, लेकिन मृतकों की जानकारी अस्पताल सूत्रों ने अभी तक नहीं दी है। मुंब्रा के स्टेशन मास्टर ने पत्रकारों को बताया कि रेलवे पटरी में गिरने तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

# भारत ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल का पहला वर्ष पूरा होने पर कहा कि उनकी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बन गया है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी बन गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर सेवा के 11 वर्ष हैशटैग के साथ कई पोस्ट किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित



करना रहा है। उज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जन औषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि, इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। हमने इस दौरान पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों का जीवन आसान बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किया है। प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि सुशासन और परिवर्तन पर स्पष्ट ध्यान दिया गया। 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से संचालित भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से परिवर्तन देखे हैं। ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयासह्ण के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ पथप्रदर्शक परिवर्तन किए हैं। आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक, लोगों पर केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। आज भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है, बल्कि जलवायु कार्रवाई और डिजिटल नवाचार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक प्रमुख वैश्विक आवाज भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें अपनी सामूहिक सफलता पर गर्व है, लेकिन साथ ही, हम एक विकसित भारत के निर्माण के लिए आशा, विश्वास और नए संकल्प के साथ आगे देखते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक सरकार ने जन-केंद्रित, समावेशी और सर्वांगीण प्रगति को प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों को नमो ऐप के माध्यम से इस परिवर्तनकारी यात्रा का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि यह ऐप सरकार की उपलब्धियों को इंटरैक्टिव तरीके से प्रस्तुत करता है, जिसमें गेम, क्विज, सर्वेक्षण और अन्य प्रारूप शामिल हैं जो जानकारी देने के साथ ही लोगों को प्रेरित करते हैं।

## सिंगापुर के कंटेनर पोत में विस्फोट के बाद आग लगी, चार सदस्य लापता

एजेंसी



**नई दिल्ली** : कोलंबो बंदरगाह से मुंबई के न्हावा शेवा की ओर जा रहे सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर पोत वान हाई 503 में सोमवार सुबह कोच्चि में बेपोर के तट से 88 समुद्री मील दूर विस्फोट के बाद आग लग गई। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने चालक दल के 18 सदस्यों को बचा लिया है, जबकि 04 सदस्य लापता हैं। जहाज फिलहाल पानी में है, लेकिन आईसीजी ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। आईसीजी डोर्नियर विमान को जहाज के ऊपर निगरानी के लिए तैनात किया गया है। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि सिंगापुर के ध्वज वाला कंटेनर पोत वान हाई 503 श्रीलंका के कोलंबो बंदरगाह से 06 जून को रवाना हुआ था, जिसे 09 जून को मुंबई के न्हावा शेवा बंदरगाह पहुंचना था। इस जहाज पर कुल 22 चालक दल के सदस्यों के साथ कंटेनर कार्गो थे। कोलंबो से न्हावा शेवा की ओर जा रहे जहाज ने आज सुबह लगभग 09.30 बजे डेक के नीचे विस्फोट होने और बाद में आग लगने की सूचना दी। उस समय यह जहाज बेपोर के तट से 88 समुद्री मील दूर था। इसके बाद तत्काल भारतीय तटरक्षक के तीन जहाजों को मौके की ओर रवाना किया गया।

## डीआरआई ने मणिपुर में 55.52 करोड़ रुपये की ड्रग्स और नकदी जब्त की, पांच गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली** : मणिपुर में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई), सीमा शुल्क, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान करीब 55.52 करोड़ रुपये की ड्रग्स और नकदी जब्त की गई। इस मामले में पांच लोगों की गिरफ्तार भी हुई है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक पूर्वोत्तर क्षेत्र में तस्करी और तस्करी के खिलाफ लड़ाई जारी रखते हुए डीआरआई, सीमा शुल्क, 17 बीएन असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने 5-7 जून को मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में 'ऑपरेशन व्हाइट वेल' नामक एक विशेष अभियान




चलाया। इस दौरान करीब 55.52 करोड़ रुपये की ड्रग्स और नकदी जब्त की गई, जबकि पांच लोगों की गिरफ्तार हुई है। मंत्रालय के मुताबिक अधिकारियों की संयुक्त टीम ने इस अभियान के दौरान 54.29 करोड़ रुपये की 7,755.75 ग्राम हेरोइन और 87.57 लाख रुपये की 6,736 ग्राम अफीम जब्त की है, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय ग्रे ड्रग मार्केट में 35.63 लाख रुपये बताई गई है। इस दौरान दो बाओफेंग वॉकी-टॉकी और 1 मारुति ईको वैन जब्त की गई है। पांच लोगों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रहस्यमय है सोनम का 17 दिन तक लापता होना, छह गिरफ्तार

एजेंसी

**इंदौर** : हनीमून यात्रा के दौरान मेघालय के शिलांग में इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के बाद उनकी लापता पत्नी सोनम को 17 दिन बाद उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में एक ढाबे से हिरासत में लिया गया है। मेघालय पुलिस का दावा है कि सोनम ने ही पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर राजा की हत्या करवाई है। इस मामले में अब तक सोनम के अलावा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सोनम के पिता ने मेघालय पुलिस पर अपनी बेटी को फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में पुलिस ने इंदौर से राज कुशवाहा और विशाल चौहान को, इंदौर के पास से ही आकाश राजपूत को और बीना के बसाहरी गांव से आनंद कुर्मी को पकड़ा है। इसके अलावा यूपी के ललितपुर के



दिगवार गांव से आकाश लोधी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस इनसे पूछताछ कर रही है। इसी बीच मेघालय के डीजीपी इदाशीशा नोंग्रांग ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि पत्नी (सोनम) ने ही पेशेवर हत्यारों को सुपारी देकर राजा रघुवंशी की हत्या कराई है। इस मामले की पुष्टि मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से की है। इसी रविवार रात करीब दो बजे सोनम को भी गाजीपुर के एक ढाबे से हिरासत में ले लिया गया है। सोनम ने इस ढाबे से ही अपने भाई गोविद को फोन किया था। गोविंद ने ही मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना दी। इसके बाद गाजीपुर पुलिस ने सोनम को हिरासत में ले लिया। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सोनम गाजीपुर तक कैसे पहुंची। फिलहाल सोनम गाजीपुर पुलिस की हिरासत में है। उत्तर प्रदेश पुलिस के एडीजी का कहना है कि सोनम को मेघालय पुलिस को सौंपा जाएगा और वही उससे पूछताछ करेंगे। सोनम के पिता देवी सिंह ने इस बात को मानने से साफ इनकार कर दिया है कि उनकी बेटी ने अपने पति की हत्या कराई होगी। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी बेगुनाह है। मेघालय पुलिस ने उसे फंसाने के लिए झूठी कहानी गढ़ रही है। मेघालय पुलिस ने बिल्कुल भी सहयोग नहीं किया। सोनम किस हालत में ढाबे तक पहुंची, पता नहीं। ढाबे वाले से फोन लेकर उसने भाई को फोन किया, तभी हमें जानकारी मिली।

## एचडीएफसी बैंक के सीईओ के खिलाफ एफआईआर

### 2.05 करोड़ रुपये लेने का आरोप

एजेंसी

**नई दिल्ली** : मुंबई के लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट ने एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशिधर जगदीशन के खिलाफ वित्तीय धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई है। एचडीएफसी बैंक ने इन आरोपों को बेबुनियाद और दुर्भावनापूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया है। बैंक ने सोमवार को एक बयान में बताया है कि लीलावती कीर्तिलाल मेडिकल ट्रस्ट के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपने सीईओ के साथ खड़ा है। इस मामले में हर कानूनी रास्ता अपनाएगा। इस बीच मेहता परिवार ने एचडीएफसी बैंक में शशिधर जगदीशन को सभी भूमिकाओं से निलंबित करने की मांग की है और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी)




जैसी नियामक संस्थाओं से कार्रवाई करने का आग्रह किया है। मुंबई के प्रसिद्ध लीलावती अस्पताल की देखरेख करने वाले ट्रस्ट ने वित्तीय धोखाधड़ी का आरोप लगाया था, जिसके बाद बॉम्बे मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर एक एफआईआर दर्ज की गई थी। ट्रस्ट का दावा है कि शशिधर जगदीशन ने उनके एक पूर्व मेंबर से 2.05 करोड़ रुपये लिए, जिसका मकसद ट्रस्ट के एक मौजूदा मेंबर के पिता को परेशान करना था। एफआईआर में एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और पूर्व कर्मचारियों सहित अन्य पर ट्रस्ट से जुड़े फंड का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है।

## गैरजिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं राहुल गांधी : जेपी नड्डा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऑपरेशन सिंदूर पर की गई टिप्पणियों को लेकर राहुल गांधी पर हमला बोला है। नड्डा ने कहा कि वे (राहुल) गैरजिम्मेदाराना विपक्ष का रोल निभा रहे हैं। भगवान उनको सद्बुद्धि दें। सोमवार को मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने भारत की विदेश नीति और ऑपरेशन सिंदूर पर कांग्रेस नेता की टिप्पणियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष के उद्देश्य को समझना बहुत मुश्किल है। जब वे सर्वदलीय बैठक में जाते हैं तो कहते हैं कि वे देश के साथ खड़े हैं, लेकिन जब वे बाहर निकलते हैं तो वे सवाल उठाने




लगते हैं, ऐसे सवाल जो पूरी तरह से निराधार हैं। इसलिए वे एक गैर-जिम्मेदार विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में नड्डा ने कहा कि जितना जनसंवाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करते हैं, उतना जयराम रमेश ने जीवन में बात नहीं की होगी। कांग्रेस के चुनाव आयोग पर उठाए गए सवाल पर नड्डा ने कहा कि जब वे कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश जीतते हैं तो सब ठीक रहता है और हारते हैं तो सब खराब हो जाता है। कांग्रेस की तो यह आदत बन गई है। चार प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक ही विष? पर अलग-अलग आंकड़े ले कर आते हैं। कांग्रेस को अपने विषय में सोचना चाहिए। अपने नेतृत्व पर विचार करना चाहिए। नड्डा ने आर्थिक विकास, महिला सशक्तीकरण पहल और ऑपरेशन गंगा जैसे सफल प्रत्यावर्तन प्रयासों सहित प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सरकार के 11 साल की उपलब्धियां गिनाते हुए नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार जनता के नेतृत्व वाली सरकार है। पिछले कुछ सालों में हमने पारदर्शिता लाई है और एक दूरदर्शी, भविष्योन्मुखी प्रशासन बनाया है। इसीलिए हम विकसित भारत की बात करते हैं। यह अमृत काल है। पिछले 11 सालों ने वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। इस मौके पर नड्डा ने प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या छह हजार पार, पिछले 24 घंटों में छह कि मौत



**नई दिल्ली** : देश में तेजी से फैल रहे कोरोना ने चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय अलर्ट पर है। मंत्रालय के मुताबिक, आज 8 :00 बजे तक कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 6133 हो गई है। पिछले 24 घंटों के दौरान देश में 379 नए मरीज आए और छह मरीजों की मौत हुई है। मृतकों में दो कर्नाटक, तीन केरल और एक तमिलनाडु का व्यक्ति है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या सबसे अधिक 1950, फिर गुजरात जहां 822 से अधिक मामले रिपोर्ट किए गए हैं। इसके बाद दिल्ली, जहां 686 सक्रिय मामले रिपोर्ट किए गए है। इसका कारण कोराना के वेरिएंट एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 को बताया जा रहा है। जेएन.1 अभी भी प्रमुख स्ट्रेन बना हुआ है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने लोगों से शांत रहने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर स्वच्छता बनाए रखने की चेतावनी दी है। जिन वयस्कों को पहले से ही कोई बीमारी है उनमें वायरस का खतरा अधिक हो सकता है।

### श्रीलंका के पूर्व राज्यमंत्री दुनेश गंकंडा की उद्यमी पत्नी कुशनी नानायक्कारा गिरफ्तार

**कोलंबो** : कोलंबो केंद्रीय अपराध जांच प्रभाग ने पूर्व राज्यमंत्री दुनेश गंकंडा की पत्नी कुशनी नानायक्कारा को 700 मिलियन रुपये से अधिक के आयकर चोरी के पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया है। सीलोन टुडे अखबार की खबर के अनुसार कोलंबो मजिस्ट्रेट कोर्ट नंबर



9 में दायर केस (नंबर 495/08/20) में कहा गया है कि ग्रीन लंका ट्रैवल्स, ग्रीन सीड लंका और ग्रीन श्रीलंका शिपिंग की निदेशक और व्यवसायी नानायाकारा ने अंतदेर्शीय राजस्व विभाग की चेतावनी के बावजूद कई वर्षों तक आयकर का भुगतान नहीं किया। कोलंबो केंद्रीय अपराध जांच प्रभाग के एक प्रमुख अधिकारी के अनुसार उन्हें कई बार नोटिस भेजे गए। इनकी अनदेखी करने पर तीन बार कोर्ट ने समन भेजा। उन्होंने समन को भी नजरअंदाज किया। इसके बाद अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इस अवधि में नानायाकारा ने कम से कम चार बार विदेश यात्रा की। गिरफ्तारी में देरी होने पर मजिस्ट्रेट ने कार्यवाहक आईजीपी प्रियंता वीरसूर्या को तलब कर सवाल-जवाब किए। इसके बाद वीरसूर्या को तत्काल गिरफ्तारी का आदेश जारी किया। एसएसपी शनि अबेसेकरा के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत पूर्व राज्यमंत्री की पत्नी को नाराहेनपीटा में एक आवास से पकड़ा गया। उसने पिछले दरवाजे से भागने की भी कोशिश की। मगर परिसर को अधिकारियों ने पहले से ही घेर रखा था।

### सोनी सब के 'वीर हनुमान' में भगवान हनुमान लेते हैं प्रभु श्री राम से मिलने अयोध्या जाने का निर्णय



**मुंबई** : सोनी सब का पौराणिक शो ह्यवीर हनुमान अपनी भावनात्मक गहराई और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस शो में आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका में, सायली सालुंखे अंजनी माता के रूप में, आरव चौधरी केसरी की भूमिका में और माहिर पांधी बाली व सुग्रीव के दोहरे किरदार में नजर आ रहे हैं। अब यह शो एक ऐसे भावनात्मक मोड़ पर पहुंच रहा है, जहां भगवान हनुमान की भक्ति की अग्निपरीक्षा होने वाली है। हाल ही के एपिसोड्स में दर्शकों ने हनुमान और शनि देव (ऋषभ पंवार) के बीच महासंग्राम देखा है। आगामी एपिसोड्स में दर्शक एक बेहद भावुक और शक्ति से भरपूर मोड़ देखेंगे, जब भगवान हनुमान अपने आराध्य प्रभु श्रीराम की खोज में अयोध्या की यात्रा पर निकल पड़ते हैं। अपनी माँ अंजनी माता को हमेशा के लिए किष्किंधा छोड़ने से रोकने के उद्देश्य से वे भक्ति और प्रेम से प्रेरित होकर यह दिव्य यात्रा शुरू करते हैं। लेकिन जैसे-जैसे समय निकलता जा रहा है और भाग्य अपना रूप बदल रहा है, सवाल यह है — क्या हनुमान समय रहते प्रभु श्रीराम तक पहुँच पाएंगे? या फिर इस भक्ति मार्ग पर कोई और भी गहरा और अनदेखा मोड़ उनका इंतजार कर रहा है? शो में अंजनी माता की भूमिका निभा रही सायली सालुंखे कहती हैं, ह्लअंजनी माता का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद भावनात्मक अनुभव रहा है। एक माँ के रूप में, वह अपराधबोध और प्रेम के बीच जूझ रही हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि उनकी उपस्थिति ही किष्किंधा में अशांति का कारण है। अपने पुत्र भगवान हनुमान, से दूर होने का निर्णय न केवल पीड़ादायक है, बल्कि आत्मा को झकझोर देने वाला है। यह दृश्य एक माँ के बलिदान की गहराई को दर्शाता है — कैसे एक स्त्री अपने बच्चे की रक्षा के लिए अपने दिल को तोड़ने तक को तैयार हो जाती है। एक कलाकार के रूप में मैंने अंजनी की चुप्पी, उसकी शक्ति और उसके भीतर के तूफान को पूरी तरह महसूस किया। यह एक याद दिलाने वाला पल है कि कभी-कभी सच्चे प्रेम की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति, छोड़ देना भी होती है।

### मध्य प्रदेश के दो पत्रकारों को सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश के भिंड में रेत माफिया के खिलाफ रिपोर्टिंग करने वाले दो पत्रकारों को अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस पीके मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोनों पत्रकारों की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए कहा कि दो हफ्ते के अंदर याचिकाकर्ता हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर करें और जब तक हाई कोर्ट अग्रिम जमानत याचिका पर कोई फैसला नहीं कर लेता तब तक उन्हें मिली अंतरिम जमानत जारी रहेगी। इसके पहले जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली बेंच अग्रिम जमानत की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मध्यप्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया था। कोर्ट ने कहा था कि पहले राज्य सरकार का जवाब आ जाने दीजिए, उसके बाद हम अंतरिम राहत पर बात करेंगे। इसी मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने पत्रकार अमरकांत सिंह चौहान को दो महीने तक दिल्ली पुलिस की सुरक्षा का आदेश दिया है। पत्रकार अमरकांत सिंह चौहान एक न्यूज चैनल में भिंड के ब्यूरो चीफ हैं। उन्होंने याचिका दायर कर भिंड के एसपी असित यादव से अपने और अपने परिवार के सदस्यों से बचाने की मांग की है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**